CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 18°C

देहरादून, शुक्रवार 8 मई 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 270 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ऑपरेशन सिंदूर: कांग्रेस ने सरकार की नीतियों की आलोचना की पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्सन ट्रायल के लिए अयोग्य : WFI खेल टाइम्स



वीडियो बनाने की बजाय जान बचाना जरूरी सम्पादकीय



ट्रम्प को झटका, होर्मुज में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा नुकसान पेज 12

# सऊदी अरब का अमेरिका को एयरस्पेस देने से इन्कार

दुबई, वार्ता

**अमेरिका ने** 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया था। हालांकि एक दिन बाद ही ट्रम्प ने इसे रोकने का आदेश दिया। तब ट्रम्प ने कहा था कि पाकिस्तान के कहने पर उन्होंने यह ऑपरेशन रोका है।

हालांकि अब यह दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब की वजह से अमेरिका को यह कदम उठाना पड़ा। सऊदी अरब ने इस मिशन में शामिल अमेरिकी विमानों को अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की इजाजत देने से इन्कार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने अचानक सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का ऐलान कर दिया था। इससे खाड़ी के सहयोगी देश चौंक गए। सऊदी लीडरशिप इससे नाराज हो गया। ट्रम्प ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत भी की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। अमेरिका 2 दिन में सिर्फ 3 जहाज पार करा पाया और आखिरकार ट्रम्प को यह ऑपरेशन रोकना पड़ा।



■ क्राउन प्रिंस की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने होर्मुज से जहाजों का रेस्क्यू रोका

## ब्रिक्स के लिए भारत आ सकते हैं ईरान के विदेश मंत्री

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस महीने भारत आ सकते हैं। वे 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान चाहता है कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाए। अगर यह दौरा होता है, तो क्षेत्रीय संघर्ष शुरू होने के बाद यह अराघची की पहली भारत यात्रा होगी। मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के दौरान भी अराघची ने ब्रिक्स की भूमिका का मुद्दा उठाया था। ईरानी सरकार के मुताबिक उन्होंने कहा था कि मौजूदा हालात में ब्रिक्स जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत मई में ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है और नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी में है। ऐसे में ईरान का भारत के साथ बढ़ता संपर्क भू-राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

## नीति आयोग ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को व्यापक रूपरेखा पेश की

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए व्यापक नीतिगत रूपरेखा पेश की है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रूपरेखा' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने आज जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनावों व उपचुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटाई गई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विधानसभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुड्डुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की।

### दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, लोग चिल्लाए

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे। बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

### रिश्वत लेते CGST अफसर व कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बुधवार को सीजीएसटी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर यश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने के बदले में मेरठ के सीजीएसटी अधीक्षक संजय मीणा की ओर से 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

### म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए।

# पश्चिम बंगाल गवर्नर ने की विधानसभा भंग

## नोटिफिकेशन जारी, ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं

कोलकाता/चेन्नई, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की राजनीति से जुड़ा एक बड़ा संवैधानिक निर्णय सामने आया है। राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है।

लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है। इसी बीच कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। वहीं तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर फैसला फिलहाल अटका हुआ है। टीवीके प्रमुख विजय ने कांग्रेस के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया है, लेकिन राज्यपाल राजेंद्र ने साफ कर दिया है कि शपथ से पहले 118 विधायकों का समर्थन साबित करना होगा। दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



■ तमिलनाडु के राज्यपाल ने विजय को दूसरी बार राजभवन से वापस भेजा, 118 विधायक लाओ, तभी होगी शपथ

### कांग्रेस के समर्थन से भी बहुमत पूरा नहीं

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

## बावरिया गैंग के दो इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा (ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार सुबह पुलिस और कुख्यात बावरिया गिरोह के बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के इनामी दो डकैत मारे गए, जबकि पुलिस के दो जवान भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए बदमाशों की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू (35) निवासी भरतपुर, राजस्थान तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू (55) निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य थे और लंबे समय से डकैती, लूट तथा हत्या के प्रयास जैसी वारदातों में वांछित चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप तेंटीगांव अंडरपास के पास उस समय हुई, जब पुलिस टीम संदिग्ध बाइक सवारों की घेराबंदी कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# यूपी देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना: मुख्यमंत्री योगी

तसलीम कुरैशी

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज के निकट जनपद सहारनपुर को 2131 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए 325 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व नियुक्ति पत्र वितरित करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर अब विकास रोजगार और औद्योगिक प्रगति का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां इंडस्ट्रीयल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार मिले और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, बेहतर क्नेक्टिविटी एवं प्रस्तावित एलिवेटेड हाईवे से जनपद तस्वीर बदल जाए।



■ कहा : उप्र सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने देवबन्द से जारी होने वाले फतवों का जिक्र करते हुए मदरसों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर अब विकास की ओर अग्रसर है और भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की तस्वीर बदलती चली गई। सहारनपुर की काष्ट कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली। हाल ही में दिल्ली से बागपत, शामली, सहारनपुर होते हुए देहरादून तक जाने वाले एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।

# मैंने ममता को हराया, इसलिए हुई पीए की हत्या: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा कि इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है।

उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। पुलिस जांच में पता चला है कि हमलावरों ने रथ की गाड़ी का सात किमी तक पीछा किया था।

### हावड़ा में BJP- TMC कार्यकर्ताओं में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के कई इलाकों में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। गुरुवार को हावड़ा के शिवपुर स्थित चौराबस्ती इलाके में कथित तौर पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। नतीजे आने के बाद से ही राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खूनी खेल शुरू हो गया है। चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद शांति बहाल होने के बजाय हिंसा और राजनीतिक टकराव की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।


## चुनावों के दौरान जब्त की 1440 करोड़ की नकदी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को धारा 144 और प्रलोभन से मुक्त रखने की उसकी सतर्कता और कार्रवाई में कुल 1444 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, नशीले द्रव्य, कीमती सामान और उपहार की वस्तुएं जब्त की गई। आयोग के अनुसार इस बार जब्त धन और अन्य संदिग्ध सामान इन राज्यों में 2021 चुनावों के दौरान की गई जब्ती की तुलना में 40.14 प्रतिशत अधिक है। पिछले चुनावों में 1029.93 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ प्रतिक्रिया: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया।



## मोदी ने एक्स पर डिस्प्ले तस्वीर बदली

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। पीएम मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्‌भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।

# दिल्ली में महिलाओं-बुजुर्गों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2024 में देश में हुए क्राइम की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

रिपोर्ट बताती है कि 2024 में मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5 फीसदी कम थे। सबसे अधिक 27.2 फीसदी मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1,267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया।



■ साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 केस दर्ज

■ तमिलनाडु में 2023 की तुलना में 1.5 फीसदी कम क्राइम

# हर धार्मिक प्रथा को चुनौती गलत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है।

कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी जनहित याचिका की वैधता पर सवाल उठाए थे।



CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### सुभेंदु के निजी सहायक की हत्या की भाजपा ने की निंदा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के नेता सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की घटना की निंदा करते हुए कहा है कि आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। भाजपा ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, खूनी खेल बंद करो! बंगाल में राजनी. तिक हत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या लोकतंत्र पर सीधा हमला है। भाजपा ने कहा कि इस आतंक के खिलाफ आवाज उठाना और इसे समाप्त करना अब मजबूरी नहीं, जरुरत है। गौरतलब है कि अधिकारी के करीबी माने जाने वाले चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात मध्यमग्राम के दोहरिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार कुछ अज्ञात हमलावर मोटर साइकिलों पर आए और रथ के वाहन पर गोलीबारी कर दी।

### संजय सिंह मामले में अब 14 मई को होगी अगली पेशी

**सुलतानपुर।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से जुड़े आचार संहिता उल्लंघन मामले में सुलतानपुर दीवानी न्यायालय स्थित की एमपी-एमएलए कोर्ट में गुरुवार को मामले के विवेचक के उपस्थित न होने के कारण सुनवाई टल गई। अगली पेशी के लिए न्यायालय ने 14 मई की तारीख नियत की है। आप नेता संजय सिंह के अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि यह मुकदमा बंधुआ कला थाने में दर्ज किया गया था और इसका ट्रायल कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मामले में लगभग सभी साक्ष्य पूरे हो चुके हैं। गुरुवार को विवेचक की गवाही होनी थी।

### सीएम योगी ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत की

# सही आंकड़े ही समग्र विकास का आधार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना नहीं, बल्कि समग्र, समावेशी और सुनियोजित विकास का मजबूत आधार है।

मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आज का दौर डेटा आधारित निर्णयों का है और

■ सफल संचालन के लिए 5.47 लाख कर्मचारियों की तैनाती

जनगणना से प्राप्त सटीक आंकड़े आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही जनगणना से यह सुनिश्चित होगा कि विकास की धारा में समाज का अंतिम व्यक्ति भी समान रूप से सहभागी बन सके। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देश में पहली बार डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा।

### सहारनपुर की पहचान फतवों से नहीं, विकास कार्यों से

**सहारनपुर।** सहारनपुर के देवबंद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों का जिक्र करते हुए कहा कि बंगाल में पहली बार बीजेपी ने सरकार बनाकर उन राजनीतिक विश्लेषकों और दलों को आईना दिखाया है, जो समाज को बांटने की राजनीति करते रहे हैं। सीएम ने कहा कि आज का भारत विकास, सुरक्षा और राष्ट्रवाद की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है और उत्तर प्रदेश उसकी सबसे बड़ी मिसाल बन चुका है। उन्होंने दारुल उलूम से जारी होने वाले फतवों को लेकर कहा कि सहारनपुर की पहचान पहले फतवों से हुआ करती थी, लेकिन अब विकास कार्यों से हो रही है। उन्होंने कहा कि यह जीत साबित करती है कि अगर जनप्रतिनिधि जनता के बीच सक्रिय रहें, तो सरकार दोबारा बनती है, लेकिन जो दल देश और समाज को धोखा देते हैं जनता उन्हें खत्म करने में देर नहीं लगाती। सीएम ने कहा कि जाति के नाम पर राजनीति करने वालों के लिए बंगाल का जनादेश एक संदेश है। कहा कि 2016 में यह इलाका दंगों के कारण बदनाम हुआ था और एक समय सहारनपुर अपनी पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन अब विभाजनकारी मंसूबों को खत्म करने का समय है। योगी ने कहा कि समाज के विभाजन की राजनीति करने वाले दल देश और भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं और जनता अब ऐसे राजनीतिक दलों को जवाब देने लगी है। देवबंद में सीएम ने कहा कि विकास का विकल्प नहीं है, हमें बंटना नहीं है, विभाजित नहीं होना है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले, फतवे की संस्कृति पर विश्वास करने वाले अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए जाति का सहारा लेते हैं, जो लोग जाति के नाम पर राजनीति करते हैं, उनके लिए आईना है बंगाल।

# यूपी-बिहार में होगी झमाझम बारिश

नई दिल्ली, वार्ता



मौसम विभाग ने 7 मई से 12 मई के बीच देश के कई राज्यों के लिए चेतावनी जारी की है। उत्तर, पूर्व और दक्षिण भारत में बदलते मौसम के कारण आंधी-तफ़ान, भारी बारिश और तेज हवाएं चलने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

आईएमडी के अनुसार आने वाले दिनों में कम से कम 13 राज्यों में मौसम खराब रहने की आशंका है। उत्तर-पश्चिम भारत में आंधी और तेज हवाएं चल सकती हैं, जबकि दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली कड़कने के साथ भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और आंधी आ सकती है। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार इससे भी ज्यादा होने की संभावना है। वहीं केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी में भारी बारिश और गरज के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। असम और मेघालय में भी भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में मौसम विभाग ने गुरुवार को खासकर दोपहर और शाम के समय हल्की आंधी और बिजली कड़कने का अनुमान जताया है। उत्तर, दक्षिण, पश्चिम दिल्ली, शाहदरा और नई दिल्ली जैसे इलाकों में बादल छाए रह सकते हैं और कहीं-कहीं धूल भरी आंधी चल सकती है। दिल्ली से सटे शहरों जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भी हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह राहत बस कुछ समय के लिए है। इसके बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होगी। वीकेंड (शनिवार-रविवार) तक दिल्ली का पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है।

### दस से तेरह मई तक का मौसम

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि 10 मई से एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करेगा। 10 मई की रात से जम्मू-कश्मीर में हल्की बारिश शुरू हो सकती है। इसके बाद 11 से 13 मई के बीच बारिश का यह सिलसिला जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों और राजस्थान तक फैल जाएगा। इस दौरान 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए उत्तर प्रदेश के कम से कम 40 जिलों में भारी बारिश और गरज के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ, बरेली, आगरा, अयोध्या, गोरखपुर, सीतापुर, बहराइच, बलिया और गाजीपुर सहित कई जिलों में बारिश, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलने की संभावना है। बिहार के पटना और गया जैसे शहरों में आने वाले दिनों में तेज हवाएं चलने और ओले गिरने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि हाल ही में राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में बारिश लाने वाला पश्चिमी विक्षोभ अब कमजोर होकर पूर्व की ओर बढ़ गया है, जिससे उत्तर-पश्चिम भारत में मौसम फिलहाल थोड़ा शांत है।

# सरकार ने 40 से अधिक उम्र के श्रमिकों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच योजना शुरू की

नई दिल्ली, वार्ता

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने 40 वर्ष और उससे अधिक उम्र के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी वार्षिक स्वास्थ्य जांच पहल का शुभारंभ करते हुए कहा है कि सरकार श्रमिकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डा. मांडविया ने इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए कहा कि चार श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रमिकों के लिए गरिमा, कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की गारंटी को दर्शाता है। उनका यह भी कहना था कि देश में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 19 से बढ़कर 64 प्रतिशत हो गया है और लगभग 94 करोड़ लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब देश भर में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की जाएगी। जांच के दौरान पहचानी गई बीमारियों का उपचार और दवाएं ईएसआईसी सुविधाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। डा. मांडविया ने कहा कि भारत श्रम संहिता के तहत गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने वाले पहले देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी लाभार्थियों की संख्या भी लगभग सात करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ तक पहुंच गई।

# बीजेपी व चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा: अखिलेश यादव

कोलकाता, वार्ता



बंगाल विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की करारी हार के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कोलकाता पहुंचकर निवर्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाक. ात की और कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। बीजेपी और चुनाव आयोग ने लोकतंत्र को लूटा है।

ममता के कालीघाट आवास पर हुई इस मुलाकात में अखिलेश ने कहा कि दीदी आप हारी नहीं हैं। उन्होंने ममता को उपहार भी भेंट किए। अखिलेश ने इस दौरान ममता के सांसद भतीजे व तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को गले लगाय। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद

■ कोलकाता पहुंचकर सपा मुखिया ने ममता से की मुलाकात

निवर्तमान मुख्यमंत्री को भावनात्मक समर्थन दिया।अखिलेश यादव कोलकाता में टीएमसी प्रमुख के आवास पर ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी से मिले। ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि 'दीदी' हारी नहीं है। बीजेपी ने जो-जो बंगाल में किया है, यूपी में उसका पहले ट्रायल किया और फिर बंगाल में उसे बड़े पैमाने पर किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल में यूपी बाय-इलेक्शन से ज्यादा तस्वीरे आई होंगी, बंगाल में जो हुआ है, उसने लोकतंत्र को डैमेज किया। बीजेपी की आंखों में दीदी खटकती है और बीजेपी सामंती सोच की है, ये नारी को कभी बढ़ते हुए नहीं देख सकते है। उन्होंने बीजेपी की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को आधी-अधूरी सीएम कहा। अखिलेश यादव ने कहा कि बीज. ेपी अराजकता फैलाने का काम करती है। उन्होंने टीएमसी के कार्यालय को जलाने पर कहा कि सुरक्षा देने की जिम्मेदारी किसकी थी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री की, सुना है 3 लाख से ज्यादा फोर्स भेजी गई थी। उसमें बड़ी संख्या में यूपी के लोग थे।


काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77844.52
निफ्टी 24326.65
सोना 152887 प्रति 10 ग्राम
चांदी 257055 प्रति किलो

# दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को पूरे दिन उतार-चढ़ाव बना रहा और इस बीच दिग्गज कंपनियों में बिकवाली से प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 114 अंक (0.15 प्रतिशत) टूटकर 77,844.52 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.30 अंक यानी 0.02 प्रतिशत नीचे 24,326.65 अंक पर बंद हुआ। दोनों प्रमुख सूचकांक बढ़त में खुलने का बाद आज दिन भर कभी लाल तो कभी हरे निशान में ऊपर-नीचे होते रहे। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 78,384.70 अंक और नीचे 77,713.21 अंक तक गया। वृहत बाजार में अच्छी लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.41 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.87 प्रतिशत मजबूत हुआ। आईटी, एफएमसीजी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और सार्वजनिक बैंकों से सूचकांक फिसल गए जबकि ऑटो, रियलटी, निजी बैंकों और धातु समूहों के सूचकांक ऊपर बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। एनटीपीसी और कोटक महिंद्रा बैंक में भी एक से डेढ़ फीसदी की तेजी रही। एशियन पेंट्स, इटरनल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, एलएंडटी और बीईएल के शेयर भी ऊपर बंद हुए। हिंदुस्तान यूनीलि. वर का शेयर दो फीसदी के करीब टूट गया। टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाइटन और सन फार्मा एक प्रतिशत से अधिक लुढ़क गए। आईटीसी, बजाज फाइनेंस, अडानी पोर्ट्स, पावरग्रिड, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर लाल निशान में रहे।

### क्रैश होने के बाद सोना-चांदी की भाव बढ़े

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतें हाई से क्रैश होने के बाद अब एक बार फिर से रफ्तार पकड़े हुए नजर आ रही हैं। गुरुवार को खुलने के साथ ही चांदी की कीमत में फिर से उछाल आया है। बीते कारोबारी दिन 2,53,265 रुपये पर क्लोज हुई वायदा चांदी ओपनिंग के साथ ही उछलकर 2,57,055 रुपये पर पहुंच गई। इस सप्ताह पहले दिन सोमवार को जरूर चांदी का भाव टूटा था और 2,43,895 रुपये पर आ गई थी। बुधावार को 5 जून की एक्सपायरी वाले गोल्ड का रेट एमसीएक्स पर 1,52,132 रुपये पर क्लोज हुआ था और गुरुवार को ओपनिंग के साथ ही 1,52,887 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। भले ही इस सप्ताह एमसीएक्स पर सोना तेज रफ्तार से भागता हुआ नजर आ रहा है।

# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में रहा उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव टूट गया। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गई। चीनी की कीमत पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रही जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 22 रुपये गिरकर 3,848 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 11 रुपये सस्ता हुआ और 2,780 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी नौ रुपये उतर गई। दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। उड़द दाल की औसत कीमत 36 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। तुअर दाल और चना दाल 30-30 रुपये गिर गई। मूंग दाल 19 रुपये सस्ती हुई। वहीं मसूर दाल में पांच रुपये प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 41 रिंगिट गिरकर 4,538 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74.49 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 46 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति 41 रुपये और मूंगफली तेल 39 रुपये फिसल गया। सोया तेल की औसत कीमत 32 रुपये और सूरजमुखी तेल की 23 रुपये बढ़ गई। पाम ऑयल 13 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7646.58 रुपये, मसूर काली 8105.63 रुपये, मूंग दाल 10140.90 रुपये, उड़द दाल 10808.99 रुपये, तुअर दाल 11238.47 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# शादी वाले घर में डोली के बाद उठीं अर्थियां, तीन शव बरामद

हमीरपुर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रात को हुए दिल दहला देने वाले नाव हादसे से हड़कंप मचा हुआ है। यहां नाव यमुना नदी के बीच में पलट गई, जिसके चलते उसमें सवार 9 लोग डूब गए। इस हादसे में किसी तरह एक पुरुष समेत 2 बच्चे तैरकर किनारे आ गए, लेकिन एक महिला सहित 5 बच्चे लापता हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से 11 घंटों के रेस्क्यू अभियान के बाद एक महिला और दो बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए गए, वहीं 4 बच्चों की तलाश के लिए अभी भी अभियान जारी है। मामला जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के कुतु. बपुर गांव का है, जहां रहने वाले

■ हमीरपुर के एक परिवार के थे, छह अभी भी लापता

शराजू की बेटी अंजली की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को विदाई के बाद शाम करीब 6 बजे रिश्तेदारी में आए 9 लोगों को विष्णु अपनी पत्नी के साथ नाव पर सवार होकर यमुना पार अपने खेत में तरबूज और खरबूज खिलाने के लिए ले गए। वहां खाने के बाद सभी ने कई फल तोड़कर नाव में लाद लिए और वापस घर आने लगे। आधे रास्ते में यमुना नदी में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई, जिसमें नाव चला रहे धीरू ने तैरकर खुद को बचाते हुए विष्णु और पारुल को बचा लिया, लेकिन बाकी 6 लोग पानी में लापता हो गए. इनमें से एक महिला और दो बच्चों के शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। श्रीपाल की बेटी की शादी थी, जिसके चलते आसपास के सारे रिश्तेदार शादी में आए हुए थे। घर में मंगल गीतों के साथ बेटी को विदा किया गया और रिश्तेदारों को तरबूज और खरबूजा खिलाने की बात हुई। राजू की बारी यमुना नदी के पास स्थित थी, जहां तरबूज और खरबूज भारी मात्रा में लगे थे। राजू के चाचा का लड़का विष्णु अपनी पत्नी ब्रजरानी सहित 8 बच्चों को नाव से लेकर यमुना पार खेत में चला गया। वहां से उन्होंने भारी मात्रा में खरबूजे और तरबूज नाव में रख लिए और सभी को लेकर वापस आने लगे। नाव में वजन ज्यादा होने से उसका संत. ुलन बिगड़ गया और सभी नदी में डूब गए।

# कांग्रेस ने जवानों की उपलब्धियों को किया नमन

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को नमन कर उस दौरान सरकार की नीतियों की आलोचना की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था। उनका कहना था कि उसके बाद ट्रम्प ने



■ ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सरकार की नीतियों की आलोचना
■ युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री ने दस मई को की थी

विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया। रमेश ने कहा कि उसके बाद 30 मई को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि 10 जून 2025 को जकार्ता में भारतीय दूतावास के डिफेंस अताशे ने भी यह माना था कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय सीमाओं के कारण भारत ने अपने कुछ विमान गंवाए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चार जुलाई 2025 को उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने पाकिस्तान की कार्रवाई में चीन की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया था। उनके अनुसार चीन ने पाकिस्तान को उपकरण, गोला-बारूद, सैटेलाइट इमेजरी और रियल टाइम टारगेटिंग सहायता उपलब्ध कराई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद मोदी सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापक कूटनीतिक अभियान के बावजूद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह अलग-थलग नहीं पड़ा जैसा 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था।

### अडिग इरादों का ऐलान था ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के अडिग इरादों का ऐलान बताते हुए इसमें शामिल भारतीय सेना के जवानों को नमन किया है। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को लिखा, ष्वो सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं था, भारत के अडिग इरादों का ऐलान था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर उन वीरों को नमन, जिन्होंने दुश्मन को जवाब नहीं, संदेश दिया और उस संदेश की गूंज दुनिया ने सुनी। जय हिंद!

### यूपी में भाजपा के बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं।

### शिव मंदिर में पूजन व पैतृक गांव में महायज्ञ: यमकेश्वर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर धामी

# बिथ्याणी महाविद्यालय में एआई बॉट से रूबरू हुए सीएम योगी व धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। उत्तराखंड की पावन भूमि यमकेश्वर आज दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मिलन और विकास कार्यों की साक्षी बनी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से यमकेश्वर क्षेत्र का भ्रमण कर महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों मुख्यमंत्रियों ने यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। उन्होंने महादेव से देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की प्रार्थना की। यमकेश्वर आगमन पर जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गाँव पंचूर पहुँचे। यहाँ उन्होंने श्री विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग किया और परिवार व ग्रामीणों के साथ आध्यात्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बने। मुख्यमंत्री योगी ने मंदिर समिति का आभार जताते हुए कहा कि तीन वर्ष पूर्व जहाँ केवल श्रद्धा का भाव था, आज वहाँ भव्य मंदिर खड़ा है। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा जीवन में प्रगति के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण का होना अनिवार्य है। अच्छा सोचने से परिणाम सुखद होते हैं, और इस सकारात्मक ऊर्जा को बनाए रखने के लिए ईश्वर की भक्ति और आध्यात्मिकता ही सबसे सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्थानीय विधायक रेनू बिष्ट, निदेशक उच्च शिक्षा डॉ आनंद उनियाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार, मुख्य विकास अधिकारी, गिरीश गुणवंत, उपजिलाधिकारी अनिल चन्याल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेश कुमार शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल सहित अन्य अधिकारी, महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



### महाविद्यालय की नई एआई आधारित वेबसाइट का किया डिजिटल उद्घाटन

महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय, बिथ्याणी पहुँचने पर छात्राओं ने पारंपरिक भव्यता के साथ दोनों मुख्यमंत्रियों का भावपूर्ण अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अतिथियों ने महाविद्यालय की नई एआई आधारित वेबसाइट का डिजिटल उद्घाटन किया, जिसकी कार्यप्रणाली के बारे में त्रिलोक चंद्र शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान डिजिटल तकनीक का अनूठा उदाहरण तब देखने को मिला जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं एआई बॉट से संवाद कर महाविद्यालय की परीक्षा प्रणाली व परिणामों की समीक्षा की, जबकि मुख्यमंत्री धामी ने छात्र संख्या और कौशल विकास जैसे विषयों पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय के नए भवन व सेमिनार हॉल का उद्घाटन और विकसित भारत एक संकल्प पुस्तक का विमोचन भी संपन्न हुआ।

**■ पैतृक गांव में महायज्ञ और बिथ्याणी महाविद्यालय में विकास का संकल्प लेकर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सीएम धामी के साथ साझा की विकास की दृष्टि**

### ओपन जिम में व्यायाम कर दिया फिटनेस का संदेश

युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए महाविद्यालय परिसर में ओपन जिम का शिलान्यास किया गया। दोनों मुख्यमंत्रियों ने स्वयं जिम उपकरणों पर व्यायाम कर स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता का संदेश दिया। प्रस्तावित स्टेडियम के लिए चिन्हित भूमि के निरीक्षण के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही यह जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।



### सीएम धामी ने दी बिथ्याणी महाविद्यालय को 'आदर्श कॉलेज' की सौगात

मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व की सराहना करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की बरसी का उल्लेख किया। उन्होंने क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए बिथ्याणी महाविद्यालय को 'आदर्श कॉलेज' के रूप में विकसित करने और क्षेत्र में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को वैश्विक स्तर की शिक्षा और खेल सुविधाएं देने हेतु संकल्पबद्ध है, जिसके क्रम में इस महाविद्यालय को हाईटेक किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# उत्तराखण्ड में चाय उत्पादन की अपार संभावनाएं: जोशी

**■ कृषि मंत्री ने किया असम के बरपाथार स्थित चाय बागानों का निरीक्षण ■ राज्य की जलवायु उच्च गुणवत्ता वाली चाय के लिए अनुकूल**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को असम भ्रमण के दौरान असम के बरपाथार स्थित चाय बागानों का अवलोकन किया। इस दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने चाय बागानों का दौरा कर वहां की उत्पादन क्षमता, प्रसंस्करण प्रणाली तथा विपणन व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया।

कृषि मंत्री जोशी ने स्थानीय चाय उत्पादकों, निर्यातकों एवं विशेषज्ञों के साथ बैठक कर उत्तराखण्ड में चाय उत्पादन को बढ़ावा देने, गुणवत्ता सुधारने तथा विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाने के संबंध में सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में चाय उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य की जलवायु उच्च गुणवत्ता वाली चाय के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि असम के चाय उद्योग के अनुभवों और आधुनिक तकनीकों का अध्ययन कर उत्तराखण्ड में भी चाय उत्पादन को नई दिशा देने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि आधारित स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड की चाय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने के लिए प्रभावी विपणन रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे स्थानीय किसानों को अधिक लाभ मिल सके।

इस अवसर सल्ट विधायक महेश जीना, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, कृषि सचिव डा0 एसएन पांडेय, चाय निदेशक महेन्द्र पाल, पूजा सुतोदिया, भूपेन डेका, नवीन पांडे सहित अन्य चाय उत्पादक लोग उपस्थित रहे।

# चंपावत दुष्कर्म मामला, पुलिस जांच में साजिश का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/चंपावत।** उत्तराखंड के चंपावत जिले में सनसनी फैलाने वाले नाबालिग से दुष्कर्म प्रकरण में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह पूरी घटना एक सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा थी, जिसे बदले की भावना से प्रेरित होकर रचा गया था। वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्यों ने साजिश की परतों को उधेड़ कर रख दिया है।

पुलिस की जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी कमल रावत ने अपने निजी स्वार्थ और बदले की पूर्ति के लिए 16 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर इस झूठे घटनाक्रम का मोहरा बनाया। डिजिटल साक्ष्यों और सीडीआर की जांच से पता चला कि घटना वाली रात कमल रावत, पीड़िता और उसकी एक महिला मित्र के बीच असामान्य रूप से बार-बार

**■ बदले की नीयत से रचा गया था झूठा खेल**

बातचीत हुई थी। इसी आधार पर पुलिस ने इस पूरे श्मोडस ऑपेरंडीश का पर्दाफाश किया।शुरुआती शिकायत में तीन व्यक्तियोंख्विनोद सिंह रावत, नवीन सिंह रावत और पूरन सिंह रावत पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था। हालांकि, 10 सदस्यीय एसआईटी की जांच में पाया गया कि घटना के समय ये तीनों नामजद व्यक्ति मौके पर मौजूद ही नहीं थे। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन से उनकी उपस्थिति अन्य स्थानों पर प्रमाणित हुई है। इसके अलावा, पीड़िता के चिकित्सीय परीक्षण में भी किसी प्रकार के संघर्ष या चोट के निशान नहीं मिले, जिससे जबरदस्ती की बात साबित नहीं हो सकी।

### निर्दोष को न्याय और दोषियों पर कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक चंपावत रेखा यादव ने बताया कि महिला और बाल सुरक्षा के प्रति पुलिस श्जीरो टॉलरेंसश की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां एक ओर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा, वहीं झूठे आरोप लगाकर किसी निर्दोष को प्रताड़ित करने वालों के खिलाफ भी कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।मामले की गंभीरता को देखते हुए आरएफएसएल उधम सिंह नगर की फील्ड यूनिट ने भी वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल डिजिटल और फॉरेंसिक साक्ष्यों का विस्तृत परीक्षण चल रहा है। पुलिस मुख्यालय ने मीडिया और आम जनता से अपील की है कि प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए केवल सत्यापित तथ्यों को ही साझा करें।

# मानसून से पहले गड्ढा मुक्त हो जाएं सड़कें: सीएस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में आगामी मानसून सीजन को लेकर विभागों एवं जनपदों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को मानसून पूर्व तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मानसून के दौरान जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने कहा कि मानसून के दौरान आगामी कुछ महीने अत्यंत संवेदनशील एवं चुनौतीपूर्ण रहेंगे। वर्तमान में चारधाम यात्रा भी संचालित हो रही है, ऐसे में सभी रेखीय विभागों को 24ग्7 अलर्ट मोड में कार्य करना होगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून शुरू होने से पूर्व सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करते हुए क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत पूरी कर ली जाए।

**■ मुख्य सचिव ने की मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा ■ कहा-मानसून में आम लोगों को न हो कोई परेशानी, 24×7 अलर्ट मोड पर काम करें विभाग**



बिजली एवं पेयजल विभाग को विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पेयजल लाइनों की पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि मानसून अवधि में विद्युत एवं जलापूर्ति अधिक समय तक प्रभावित न हो। उन्होंने शहरी विकास विभाग, नगर निकायों तथा जिलाधिकारियों को नालों एवं नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति किसी भी दशा में उत्पन्न नहीं होनी चाहिए तथा नदी-नालों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा उत्पन्न करने वाले अवरोधों एवं अतिक्रमणों को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि कामचलाऊ व्यवस्थाओं से बचते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किए जाएं।मुख्य सचिव ने राज्य में नदी तटीय क्षेत्रों की संवेदनशीलता को देखते हुए नदियों के चौनलाइजेशन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि नदी मार्ग में जमा आरबीएम को हटाया जाए ताकि नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित न हो और कटाव से आबादी एवं आधारभूत संरचनाओं को नुकसान न पहुंचे।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संसाधनों की कोई कमी नहीं रखी जाएगी, इसलिए सभी विभाग अपने दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करें। संवेदनशील स्थलों पर सड़क खोलने हेतु जेसीबी मशीनों की अग्रिम तैनाती की जाए तथा बैली ब्रिज का पर्याप्त भंडारण रखा जाए। साथ ही बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नाव एवं बोट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने विभागीय तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में विशेष सचिव पराग मुधकर धकाते, सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, सचिव एल फैनई, सचिव सचिन कुर्वे, बीके संत, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव खाद्य आनंद स्वरूप, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जेसीईओ मो. ओबैदुल्लाह अंसारी डीआईजी राजकुमार नेगी मौजूद रहे।

### 03 डॉप्लर रडार संचालित, 03 और लगेंगे

सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में वर्तमान में 525 हाइड्रोमेट सेंसर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं, जिनके माध्यम से विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में वर्तमान में 03 डॉप्लर वेदर रडार स्थापित हैं तथा 03 अतिरिक्त डॉप्लर रडार स्थापित किए जाने प्रस्तावित हैं, जिससे मौसम पूर्वानुमान प्रणाली और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने जानकारी दी कि पिथौरागढ़ में आरएसआरडब्ल्यू (रेडियो सांडे, रेडिया विंड) की स्थापना की जानी प्रस्तावित है। इसके स्थापित होने से पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की गतिविधियों का अधिक सटीक एवं स्थानीय स्तर पर पूर्वानुमान प्राप्त हो सकेगा, जिससे समय रहते चेतावनी जारी कर जनहानि एवं नुकसान को कम करने में सहायता मिलेगी।

# उच्च शिक्षा विभाग में उत्तर-पुस्तिकाओं का होगा डिजिटल मूल्यांकन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अब उत्तर-पुस्तिकाओं का ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन (ऑन-स्क्रीन मार्किंग) किया जायेगा। जिससे परीक्षा मूल्यांकन अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित होगा। ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली से परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो सकेंगे, जिसका सीधा लाभ छात्र-छात्राओं को मिलेगा। शासन स्तर से विश्वविद्यालयों में ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को वर्तमान सेमेस्टर (जनवरी 2026) से लागू करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों की परीक्षा प्रणाली में अहम सुधार कर उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है। अब विश्वविद्यालयों में सभी प्रकार की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के तहत जांची जायेगी, जिससे मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, तेज और त्रुटिरहित हो सकेगी और भौतिक परिवहन के खर्चे में कमी के साथ ही समय पर परीक्षा परिणाम घोषित हो सकेंगे। विभागीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में विश्वविद्यालयों में पारम्परिक व भौतिक मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी, पुनमूल्यांकन में देरी व उत्तर पुस्तिकाओं के समिति संरक्षण जैसी समस्याएं को देखते हुये यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों को ऑनस्क्रीन डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली के माध्यम से वर्तमान सेमेस्टर (जनवरी 2026) से परीक्षाओं का मूल्यांकन को शासन स्तर से निर्देश जारी कर दिये गये हैं। डॉ. रावत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सेमेस्टर प्रणाली लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों पर परीक्षा कार्यों का दबाव बढ़ा है, डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली से अब आपसी समन्वय की पूरी प्रक्रिया ऑटोमेटेड होगी, जिससे मैन्युअल हस्तक्षेप कम हो जायेगा। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन के डिजिटलीकरण से शिक्षकों की भागीदारी और बढ़ जायेगी और वह अपने-अपने शिक्षण संस्थानों से ही मूल्यांकन कर सकेंगे, जिससे महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय परिसरों में नियमित पढ़ाई व्यवस्था बाधित नहीं होगी।

इसके अलावा उत्तर पुस्तिकाओं का डिजिटल रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा, जिससे भविष्य में छात्रों के पुनर्मूल्यांकन संबंधी समस्याओं का भी समाधान आसानी से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली को सरल एवं व्यवहारिक बनाने को विश्वविद्यालयों को आवश्यक तकनीकी संसाधन एवं प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं



**■ ऑन-स्क्रीन मार्किंग से परीक्षाओं के मूल्यांकन में आएगी पारदर्शिता ■ कहा-डिजिटल मूल्यांकन से समय पर घोषित होंगे परीक्षा परिणाम**

### राज्यपाल ने विश्व रेडक्रॉस दिवस पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं


**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस से जुड़े सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि सेवा ही परम धर्म है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए रेडक्रॉस के कार्यकर्ता नि:स्वार्थ भाव से मानवता की सेवा में निरंतर समर्पित हैं। सेवा, करुणा, संवेदनशीलता व परोपकार की भावना से किया जा रहा रेडक्रॉस का कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय है। कहा कि प्राकृतिक आपदाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, रक्तदान, राहत एवं पुनर्वास कार्यों सहित विभिन्न मानवीय गतिविधियों में रेडक्रॉस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि रेडक्रॉस भविष्य में भी सेवा और मानवता के अपने मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाती है।

# फिर रिकार्ड तोड़ेगी चारधाम यात्रा: महाराज

**■ जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों की अब तक की बुकिंग नौ करोड़ के पार ■ अभी तक 30 लाख से अधिक श्रद्धालु करवा चुके हैं पंजीकरण**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई एवं ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में काफी वृद्धि होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बड़ी संख्या में यात्री अपना पंजीकरण करवा रहे हैं और यात्रा मार्गो पर स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों की बुकिंग में लगातार इजाफा हो रहा है उसे देखकर संभावना है कि इस बार भी चारधाम यात्रा पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़ेगी।



महाराज ने बताया कि चारधाम यात्रा मार्गो पर स्थित जीएमवीएन के गेस्ट हाउसों के लिए श्रद्धालुओं ने 16 फरवरी 2026 से आनलाइन बुकिंग करवानी प्रारंभ कर दी थी। उन्होंने कहा कि अभी तक चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं ने 9940124.11 (नौ करोड़ नौ लाख चालीस हजार एक सौ चौबीस) की बुकिंग करवा ली है और यह आंकड़ा लगातार बढता जा रहा है। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 6 मार्च से ऑनलाइन और 17 अप्रैल 2026 से ऑफलाइन पंजीकरण के तहत अभी तक कुल 30 लाख से अधिक यात्री अपना पंजीकरण करवा चुके हैं और 9 लाख के लगभग श्रृद्धालु दर्शनों का लाभ उठा चुके हैं।

### सुरक्षित व सुगम यात्रा के लिए गाइड लाइन का पालन करें यात्री

**देहरादून।** पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री महाराज ने चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वह अपनी यात्रा सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए सरकार की गाइड लाइन का पालन करें। मोबाइल ऐप से और ऑफलाइन पंजीकरण ऋषिकेश, हरिद्वार, विकासनगर में खुले काउंटरों पर करवा सकते हैं। यात्रा के दौरान क्यूआर कोड चेकपोस्ट पर स्कैन होगा और बिना पंजीकरण वाले यात्रियों को वापस भेजा जाएगा। 50 साल उम्र वाले हेल्थ स्क्रीनिंग सेंटर पर जांच अवश्य कराएं। केदारनाथ-बद्रीनाथ अत्यधिक ऊंचाई पर हैं। इसलिए रास्ते में दो-चार दिन रुक कर शरीर को मौसम के अनुकूल बनाते हुए ही अपनी यात्रा पूरी करें। मंदिर परिसरों में मोबाइल से वीडियो-रील बनाने पर रोक है। पहाड़ों का मौसम मौसम कभी भी बदल सकता है इसलिए गर्म कपड़े और रेनकोट अपने साथ अवश्य रखें।

# सीएम ने पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों व मत्स्य पालकों के साथ किया संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को निरंजनपुर देहरादून में राज्यभर से आये पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए रेफ्रिजरेटेड फिशरीज वैन का भी फ्लैग ऑफ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण जीवन शैली का प्रमुख आधार रहा है, जो लाखों परिवारों की आजीविका का भी प्रमुख साधन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे गांव, किसान और पशुपालक आर्थिक रूप से सशक्त होंगे। इसलिए केंद्र सरकार पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना", "राष्ट्रीय पशुधन मिशन", "राष्ट्रीय गोकुल मिशन", "पशुपालन अवसंरचना विकास कोष" तथा "किसान क्रेडिट कार्ड" जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में "मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन" के अंतर्गत पशुधन इकाइयों की स्थापना की जा रही है। इनमें पात्र लाभार्थियों को 90 प्रतिशत तक ऋण अनुदान प्रदान किया जा रहा है। गोट वैली और पोल्ट्री वैली जैसी योजनाओं के माध्यम से भी पशुपालकों को सहायता प्रदान की जा रही है। पिछले चार वर्षों में गौ पालन, बकरी पालन और भेड़ पालन के माध्यम से राज्य में साढ़े 11 हजार से अधिक लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री राज्य पशुधन मिशन के अंतर्गत भी राज्य में करीब 4 हजार से अधिक युवाओं और महिलाओं को भी स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने कहा कि पशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 60 विकासखंडों में मोबाइल वेटरनरी यूनिट्स संचालित की जा रही हैं। साथ ही प्रत्येक जनपद में मॉडल पशु चिकित्सालयों का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष गौ सेवा आयोग राजेन्द्र प्रसाद अंथवाल, उत्तराखण्ड पशु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र मोघा, उत्तराखंड मत्स्य पालक विकास अभिकरण के उपाध्यक्ष उत्तम दत्ता, सीमा चौहान व अपर सचिव संतोष बडोनी मौजूद थे।



**■ मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए रेफ्रिजरेटेड फिशरीज वैन का किया फ्लैग ऑफ**

### कहा, ट्राउट फार्मिंग हमारे राज्य में स्वरोजगार का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्राउट फार्मिंग हमारे राज्य में स्वरोजगार का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरी है। ट्राउट फार्मिंग को प्रोत्साहित करने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष में 170 करोड़ रुपये की ट्राउट प्रोत्साहन योजना शुरू की है। उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर जनपद में एक-एक ट्राउट हैचरी की स्थापना की जा रही है। इसके साथ ही सरकार उत्तराखंड को हाई वैल्यू फिश प्रोडक्शन एवं एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य कर रही है। इन सब प्रयायों से उत्तराखण्ड का मत्स्य सेक्टर 9 प्रतिशत से अधिक की दर से वृद्धि कर रहा है। पिछले वर्ष भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को हिमालयी राज्यों की श्रेणी में श्रेष्ठ मत्स्य राज्य का सम्मान भी प्राप्त हुआ है।

### पिछले चार सालों में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में अनेक नवाचार हुए: सौरभ

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगणा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मागदर्शन में पिछले चार सालों में पशुपालन, डेरी और मत्स्य पालन के क्षेत्र में अनेक नवाचार हुए हैं। राज्य में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना लागू की गई। गोट वैली प्रोजक्ट में 5 हजार 827 लाभार्थी जुड़े। अनेक योजनाओं में सब्सिडी दी जा रही है। आज सभी दुग्ध संघ फायदे में हैं।

### पशुपालकों ने साझा किए अनुभव

सीएम के साथ संवाद के दौरान हरिद्वार के पशुपालक हरिकिशन लखेड़ा ने कहा कि उन्होंने ब्रीड मल्टीप्लीकेशन फार्म योजना के तहत 50 गायें खरीदी। इस योजना का फायदा मिलने के बाद वे साहिवाल गाय से प्रतिदिन 300 लीटर दूध का उत्पादन कर रहे हैं। आठ लोग इस कार्य में उनसे जुड़े हैं। इससे उनकी प्रतिमाह 01 लाख 15 हजार की शुद्ध आय अर्जित हो रही है। डोईवाला के अमित सिंह ने कहा कि उन्होंने गायों के चारे के लिए एफपीओ की स्थापना की।

# बाघ और गुलदार बन चुके हैं भय का पर्याय: कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर/पौड़ी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने पौड़ी जिले में बढ़ते बाघ और गुलदार के आतंक को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन्यजीवों का आतंक लगातार बढ़ रहा है, लेकिन सरकार लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रही है।

**■ श्रीनगर पहुंचते ही हरदा ने सरकार को घेरा**



श्रीनगर पहुंचे हरीश रावत ने कहा कि वह प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के स्वागत के लिए आए थे, लेकिन यहां पहुंचते ही बाघ के आतंक की खबर ने उनका स्वागत कर दिया।उन्होंने कहा कि पौड़ी स्थित सर्किट हाउस से लगे बूढ़ाकोट गांव में पहले ही एक महिला को बाघ अपना शिकार बना चुका है। इसके बाद अब नौजवान सुरेंद्र सिंह पर भी हमला हुआ है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद आदमखोर बाघ से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पहाड़ में बाघ और गुलदार भय के पर्याय बन चुके हैं। लोग शाम ढलते ही घरों में कैद होने को मजबूर हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जिस बूढ़ाकोट गांव में हमला हुआ, उसके बगल का गांव खुद राज्य के वन मंत्री का है, लेकिन इसके बावजूद हालात नहीं सुधर रहे हैं। हरीश रावत ने सरकार से वन्यजीव आतंक पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने और ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

# बांटो और राज करो के तहत काम कर रही भाजपा: शैलजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं उत्तराखंड कांग्रेस की प्रभारी शैलजा के पहली बार श्रीनगर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया।

श्रीनगर स्थित सर्राफा धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करती हुई कांग्रेस प्रभारी शैलजा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव प्रदेश के भविष्य का चुनाव होगा और भाजपा के झूठ व जनविरोधी नीतियों से जनता को निजात दिलाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अभी से एकजुट होकर मैदान में उतरना होगा। कहा कि भाजपा पिछले दस वर्षों से प्रदेश की सत्ता में है, लेकिन जनता से किए गए अधिकांश वादे आज तक धरातल पर नजर नहीं आए। बेरोजगारी, महंगाई और विकास के मुद्दों पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल लोगों को गुमराह करने, विकास के नाम पर दिखावा करने और चुनाव आते ही महिलाओं व समाज के विभिन्न वर्गों के नाम पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का काम करती है। शैलजा ने कहा कि भाजपा अंग्रेजों की बांटो और राज करो की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि आज किसी दल में अंग्रेजों की इस सोच की झलक दिखाई देती है, तो वह भाजपा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत, शूरवीर सजवाण, भुवन कापड़ी, विनोद नेगी, संजय कुमार फौजी, मनोज यादव, सुरेंद्र शर्मा, सुमित भुल्लर सहित कई कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



■ 2027 विस चुनाव में भाजपा के झूठ से जनता को निजात दिलाने का आह्वान

**चम्पावत में हुई घटना पर शैलजा ने जताई चिंता:** शैलजा ने चम्पावत में नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं समाज के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। कहा कि एक ओर भाजपा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा की बात करती है, वहीं विभिन्न राज्यों में सामने आए कई मामलों में भाजपा नेताओं के नाम जुड़ना गंभीर चिंता का विषय है। शैलजा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल भाषणों से नहीं, बल्कि सख्त कार्रवाई और संवेदनशील शासन व्यवस्था से सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मिशन मोड में जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नीतियों और विफलताओं को उजागर करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने पर जनता को बेहतर और जवाबदेह शासन देने का काम करेगी।

### महिला आरक्षण लागू करना भाजपा की मंशा नहीं

महासचिव शैलजा ने भाजपा पर महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि महिला आरक्षण लागू करने को लेकर भाजपा की मंशा कभी स्पष्ट नहीं रही। कहा कि कई राज्यों में चुनाव होने के कारण भाजपा ने महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीतिक लाभ के लिए उछाला, ताकि विपक्षी दलों को महिलाओं के खिलाफ दिखाने का प्रयास किया जा सके। कहा कि भाजपा सरकार केवल लोगों को बरगलाने और मुद्दों से ध्यान भटकाने का कार्य कर रही है। कहा कि यदि भाजपा वास्तव में महिलाओं के हित में काम करना चाहती, तो महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता, लेकिन सरकार ने इसे केवल चुनावी हथियार बनाकर इस्तेमाल किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर महंगाई को लेकर भी निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में घरेलू गैस सिलेंडरों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम जनता का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हुआ है। कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के कारण लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है और गरीब तथा मध्यम वर्ग सबसे अधिक परेशान है। शैलजा ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के लिए ठोस विकास नीतियों के अभाव में आज पहाड़ लगातार खाली होते जा रहे हैं। रोजगार के अवसर न मिलने से युवाओं का पलायन बढ़ रहा है और बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा केवल विकास के बड़े-बड़े दावे कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति पूरी तरह अलग है।

# भाजपा के तानाशाही रवैये से हर वर्ग परेशान: गोदियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि अंकिता भंडारी प्रकरण सहित हाल ही में चम्पावत में नाबालिग से जुड़े मामले में भाजपा नेताओं के नाम सामने आना बेहद गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोदियाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों से सत्ता में रहने के बाद भाजपा तानाशाही रवैया अपनाने लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों से आज हर वर्ग परेशान है और प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार देश के पूर्व नेताओं और सरकारों की आलोचना करने में लगे हैं, जबकि देश के विकास में कांग्रेस का ऐतिहासिक योगदान रहा है। गोदियाल ने कहा कि देश की आजादी से लेकर नवरत्न कंपनियों की स्थापना, आईआईटी और केंद्रीय विश्वविद्यालयों जैसी संस्थाओं के निर्माण तक कांग्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया और कभी धर्म या जाति के नाम पर लोगों को बांटने की राजनीति नहीं की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समाज और राजनीतिक दलों के भीतर विभाजन पैदा करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अभी से एकजुट होकर काम करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा के झूठ और जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने लाकर उसे सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा।

■ समाज व राजनीतिक दलों के भीतर विभाजन पैदा कर रही भाजपा

## जनगणना की तैयारियों में तेजी, हैलो ऐप पर कार्य प्रगति की समीक्षा

**उत्तरकाशी।** अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र की अध्यक्षता में गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी उपखण्ड जनगणना अधिकारियों एवं चार्ज अधिकारियों से हैलो ऐप के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई।

बैठक में निर्देश दिए गए कि सभी प्रगणकों को आवंटित भ्स्ठे में शीघ्र कार्य प्रारंभ कराया जाए तथा रफ कार्यों को भी समय से हैलो ऐप पर फीड कराया जाए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि जिन प्रगणकों को एक से अधिक भ्स्ठ आवंटित हैं, वे सही क्षेत्र में ही कार्य करें।

### रुद्रप्रयाग पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का कांग्रेस पर बड़ा हमला

# जनता चाहती है विकास, कांग्रेस अंतर्कलह में उलझी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने रुद्रप्रयाग स्थित भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित भाजपा जिला कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभाग करते हुए संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को लेकर कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट ने की तथा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया।





बैठक को संबोधित करते हुए महेंद्र भट्ट ने हाल ही में तीन राज्यों में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता के विश्वास का परिणाम बताया। उन्होंने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद भाजपा का संगठन लगातार विस्तार कर रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार की गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और यही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश "विकसित भारत" के संकल्प की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और भाजपा कार्यकर्ता इस संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं।

उत्तराखंड की राजनीति पर बोलते हुए महेंद्र भट्ट ने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा पहले से अधिक मजबूत स्थिति में है और आगामी चुनावों में पार्टी तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस आज आंतरिक कलह, गुटबाजी और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति में उलझी हुई है। कांग्रेस नेताओं के पास न नीति बची है और न ही जनता के मुद्दों पर कोई स्पष्ट दृष्टिकोण। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक माह बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और जिला कार्यसमिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं ताकि पार्टी की नीतियां और सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंच सकें। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने तथा भाजपा की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी सतीश लखेड़ा, विधायक आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठेत, बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, पूर्व जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल, महावीर सिंह पंवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, जिला महामंत्री अरुण चमोली, राय सिंह राणा, बिनोद देवशाली, सुनील नौटियाल, सुमन जमलोकी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर .......

### सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर एसडीएम सख्त

**उत्तरकाशी।** अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्र ने गुरुवार को सीएम हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा के लिए वर्चुअल बैठक आयोजित की। बैठक में विभिन्न विभागों की शिकायतों की स्थिति, निस्तारण की गुणवत्ता और लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने उन विभागों को कड़े निर्देश दिए जिनकी शिकायतें स1 और स2 स्तर पर अधिक लंबित पाई गईं। उन्होंने कहा कि शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में अनावश्यक विलंब न हो। बैठक में बताया गया कि सीएम हेल्पलाइन पर स1 स्तर पर 350 और स2 स्तर पर 37 शिकायतें लंबित हैं, जबकि मुख्यमंत्री जन समर्पण पोर्टल पर 27 शिकायतें लंबित हैं। इनमें लोक निर्माण विभाग, पेयजल निगम, भू-अभिलेख एवं आपदा प्रबंधन, खाद्य आपूर्ति, राजस्व विभाग और ग्रामीण निर्माण विभाग प्रमुख रहे। संबंधित अधिकारियों को शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए गए।

### उन्नत ब्रेन पेसमेकर सर्जरी के साथ न्यूरोलॉजिकल देखभाल को किया मजबूत

**देहरादून।** पिछले कुछ दशकों में न्यूरोलॉजिकल विकारों का वैश्विक भार काफी बढ़ गया है, और अब ये डिसेबिलिटी का एक महत्वपूर्ण कारण बन गए हैं। भारत में, इन विकारों का योगदान कुल रोग भार का लगभग 10 फीसदी लोग है। गुरुग्राम में स्थित मेदांता – द मेडिसिटी, जिसे न्यूजवीक ने 2026 में भारत के श्रेष्ठतम अस्पताल का सम्मान दिया था, डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के लिए एक विश्वस्तरीय गंतव्य के रूप में जाना जाता है। इसे सामान्यत: श्ब्रेन पेसमेकरश सर्जरी के रूप में संदर्भित किया जाता है। यह उपचार अत्याधुनिक तकनीक को व्यक्तिगत देखभाल के साथ जोड़ता है ताकि उन्नत चरण के पार्किंसंस रोग, डिस्टोनिया, दुर्दम्य मिर्गी (अडल्ट ऑनसेट), आवश्यक कंपकंपी और उन्नत जुनूनी-बाध्यकारी विकार (ओसीडी) जैसी अक्षम करने वाली तंत्रिका संबंधी स्थितियों से पीड़ित रोगियों को सार्थक राहत प्रदान की जा सके।

### किशोरी से दुष्कर्म मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई

**कोटद्वार।** महानगर कांग्रेस कमेटी, कोटद्वार की ओर से तहसील कार्यालय के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। इसमें चंपावत के सल्ली क्षेत्र में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। कहा कि मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद वहां भी महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है, जिससे प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि सामूहिक दुष्कर्म में भाजपा के प्रभावशाली लोगों के शामिल होने से जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी में अपेक्षित तेजी नहीं दिखाई गई है। कांग्रेस ने मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करने और प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अध्यक्ष अध्यक्ष मीना बछवाण, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. चंद्रमोहन खर्कवाल, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, सुधा असवाल, बृजपाल सिंह नेगी, अमित राज सिंह, सुल्तान सिंह नेगी, धर्मेंद्र रावत, कृपाल सिंह नेगी शामिल रहे।

### कीर्तिनगर पुल में सुरक्षा दीवार लगाए जाने की मांग

**श्रीनगर।** कीर्तिनगर पुल पर सुरक्षा दीवार लगाये जाने की मांग उठी है। इस सदंर्भ में नगर निगम श्रीनगर के पार्षद संदीप सिंह रावत ने राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कीर्तिनगर पुल से आए दिन लोगों द्वारा कूद कर जीवनलीला समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कीर्तिनगर पुल के दोनों ओर 15 फीट की सुरक्षा बाड लगाये जाने की मांग की है।

# केदारनाथ धाम में एयरगन बरामदगी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में उस समय हड़कंप मच गया, जब कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक व्यक्ति के पास से दो एयरगन और दो धारदार हथियार बरामद किए गए। घटना सामने आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते संदिग्ध गतिविधि पर नजर नहीं पड़ती तो मामला गंभीर रूप ले सकता था।

घटना के बाद लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज हो गई कि आखिर इतनी सख्त सुरक्षा और लगातार चेकिंग के दावों के बावजूद व्यक्ति हथियारनुमा सामान लेकर धाम तक कैसे पहुंच गया। स्थानीय लोगों की सक्रियता के बाद ही संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने की कार्रवाई हुई, जिसके चलते मित्र पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि मामले में रुद्रप्रयाग पुलिस ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि यात्रा मार्ग पर लगातार सुरक्षा जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, बीती छ: मई की शाम केदारनाथ पैदल मार्ग स्थित टेंटों की नियमित चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी में उसके पास से दो एयरगन बंदूकें एवं दो धारदार हथियार बरामद हुए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी।



■ जांच में सामने आई पूरी सच्चाई

जांच में सामने आया कि उक्त व्यक्ति प्रदीप सिंह पुत्र जयशंकर प्रताप सिंह, निवासी ग्राम खमरिया, जिला रायबरेली (उत्तर प्रदेश) है। वह वर्ष 2004 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था, लेकिन मानसिक अस्वस्थता के चलते वर्ष 2018 में सेवामुक्त कर दिया गया था। परिजनों के अनुसार वह अक्सर धार्मिक स्थलों और मंदिरों की यात्राओं पर रहता है। पुलिस जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि बरामद एयरगन वह शौकिया तौर पर अपने पास रखता था। वह अपने निजी गाड़ी के माध्यम से यात्रा पर आया था और सामान चोरी होने की आशंका के चलते एयरगन भी अपने साथ ले गया था। फिलहाल मामले में सोनप्रयाग कोतवाली में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी है। वहीं बिना वैध पहचान पत्र के उक्त व्यक्ति को अपने टेंट में ठहराने वाले व्यक्ति के खिलाफ भी पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की गई है।

# स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का सभी विकास खंड स्तन पर आयोजन किया गया।

अभियान के तहत जिले में कुल 94,309 बच्चों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों के 38,658, निजी विद्यालयों के 29,807, आंगनबाड़ी केंद्रों के 23,663, स्कूल न जाने वाले 681 बच्चों तथा पीजी कॉलेज, आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के लगभग 1,500 किशोर-किशोरियां शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत ने जनपद के सभी विकासखंडों में अभियान चलाकर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एलबेंडाजोल की दवा खिलाई गई। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा अवश्य खिलाएं, ताकि बच्चों का स्वास्थ्य, पोषण और शारीरिक विकास बेहतर हो सके। जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गाँधी विद्या मंदिर प्राथमिक विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों में किया गया।

■ 94 हजार से अधिक बच्चों को मिलेगी दवा

# अस्पतालों में दी आग की रोकथाम एवं सुरक्षा उपायों की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जनपद की चिन्हित चिकित्सा इकाइयों में आग की रोकथाम एवं सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिव मोहन शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में चिकित्सा कर्मियों को आग से बचाव और आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित किया गया। बताया कि जिला चिकित्सालय पौड़ी, उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर, बेस चिकित्सालय कोटद्वार, बेस चिकित्सालय श्रीनगर, हंस फाउंडेशन अस्पताल तथा मां कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पुलिस विभाग के सहयोग से फायर कर्मियों द्वारा प्रशिक्षण अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सा कर्मियों को आग लगने की स्थिति में फायर अलार्म के माध्यम से सूचना देने, मरीजों को स्ट्रेचर के जरिए सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने तथा आपातकालीन निकासी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

■ अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित

# रुद्रप्रयाग के 1620 शिक्षण संस्थानों में बच्चों को दी गई एल्बेंडाजोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत जनपद में व्यापक स्तर पर अभियान चलाते हुए 1620 सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, महाविद्यालयों तथा तकनीकी शिक्षण संस्थानों में 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई। अभियान के दौरान किसी कारणवश दवा लेने से वंचित रह गए बच्चों को आगामी 14 मई को आयोजित होने वाले मॉप-अप डे पर दवा दी जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय काला पहाड़ से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया।





■ 14 मई को मॉप-अप डे पर छूटे बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक दवा

विद्यालय की प्रधानाचार्य निर्मला मैंदोली ने कहा कि बच्चों का स्वस्थ रहना उनके शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो रहा है।

कार्यक्रम समन्वयक एवं काउंसलर विपिन सेमवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अभिभावकों के सहयोग से 1 से 19 वर्ष तक के सभी लक्षित बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने का अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों में निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों को दवा उपलब्ध कराई गई।

उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनके स्वास्थ्य, पोषण स्तर और शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव डालना है।

साथ ही बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता और हाथ धोने की आदतों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में हैंडवॉश सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक आईईसी हरेंद्र सिंह नेगी, सोशल वर्कर एनटीसीपी दिगपाल कंडारी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मंदाकिनी में प्लास्टिक फेंकने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान पवित्र मंदाकिनी नदी में प्लास्टिक कचरा तैरने के वायरल वीडियो सामने आने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यात्रा मार्ग, नदी या पहाड़ियों में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मंदाकिनी नदी को प्रदूषित करने वाले किसी भी व्यक्ति, व्यापारी या असामाजिक तत्व को किसी भी हालत में बख्शा न जाए। उन्होंने यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी रखने और प्लास्टिक कचरे के अनुचित निस्तारण पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।



प्रशासन द्वारा यात्रा मार्ग पर स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सुलभ इंटरनेशनल के 400 से अधिक सफाई कर्मियों को सीतापुर से केदारनाथ धाम तक तैनात किया गया है। इनमें से 110 सफाई कर्मी केवल गौरीकुंड क्षेत्र में कार्यरत हैं। सोनप्रयाग में प्लास्टिक कचरे को कॉम्पैक्ट करने हेतु विशेष मशीनें लगाई गई हैं, जहां अब तक करीब 7 टन प्लास्टिक कचरे को प्रोसेस कर रीसाइक्लिंग के लिए भेजा जा चुका है। वहीं प्रतिदिन 5 से 6 डंपरों के माध्यम से गीले कचरे को रुद्रप्रयाग डंपिंग जोन तक पहुंचाया जा रहा है।यात्रा मार्ग पर 600 से अधिक डस्टबिन लगाए गए हैं तथा पर्यावरण मित्रों की तैनाती कर नियमित सफाई और कचरा संग्रहण किया जा रहा है। बावजूद इसके कुछ लोग अब भी प्लास्टिक एवं अन्य कचरा नदी किनारे और पहाड़ियों से नीचे फेंक रहे हैं, जिससे पर्यावरणीय संकट गहराता जा रहा है। प्रशासन ने नींबू पानी, चाय और अन्य छोटे व्यवसाय संचालित करने वाले व्यापारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे प्लास्टिक कचरा केवल निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। उप जिलाधिकारी अनिल रावत ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया है और संबंधित नोडल अधिकारियों को नदी-नालों एवं अन्य स्थानों पर जमा कचरे के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार यात्रा मार्ग, सार्वजनिक स्थलों और शौचालयों की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है।

■ केदारनाथ यात्रा में स्वच्छता पर प्रशासन सख्त ■ यात्रा मार्ग पर 400 से अधिक सफाई कर्मी दिन-रात जुटे

# उत्तराखंड परिवहन निगम की बसें यात्रा रूट पर भेजे जाने से स्थानीय यात्री परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** चमोली जनपद के थराली क्षेत्र में इन दिनों स्थानीय यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से नियमित रूप से संचालित होने वाली उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों को चारधाम यात्रा रूट पर भेजे जाने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोग मायूस और परेशान नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले थराली-देवाल रूट पर चलने वाली परिवहन निगम की बसें दूर-दराज गांवों के यात्रियों के लिए जीवनरेखा साबित होती थीं।

खासकर देहरादून आने-जाने वाले बुजुर्ग, बीमार और मध्यम वर्गीय परिवार इन्हीं बसों के भरोसे सफर करते थे, लेकिन अब बसों के यात्रा मार्गों पर लगाए जाने से स्थानीय लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। जानकारी के अनुसार, बीते डेढ़ महीने से थराली से देवाल रूट पर संचालित होने वाली परिवहन निगम की बस अपने नियमित मार्ग पर नहीं चल रही है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों को घंटों सड़क किनारे वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है। कई बुजुर्ग और बीमार यात्री इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी यमुना प्रसाद उनियाल, कमलेश देवराड़ी, अनिल जोशी, गंभीर रावत, मुकेश रावत, कमला देवी, पुष्पा देवी, ग्राम प्रधान सुनला भगवती प्रसाद, देवी जोशी ग्राम प्रधान चेपड़ो और महावीर सिंह बिष्ट समेत अन्य लोगों ने सरकार और परिवहन निगम पर उपेक्षा का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बिना स्थानीय जनता की जरूरतों को समझे नियमित बस सेवाओं को यात्रा रूट पर भेज दिया गया, जिससे आम जनता की दिक्कतें बढ़ गई हैं। लोगों का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में पहले से ही वाहनों की कमी बनी रहती है। ऐसे में परिवहन निगम की बसें गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए सबसे सस्ता और भरोसेमंद साधन थीं।

■ यात्रा मार्गों पर लगाए जाने से आवाजाही प्रभावित

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर मंथन





■ स्वच्छ सर्वेक्षण की समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक में सहायक नगर आयुक्त राजवीर चौहान ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून के सभागार में नगर आयुक्त नमामि बंसल के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण समीक्षा एवं प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 के अंतर्गत नगर निगम देहरादून की तैयारियों को और अधिक प्रभावी बनाना तथा नागरिक सहभागिता को बढ़ाना था। विशेष रूप से सिटिजन फडबैक को अधिकतम संख्या में प्राप्त कराने के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस अवसर पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से वर्तमान सिटिजन फडबैक की स्थिति, निर्धारित लक्ष्य, फीडबैक प्राप्त करने के विभिन्न माध्यमों, मोबाइल एप्लीकेशन एवं ऑनलाइन प्रक्रिया की चरणबद्ध जानकारी दी गई। साथ ही सभी प्रतिभागियों को नागरिकों को जागरूक एवं प्रेरित करने के प्रभावी तरीकों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

सहायक नगर आयुक्त राजवीर सिंह चौहान ने बैठक में कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में सिटिजन फडबैक एवं विज़िबल क्लीनलीनेस अत्यंत महत्वपूर्ण पैरामीटर हैं तथा इन दोनों के आधार पर नगरों की रैंकिंग पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों, सफाई निरीक्षकों एवं सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए साफ-सफाई की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाए तथा नागरिकों से अधिक से अधिक फीडबैक प्राप्त कराया जाए।

बैठक में सहायक नगर आयुक्त राजवीर सिंह चौहान ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित गारबेज वलनरेबल प्वाइंट्स पर भी विशेष चर्चा की। सभी सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्रों में ऐसे स्थानों को चिन्हित कर तत्काल साफ कराया जाए तथा भविष्य में वहां पुनः कूड़ा न डाले जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

इसके अतिरिक्त डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, सड़क सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के बाद सभी मुख्य सफाई निरीक्षकों एवं सफाई निरीक्षकों को "स्वच्छ वार्ड रैंकिंग" आयोजित कराने हेतु विस्तृत स्कोरिंग मैट्रिक्स एवं निरीक्षण प्रारूप उपलब्ध कराए गए। इन प्रारूपों के माध्यम से नगर निगम देहरादून के सभी 100 वार्डों का निरीक्षण एवं मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे वार्ड स्तर पर स्वच्छता प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्डों को प्रोत्साहित किया जा सकेगा।

नगर निगम देहरादून द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छ सर्वेक्षण-2025-26 में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें, खुले में कूड़ा न डालें तथा अधिक से अधिक सिटिजन फडबैक प्रदान कर देहरादून को देश के अग्रणी स्वच्छ शहरों में स्थान दिलाने में सहयोग करें।बैठक में नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त,मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, नव नियुक्त सफाई निरीक्षक, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, नगर निगम के सुपरवाइजर्स, पीएमसी सुपरवाइजर्स सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीएम ने विकास योजनाओं के लिए दी 135 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विकास योजनाओं के सुचारू संचालन तथा विकास कार्यों के प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये हैं कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनहित के कार्यों में तेजी लाई जा सके।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद उधम सिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र सितारगंज में निर्माणाधीन पर्वतीय विकास भवन के अवशेष कार्य के लिए 79.87 लाख, खटीमा में शहीद स्थल पर शेड निर्माण के लिए अवशेष 20.41 लाख, जनपद टिहरी के धनौल्टी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विराड़ में नाग देवता मंदिर के नवनिर्माण एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 49.86 लाख, देवप्रयाग क्षेत्र में सूर्य देवी मंदिर पलेठी बनगढ़ के सौन्दर्यीकरण के लिए 98.59 लाख के साथ जनपद पिथौरागढ़ में धारचूला क्षेत्र के दांतू गांव में ऐतिहासिक भवनों के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण के लिए 35.00 लाख स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा डॉ० आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के निर्वतन व्यय के लिए कुल 2.75 करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के निर्वतन व्यय के लिए कुल 7.57 करोड की धनराशि अवमुक्त किये जाने का भी अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा इस वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत पुलिस विभाग के विभिन्न अधिष्ठानों हेतु प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष 50 प्रतिशत राशि 35.74 करोड अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जबकि होमगाड्र्स विभाग के लिए प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष 1.00 करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने का भी अनुमोदन मुख्यमंत्री द्वारा प्रदान किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल में मोलन-खण्डाह-भिंताई मोटर मार्ग का नाम शहीद कमल सिंह नेगी के नाम पर रखे जाने को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# रायपुर में बिना लाइसेंस शराब पिलाने वाले दो ढाबा संचालक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी में अवैध गतिविधियों और नशे के खिलाफ दून पुलिस का श्ऑपरेशन प्रहारश जारी है। इसी कड़ी में थाना रायपुर पुलिस ने मालदेवता क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए दो प्रतिष्ठान संचालकों को गिरफ्तार किया है। ये संचालक बिना किसी वैध लाइसेंस या परमिट के अपने होटलों और ढाबों में अवैध रूप से शराब पिला रहे थे। पुलिस ने आरो. पियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों को रो. कने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सघन चेकिंग और सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में रायपुर थाना पुलिस की टीम ने बुधवार की रात मालदेवता क्षेत्र में होटलों और ढाबों का औचक निरीक्षण किया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने पाया कि दो अलग-अलग स्थानों पर सरेआम शराब पिलाई जा रही थी।

पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दीपक बिष्ट (20 वर्ष), निवासी हरीपुर नवादा और मदन सिंह पुंडीर (65 वर्ष), निवासी मालदेवता को गिरफ्तार किया। कार्यवाही के दौरान मौके पर बैठकर शराब पी रहे अन्य लोगों को भी पुलिस थाने ले आई, जिनके विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट के तहत चालान की कार्यवाही की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### चम्पावत गैंगरेप पर कांग्रेस ने बोला सरकार पर हमला

# देवभूमि की अस्मिता तार-तार कर रहे भाजपाई: गोदियाल

■ 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' व 'नारी शक्ति वंदन' का नारा पूरी तरह बेनकाब ■ देवभूमि की अस्मिता को कलंकित करने वालों को संरक्षण दे रही सरकार

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के गृह जनपद चम्पावत में 16 वर्षीय नाबालिग के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने उत्तराखंड की राजनीति में भूचाल ला दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि "देवभूमि की अस्मिता को कलं. कत करने वाली घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में लगी है।"

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस शर्मनाक घटना में भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष पूरन सिंह रावत का नाम सामने आने से भाजपा का 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' और 'नारी शक्ति वंदन' का नारा पूरी तरह बेनकाब हो गया है। गोदियाल ने कहा कि राज्य में महिला अपराधों की अधिकतर घटनाओं में सत्ताधारी दल से जुड़े लोगों के नाम सामने आना बेहद गंभीर और चिंताजनक है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह के माध्यम से जारी बयान में गोदियाल ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

## आज प्रदेशभर के जिला व महानगर मुख्यालयों पर होगा विरोध-प्रदर्शन

कांग्रेस ने इस मुद्दे पर प्रदेशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। डॉ. प्रतिमा सिंह ने बताया कि कल (आज) को प्रदेशभर के जिला और महानगर मुख्यालयों पर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा। साथ ही महिला अस्मिता और सुरक्षा को लेकर जल्द ही बड़ा आंदोलन भी शुरू किया जाएगा।

महिलाओं और बेटियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार कार्रवाई की बजाय लीपापोती में जुटी है।

गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि अंकिता भंडारी हत्याकांड से लेकर हरिद्वार, रुद्रपुर, द्वाराहाट, बहादराबाद, लालकुआं और अल्मोड़ा तक महिला अपराधों में भाजपा नेताओं या उनसे जुड़े लोगों के नाम सामने आए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड जैसे शांत और सांस्कृतिक राज्य में लगातार हो रही सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

### एक नजर .......

## चंपावत गैंगरेप कांड पर कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, सीएम का इस्तीफा मांगा



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** चंपावत में नाबालिग से कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कैंट विधानसभा क्षेत्र के यमुना कॉलोनी चौक, चकराता रोड पर युवा कांग्रेस नेता रितेश छेत्री के संयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला फूंका और मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग उठाई।

गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि चंपावत की घटना ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है।

रितेश छेत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड एक बार फिर शर्मसार हुई है। अंकिता भंडारी को तीन साल बाद भी न्याय नहीं मिला और अब मुख्यमंत्री की अपनी विधानसभा चंपावत में 16 वर्षीय बेटी के साथ दरिंदगी की घटना सामने आई है।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।इस दौरान पीयूष जोशी, माही जेटली, राजीव प्रजापति, प्रिया थापा, कासिम चौधरी, प्रियांशु गौड़, वंश सूद व रहमान आदि उपस्थित रहे।

## एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट किया शुरू

**देहरादून।** भारत के सबसे भरोसेमंद और ग्राहक-केंद्रित ब्रांडों में से एक, लिवप्योर, जो उपभोक्ताओं के बेहतर जीवन और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, ने आज ऋषिकेश, उत्तराखंड में अपने नए एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) के शुभारंभ की घोषणा की। यह नया आउटलेट उत्तराखंड में लिवप्योर की ऑफलाइन विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके माध्यम से ब्रांड अपने वेलनेस-केंद्रित घरेलू समाधानों के व्यापक इकोसिस्टम को क्षेत्र के उपभोक्ताओं के और करीब ला रहा है।एक अनुभव-प्रधान रिटेल डेस्टिनेशन के रूप में तैयार किया गया ऋषिकेश ईबीओ उपभोक्ताओं को एक आकर्षक और मार्गदर्शित माहौल प्रदान करता है, जहां वे लिवप्योर के वाटर प्यूरीफिकेशन, किचन अप्लायंसेज और एयर सॉल्यूशंस की रेंज को देख और समझ सकते हैं।पहले लॉन्च किए गए अपने कई एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स की सफलता के आधार पर, लिवप्योर पारदर्शी संवाद, स्टोर में उत्पाद शिक्षा और हाथों-हाथ उत्पाद अनुभव के माध्यम से उपभोक्ता विश्वास को मजबूत करने में लगातार निवेश कर रहा है।

## दिव्यांगजनों के लिए 600 से अधिक यूडीआईडी कार्ड जारी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी सविन बंसल की विशेष पहल पर देहरादून में दिव्यांगजनों के लिए सरकारी सुविधाएं अब उनके द्वार तक पहुँच रही हैं। कर्जन रोड स्थित गांधी शताब्दी जिला चिकित्सालय में संचालित जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) दिव्यांगजनों के लिए एक बड़े सहारे के रूप में उभरा है। डीएम की इस मुहिम का असर है कि सितंबर 2025 से अब तक 600 से अधिक दिव्यांगों के यूडीआईडी (यूनिक डिसेबिलिटी आईडी) कार्ड बनाए जा चुके हैं।दिव्यांगजनों की सहूलियत के लिए गांधी शताब्दी अस्पताल में प्रत्येक बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन की इस सक्रियता से न केवल नए प्रमाण पत्र बन रहे हैं, बल्कि पुराने पत्रों के नवीनीकरण का कार्य भी तेजी से हो रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, इस अवधि में 600 नए प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं और 250 का नवीनीकरण किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2009 से अब तक जनपद में कुल 30,739 दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए जा चुके हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि दिव्यांग बोर्ड की सेवाएं नियमित रूप से दी जा रही हैं। जहां गांधी शताब्दी अस्पताल में बुधवार को बोर्ड बैठता है, वहीं उप जिला चिकित्सालय (एसडीएच) विकासनगर में प्रत्येक मंगलवार को दिव्यांगों की जांच कर उन्हें प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं।

# टिहरी क्षेत्र को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में किया जाए विकसित: सीएस

■ मुख्य सचिव ने ली वन स्टेट वन ग्लोबल डेस्टिनेशन को लेकर बैठक



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरुवार को सचिवालय में टिहरी झील क्षेत्र को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किए जाने हेतु संबंधित विभागों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक राज्य एक ग्लोबल डेस्टिनेशन के तहत् टिहरी झील रिंग रोड एवं आसपास के क्षेत्र को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किए जाने के लिए एक कोम्प्रेहेंसिवे प्लान तैयार किया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि टिहरी स्पेशल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी पूरे क्षेत्र को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए डेस्टिनेशन मैनेजमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीएमओ) के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि टिहरी झील क्षेत्र को ग्लोबल डेस्टिनेशन के रूप में विक. सित करने के लिए एक व्यापक एवं सम्पूर्ण कार्ययोजना तैयार की जाए। जिसमें टिहरी झील रिंग रोड का निर्माण, आईकोनिक ब्रिज और हरे-भरे पैदल मार्ग शामिल हों। जहां एक ओर एडवेंचर टूरिस्ट के साथ-साथ वेलनेस सेंटर्स हों तो दूसरी ओर ईको पार्क और प्राकृतिक व्यू पॉइन्ट्स हों। उन्होंने कहा कि इसमें फेजवाइज काम किया जा सकता है, परन्तु योजना एक बार में सर्म्पूण रूप से तैयार की जाए।

मुख्य सचिव ने टिहरी पहुँचने के लिए एंड टू एंड कनेक्टिविटी पर भी फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्गों को चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यीकरण किए जाने की भी बात कही। कहा कि नए रूट्स की सम्भावनाएं भी तलाशी जाएं। उन्होंने साईट स्पेसिफिक कंस्ट्रक्शन पर जोर देते हुए पूरे क्षेत्र में ग्रीन एरिया एवं प्राकृतिक सौन्दर्यता को बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने परियोजना में वॉटरड्रोम और वॉटरपोर्ट को भी शामिल किए जाने की बात कही। कहा कि आइकोनिक पुलों का निर्माण एवं डिजाईन में सी-प्लेन के परियोजना को ध्यान में रखते हुए किया जाए।

उन्होंने डोबराचांटी पुल के पास स्थित हेलीपैड को हेलीपोर्ट के रूप में विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि इस परियोजना में कार्य करने वाली सभी संस्थाएं आपनी तालमेल के साथ कार्य करें। इस अवसर पर सचिव सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, धीराज गर्ब्याल, अपर सचिव विनीत कुमार एवं अभिषेक रोहिला सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मानसून से पहले पेयजल की गुणवत्ता जांचें, लापरवाही पर सीडीओ सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अभिनव शाह ने जल जीवन मिशन के कार्यों में ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों को आड़े हाथों लिया है। गुरुवार को विकास भवन में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि मिशन का लक्ष्य केवल पाइप लाइन बिछाना नहीं, बल्कि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। डोईवाला ब्लॉक में गुणवत्ता जांच कार्य शुरू न होने पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने संबंधित इंजीनियरों से स्पष्टीकरण मांगा है। सीडीओ ने निर्देश दिए कि मानसून के आगमन से पहले जिले के सभी विकासखंडों में पानी के सैंपलों की जांच पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल समितियां निष्क्रिय हैं, उनका तत्काल पुनर्गठन किया जाए। साथ ही, नल जल मित्र कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित युवाओं को जिम्मेदारी सौंपते हुए उनका मानदेय तय करने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का रखरखाव बेहतर तरीके से हो सके।बैठक में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को ब्लॉक स्तर पर रूट चार्ट तैयार करने और वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा ताकि गांवों से प्लास्टिक वेस्ट का उठान नियमित रूप से हो सके।अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि जिले की 760 पेयजल योजनाओं में से 734 पूर्ण हो चुकी हैं।

# श्रीनगर में वायु गुणवत्ता में सुधार संतोषजनक श्रेणी में पहुंचा

■ 90 से 104 के बीच दर्ज किया गया एक्यूआई

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग स्थित हिमालयी वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला द्वारा श्रीनगर गढ़वाल की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पर तीसरा बुलेटिन जारी किया गया। बुलेटिन में हाल के मौसमीय परिवर्तनों, जंगलों की आग, ब्लैक कार्बन तथा बायोमास बर्निंग के प्रभावों का वैज्ञानिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। शोध प्रयोगशाला में डॉ. आलोक सागर गौतम तथा उनकी शोध टीम अमनदीप विश्वकर्मा, अंकित कुमार और सरस्वती रावत द्वारा 30 अप्रैल से 07 मई 2026 के बीच किए गए अध्ययन में पाया गया कि हाल की वर्षा, तापमान में कमी और वातावरण में बढ़ी नमी के कारण श्रीनगर की वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। अध्ययन के अनुसार 30 अप्रैल को एक्यूआई 239.52 दर्ज किया गया था, जो खराब श्रेणी में था। मौसम में बदलाव के चलते प्रदूषण स्तर लगातार घटता गया।

# चंपावत सामूहिक दुष्कर्म: कांग्रेस ने सीएस को सौंपा आक्रोश पत्र

■ दोषी भाजपा नेता व उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर फांसी देने की मांग ■ महिला अपराधों में भाजपा के पदाधिकारी व सरकार में दायित्वधारी शामिल: धस्माना

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड के चंपावत में बीते दिनों नाबालिग लड़की के अगुवा करने व उसके साथ भाजपा के नेता व उसके दो मित्रों के द्वारा चाकू की नोक पर दुराचार करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

इस मामले में गुरुवार को एआईसीसी सदस्य व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मुख्य सचिव आनंद वर्धन को आक्रोश पत्र सौंप कर दुराचार के दोषी भाजपा नेता व उसके सहयोगियों को गिरफ्तार कर कड़ी साजा दिलाने की मांग की।

उन्होने चेतावनी दी कि अगर दोषियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं की गई और राज्य में महिलाओं के खिलाफ हो रही हिंसा, बलात्कार पर रोक नहीं लगाई गई तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे और राज्यपाल व मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा।

धस्माना ने कहा कि महिला अपराध के मामलों में उत्तराखंड देश के हिमालयी राज्यों में सबसे पहले पायदान पर खड़ा है जिससे आज पूरा प्रदेश शर्मशार है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड से लेकर पांच मई को घटित चंपावत की अपहरण व रेप की घटना के अधिकांश मामलों में भाजपा के पदाधिकारी व सरकार में दायित्वधारी शामिल हैं और अनेक मामलों में पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में ढील बरत कर अपराधियों को बचने व जमानत का मौका दिया।

मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को आश्वा. सन दिया कि वे पुलिस व प्रशासन को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश देंगे।

इस मौके पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी, प्रदेश महासचिव जगदीश धीमान, प्रदेश कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश कौशल व अनुज दत्त शर्मा शामिल रहे।

# एमडीडीए का बड़ा एक्शन: अवैध निर्माणों पर चला सीलिंग अभियान



■ पटेलनगर-देहराखास में दो निर्माण किए सील ■ एमडीडीए उपाध्यक्ष का सख्त संदेश, बिना अनुमति निर्माण पर जीरो टॉलरेंस ■ एमडीडीए के एक्शन से अवैध निर्माण पर कड़ा प्रहार

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने राजधानी में अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दो प्रमुख स्थानों पर सीलिंग अभियान चलाया। प्राधिकरण की टीम ने पटेल नगर सहारनपुर रोड और देहराखास क्षेत्र में नियमों के विपरीत बनाए जा रहे निर्माणों को चिन्हित कर उन्हें सील कर दिया। प्राधिकरण ने यह साफ संदेश गया है कि बिना स्वीकृति के निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसी क्रम में पटेल नगर सहारनपुर रोड पर मनी गर्ग द्वारा कराए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे सील किया गया। इसी तरह देहराखास क्षेत्र में विपिन कुमार वर्मा द्वारा किए जा रहे अवैध आवासीय निर्माण को भी सील कर दिया गया।

जांच के दौरान पाया गया कि दोनों निर्माण बिना स्वीकृत नक्शे और आवश्यक अनुमति के किए जा रहे थे, जो प्राधिकरण के नियमों का सीधा उल्लंघन है। जिस पर संयुक्त सचिव प्रत्यूस सिंह द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुये सीलिंग के ओदश पारित किये गये कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता निशान्त कुकरेती, अवर अभियंता जयदीप राणा और सुप. रवाइजर की टीम मौजूद रही। एमडीडीए की इस कार्रवाई को शहर में बढ़ते अवैध निर्माण पर लगाम लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा: बंशीधर तिवारी



एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र और अनुमति के किए जा रहे निर्माण न केवल नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि शहर के सुनियोजित और संतुलित विकास के लिए गंभीर चुनौती भी हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं और जहां भी अवैध निर्माण की सूचना मिलती है, वहां तत्काल कार्रवाई की जाती है। तिवारी ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी निर्माण कार्य को शुरू करने से पहले आवश्यक स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी: बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माणों के खिलाफ प्राधिकरण का अभियान लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी और बिना अनुमति निर्माण करने वालों को किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी। शहर के सुनियोजित विकास, ट्रैफिक प्रबंधन और बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई बेहद आवश्यक है।

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001
कारपोरेट आईडेन्टीटी सं.: UA40109UP2001SGC025867/2358 दूरभाष सं.: 0135-2763672-76, वेबसाईटः www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II/20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पांच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 21.05.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 22.05.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा।

अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया बेवसाईट **www.uktenders.gov.in** को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

No. 321/ EE(CM) / UPCL / A-2 Dt. 07.05.2026

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185/फैक्स सं० 0135-2760911 पर दें)

# चंपावत में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने चंपावत में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने में देरी का आरोप लगाते हुए देवपुरा चौक पर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष संतोष चौहान ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देकर सत्ता में आयी भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं है। भाजपा के नेता ही महिलाओं और बेटियों का शोषण कर रहे हैं। पूर्व विधायक रामयश सिंह और महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को प्रदेश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी और चुनाव में इसका जवाब देगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजबीर सिंह और महेश प्रताप राणा ने कहा कि महिला अपराध में संलिप्त भाजपा पदाधिकारियों को सत्ता का संरक्षण बेहद शर्मनाक और खेदजनक है। महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव और महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि अंकिता भण्डारी हत्याकांड में आज तक वीआईपी की गिरफ्तारी न होना सरकार के मुंह पर तमाचा है और अब नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म ने पूरे प्रदेश को शर्मसार कर दिया है। पार्षद हिमांशु गुप्ता और पार्षद सोहित सेठी ने कहा कि भाजपा सरकार में बेटियां असुरक्षित हैं। जिससे आमजन में भारी नाराजगी है और इसका खामियाजा भाजपा सरकार को भुगतना पड़ेगा। ब्लॉक अध्यक्ष मायापुर अजय गिरी और ब्लॉक अध्यक्ष आर्यनगर रचना शर्मा ने कहा कि यदि सरकार ने चंपावत के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगी। यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव उत्कर्ष वालिया और ब्लॉक अध्यक्ष शिवालिक नगर मोहन सिंह राणा ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा को बढ़ते महिला अपराध और उसमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता पर शर्म आनी चाहिए। प्रदर्शन और पुतला दहन में मुख्य रूप से पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजू द्विवेदी, प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस नलिनी दीक्षित, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट विवेक जागरिया, पीसीसी सदस्य राहुल चौधरी, हिमांशु राजपूत, विजय प्रजापति, अरूण राघव, मार्कण्डेय सिंह, धनीराम शर्मा, शिवा राजपूत, सीपी सिंह, बीएस तेजियान, सतेंद्र वर्मा, अखिल त्यागी, मंजू गोस्वामी, ऋषभ वशिष्ठ, सरदार रमणीक सिंह, आशीष पंवार, जेएस तोमर, गोविंद पाण्डेय, भारत कुमार, नंदन कुमार, अरूण चौहान, जासिद अंसारी, ओम मलिक, करन सिंह राणा, अरविंद कुमार, सुभद्रा अग्रवाल, रितेश पांडेय, मोहित अरियाल, रमन शर्मा, आशु भारद्वाज, अभिषेक मिश्रा, अंकित चौधरी, ऋषभ वशिष्ठ, शुभम जोशी, आशीष प्रधान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चारधाम और कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर प्रशासन सख्त

# जिलाधिकारी ने हरकी पौड़ी क्षेत्र में हटवाया अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरकी पौड़ी से लेकर भीमगोड़ा क्षेत्र तक चारधाम यात्रा और आगामी कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को स्वयं मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा फुटपाथ और नालियों के ऊपर अस्थायी अतिक्रमण कर दुकानें संचालित की जा रही थीं। इससे श्रद्धालुओं और आम लोगों के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने मौके पर ही अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए और आगे बढ़ी दुकानों को तत्काल पीछे हटवाया।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यात्रा मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी दुकान फुटपाथ, सड़क या नालियों के ऊपर संचालित नहीं होनी चाहिए। प्रशासन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि हरिद्वार में आगामी दिनों में चारधाम यात्रा और कांवड़ मेले के चलते लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई और पैदल मार्गों को बाधारहित बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को नियमित रूप से निगरानी रखने और आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं।

इस दौरान सचिन कुमार और संजीत कंडारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद

## बहादराबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो वारंटी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत केतवाली बहादराबाद पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर कार्रवाई करते हुए दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। बहादराबाद कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गुरुवार को दबिश देकर दोनों आरोपियों को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। वारंटियों में पुत्र रतन सिंह निवासी अत्मलपुर बौंगला, बहादराबाद है जो वाद संख्या 314/24 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित मामले में वांछित चल रहा था। वहीं दूसरे आरोपी पुत्र सुरेश कुमार निवासी मूलदासपुर माजरा, बहादराबाद को आबकारी अधिनियम के मामले में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक प्रदीप राठौर, कां. प्रीतम तोमर, आरपीडी जवाना अमजद अली शामिल रहे।

# स्वाद ए महोत्सव का आयोजन 9 मई से

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शहर में पहली बार फूड, आर्ट और शॉपिंग का अनोखा संगम स्वाद ए महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इवेंट हेल्पर द्वारा 9 एवं 10 मई को भेल सेक्टर-4 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किए जा रहे संगम ए स्वाद महोत्सव में लोग खरीददारी करने के साथ लजिज स्ट्रीट फूड, विभिन्न क्षेत्रीय और उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ भी उठा सकेंगे। प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान पत्रकारों को जानकारी देते हुए क्रिएटिव डायरेक्टर आकाश ऋतुराज भारतीय ने बताया कि फेस्टिवल में लजिज व्यंजनों के स्टॉल के साथ फैशन, हैंडीक्राफ्ट और लाइफस्टाइल उत्पादों का शॉपिंग बाजार आकर्षण का केंद्र रहेगा। आकाश ऋतुराज ने बताया कि महोत्सव में लाइव म्यूजिक, डांस एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, आर्ट एग्जिबिशन और रचनात्मक प्रदर्शनियां भी होंगी। परिवार एवं बच्चों के लिए विशेष एंटरटेनमेंट जोन बनाए गए हैं। प्रतिभावान कलाकारों को अपनी कला दिखाने का मंच भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि संगम ए स्वाद के आयोजन का उद्देश्य हरिद्वार में ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना है जहां आकर लोग एक साथ भोजन, कला, शॉपिंग और मनोरंजन का आनंद ले सकें। स्थानीय व्यवसायों को भी अपने उत्पाद दिखाने का अवसर मिलेगा। इससे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और यह आयोजन अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा। प्रेसवार्ता के दौरान अर्चना पांडे, ध्रुव शर्मा, क्षितिज आदि भी मौजूद रहे।

# गंगनहर में मिले शव की ज्वालापुर पुलिस ने कराई पहचान, परिजनों को मिले अंतिम दर्शन

## 72 घंटे पूरे होने से पहले आई एक कॉल, कमला चौहान की मेहनत से परिवार तक पहुंची सूचना

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में गंगनहर से बरामद हुए एक अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान कर उसे परिजनों तक पहुंचाने में ज्वालापुर पुलिस ने संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। खास बात यह रही कि शव की पहचान के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी और 72 घंटे पूरे होने के बाद अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किए जाने की प्रक्रिया शुरू होने ही वाली थी कि तभी एक कॉल ने पूरे मामले की दिशा बदल दी। चार मई को जटवाड़ा पुल स्थित रेगुलेटर क्षेत्र के पास गंगनहर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया, लेकिन मृतक के पास कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिलने से पहचान करना चुनौती बना हुआ था। जांच के दौरान पुलिस को मृतक के कपड़ों से एक टूटा और खराब मोबाइल फोन मिला। फोन काम नहीं कर रहा था, लेकिन उसमें मौजूद सिम कार्ड को पुलिस ने सक्रिय रखने का प्रयास जारी रखा। प्रभारी निरीक्षक चंद्रभान सिंह अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार नंबर से जुड़े लोगों तक पहुंचने में जुटी रही। इसी बीच 72 घंटे पूरे होने से ठीक पहले उस नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि नंबर "बिट्टू" नाम के व्यक्ति का है, जो उसके यहां कारपेंटर का कार्य करता था। इसके बाद पुलिस ने दूसरे संपर्क नंबरों के जरिए परिवार तक पहुंच बनाई। मृतक की पुत्री हंसा देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता ताराचंद उर्फ बिट्टू निवासी राजगढ़ मंडी, हिमाचल प्रदेश, रोजगार की तलाश में घर से निकले थे और कई दिनों से लापता थे। पुलिस ने फोटो भेजकर पहचान कराई, जिसके बाद मृतक का पुत्र नवीन कुमार हरिद्वार पहुंचा और मोर्चरी में शव की पहचान की पुष्टि की। समय रहते पहचान होने से परिजनों को अपने पिता के अंतिम दर्शन हो सके। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया, जिसके बाद परिजनों ने रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया। भावुक परिजनों ने ज्वालापुर पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि अगर पुलिस लगातार प्रयास नहीं करती तो उन्हें अपने पिता के अंतिम दर्शन भी नसीब नहीं हो पाते। पूरे घटनाक्रम में अ0उ0नि0 कमला चौहान की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही। लगातार संपर्क साधने और तकनीकी जानकारी जुटाने में उनकी मेहनत रंग लाई। कांस्टेबल मनोज डोभाल ने भी जांच में अहम सहयोग किया।

## 13 वर्षीय किशोर लापता

**हरिद्वार।** सिडकुल थाना क्षेत्र से 13 वर्षीय किशोर के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। ब्रह्मपुरी रावली महदूद निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र पांच मई की शाम करीब छह बजे घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। एसओ अजय शाह ने बताया कि किशोर की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

## शांतिभंग में युवक का चालान

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर हंगामा और झगड़ा कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान किया है। एसएसआई हर्ष अरोड़ा ने बताया कि बाल्मीकि बस्ती क्षेत्र में एक युवक के झगड़ा करने और शोर-शराबा मचाने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से रामकुमार निवासी बाल्मीकि बस्ती को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद उसका शांतिभंग में चालान कर दिया गया।

## बेमौसम बारिश से किसानों पर संकट, गेहूं व मूंग की फसल को भारी नुकसान की आशंका

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** विकास खंड की ग्राम पंचायत अहमदपुर ग्रंट के आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल भीग गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका है। किसानों का कहना है कि लगातार बदलते मौसम और बारिश के कारण गेहूं की गुणवत्ता और उपज दोनों प्रभावित हो रही हैं। किसान गुरमीत सिंह, दीपक ने बताया कि बारिश के पानी से भीगने के कारण गेहूं के दाने की गुणवत्ता खराब होने लगी है। इससे उत्पादन में कमी आने के साथ बाजार में उचित मूल्य मिलने की उम्मीद भी कम हो गई है। वहीं, बारिश का असर मूंग की फसल पर भी पड़ा है। किसान विरेन्द्र ने जानकारी दी कि बारिश के चलते मूंग की फसल में रोग आया है, जिससे फसल प्रभावित हो रही है। किसानों को अब खरपतवार नियंत्रण के लिए अतिरिक्त मेहनत और लागत का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग द्वारा अगले कुछ दिनों तक मौसम खराब रहने और बारिश की संभावना जताए जाने के बाद किसानों की चिंता और बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि यदि लगातार बारिश होती रही तो गेहूं और मूंग सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। इसका असर किसानों की आय और आजीविका पर सीधे तौर पर पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान अब मौसम साफ होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं ताकि किसी तरह अपनी बची हुई फसल को सुरक्षित किया जा सके। किसानों का कहना है कि खेती पूरी तरह मौसम पर निर्भर है और इस तरह की प्राकृतिक मार से उबरना उनके लिए बेहद कठिन होता जा रहा है।

# निजी विद्यालयों में बच्चों के शोषण का आरोप, यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** निजी विद्यालयों में बच्चों के साथ शोषण का आरोप लगाते हुए युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष कैश खुराना के नेतृत्व में जगजीतपुर पुलिस चौकी के बाहर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैश खुराना और पूर्व सभासद अशोक शर्मा ने कहा कि पिछले महीने एक निजी विद्यालय में छोटी बच्ची के साथ शिक्षक ने दुराचार किया और फरार हो गया। पुलिस अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इस घटना को देखते हुए समस्त निजी विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन होना चाहिए। शिक्षक के नाम पर अपराधी विद्यालयों में शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अपराध बढ़ रहे हैं और अपराधी खुलेआम अपराध कर घूम रहे हैं। नितिन तेश्वर और हिमांशु बहुगुणा ने कहा कि प्रदेश में बच्चियों के साथ शोषण की घटनाएं बढ़ रही है। अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। स्कूलों में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए निजी विद्यालयों के समस्त स्टाफ का सत्यापन जरूरी है। अन्यथा अपराध बढ़ते रहेंगे। आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ अपराधियों को बचाने का कार्य कर रही है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौकी पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्यवाही चल रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्य चौहान, शुभम जोशी, ऋषभ, दिनेश कुमार, परितोष त्यागी, लक्की महाजन, नरेश सेमवाल, अमन अंसारी, राहुल चौधरी, मोहन राणा, आशु श्रीवास्तव, डा.मेहरबान आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल पुलिस ने रात के समय चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। एसएचओ देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बुधवार रात पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान जमालपुर फ्लाईओवर के नीचे एक युवक संदिग्ध हालत में घूमता मिला। पुलिस ने रोककर तलाशी ली तो उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुलजार निवासी जमालपुर कलां थाना कनखल बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## ड्रिंक एंड ड्राइव में दो दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ड्रिंक एंड ड्राईव के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए रानीपुर कोतवाली पुलिस ने नशे की हालत में सड़कों पर दोपहिया वाहन दौड़ा रहे दो व्यक्तियों को शिवालिक नगर में रात्रि चेकिंग के दौरान बाईक व स्कूटी दौड़ाते मिले मोहल्ला चौहानान निवासी नकुल शर्मा व कटहरा बाजार ज्वालापुर निवासी सागर का मेडिकल कराने के बाद एमवी एक्ट के अंतर्गत हिरासत में लेते हुए वाहनों को सीज कर दिया। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक रीना कुंवर, कां. नरेन्द्र राणा व अमित राणा शामिल रहे।

# सवा लाख की स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करते हुए कोतवाली रानीपुर ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर करीब सवा लाख की स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकद्मा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। आरोपी के खिलाफ थाना बहादराबाद में विभिन्न धाराओं में पूर्व में भी कई मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस मुख्यालय से चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर रानीपुर कोतवाली पुलिस नशा तस्करो के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में बुधवार की रात चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने पल्टूराम चौक के पास मैदान से मयंक उर्फ करन पुत्र ललित कुमार निवासी अतमलपुर बौंगला बहादराबाद को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 12.75 ग्राम स्मैक और 300 रूपए बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार बरामद स्मैक की कीमत लगभग सवा लाख रूपए है। पूछताछ में उसने बताया कि बरामद स्मैक वह रावली महदूद से एक लड़के से लेकर आया है। जिसकी एक बिट वह 300 रूपए में बेच चुका है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी, अपर उपनिरीक्षक सुबोध घिल्डियाल, कांस्टेबल बीर सिंह व अर्जुन सिंह शामिल रहे।

# महिला सशक्तिकरण को लेकर बैठक आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** महिला सशक्तिकरण एंव बाल विकास परिसर रोशनाबाद में महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर डा.मनु शिवपुरी, डीपीओ अविनाश भदौरिया, खंड विकास अधिकारी रुड़की सुमन कुटियाल, वरिष्ठ पत्रकार शशि शर्मा, अधिवक्ता रश्मि उपाध्याय उपस्थित रहे। इस दौरान महिला सुरक्षा एवं अस्मिता को सम्मान और अधिकार प्रदान करने हेतु अभिलेखों का अध्ययन किया गया और नके क्रियान्वन को लेकर चर्चा की गई। डा.मनु शिवपुरी ने बताया कि बैठक में समाज की मनोदशा सुधारने, सही दिशा प्रदान करने, निरंतर भटकाव की सूचनाओं के चलते बच्चों के प्रति माता-पिता की भूमिका, स्कूल कॉलेज का वातावरण, कार्य स्थल पर महिलाओं काी सुरक्षा आदि मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा अगली मीटिंग के विषय निर्धारित किए गए।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक संपत्ति जिसका कुल क्षेत्रफल 520 वर्गफुट यानि 48.30 वर्गमीटर जो कि स्थित ग्राम आन्नेकी हेत्तमपुर, परगना रूड़की, तहसील व जिला हरिद्वार है को मैं उक्त संपत्ति के स्वामी किरता उर्फ किरता सिंह पुत्र श्री पदम सिंह निवासी ग्राम आन्नेकी हेत्तमपुर, परगना रूड़की, तहसील व जिला हरिद्वार से क्रय करने जा रहा हूं। इसके लिये मैंने आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से ऋण लेने हेतु आवेदन किया है। यदि उक्त वर्णित संपत्ति और इस संपत्ति को मेरे द्वारा क्रय करने में किसी को कोई आपत्ति/दावा तो सात दिन के अंदर आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, नियर गीत गोविंद बैंकट हॉल, रानीपुर मोड, हरिद्वार में अपनी आपत्ति/दावा करें। इसके अलावा मेरे निम्न पते पर भी आपत्ति/दावा किया जा सकता है। सात दिन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति/दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। संदीप कुमार पुत्र श्री दिवारी लाल निवासी ग्राम इमादपुर, पोस्ट बिल्सड, राजा का रामपुर देहात, उत्तर-प्रदेश, हाल निवासी नवोदय नगर, रोशनाबाद, हरिद्वार, उत्तराखण्ड संपर्क-81939 27221

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी विश्व बंधु शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री आनंद स्वरूप, निवासी 14 गोकुल अपार्टमेंट, खड़खडी व संदीप कपूर पुत्र श्री राममूर्ति वीर निवासी 366 विवेक, विहार, हरिद्वार, उत्तराखंड की एक संपत्ति जिसका कुल क्षेत्रफल 200 वर्गफुट यानि 18.58 वर्गमीटर और कुल कवर्ड एरिया मय सुपर एरिया 18.58 वर्गमीटर है जो स्थित विष्णु घाट, हरिद्वार, परगना ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार है जो कि दिनांकित 23/09/1995 को उप-निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही संख्या-01, जिन्द संख्या-944/964, पेज संख्या-60/249/254, दस्तावेज संख्या-2442 है। यह असल विक्रय पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। इस बाबत पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। उक्त असल विक्रय पत्र को किसी व्यक्ति/ वित्तीय संस्थान/बैंक/ न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई दुरूपयोग किया गया है। इस संबंध में किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो अद्योहस्ताक्षरी को सात दिन के अंदर सूचित करें। सात दिनों के बाद भी प्रकार की आपत्ति/दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आशीष पंवार, अधिवक्ता, चैबर नंबर 537 न्यायालय रोशनाबाद, हरिद्वार, संपर्क-8532892904, 9719274771

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोरख सेवा समिति, प्लॉट नंबर 48, आर के पुरम कॉलोनी, बैरियर नंबर 6 के पास, हरिद्वार उत्तराखंड, पिन कोड-249402 के नाम से एक समिति को उप-निबंधक, फर्म्स, सोसायटी एवं चिट्स, रोशनाबाद, हरिद्वार के कार्यालय में पंजीकृत कराना है। किसी भी व्यक्ति को उक्त समिति के पंजीकरण होने से कोई आपित्त है तो वह अपनी आपत्ति उप-निबंधक, के कार्यालय में 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है।

**अध्यक्ष/सचिव**
**गोरख सेवा समिति**

## श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर में हुआ

# स्वामी सत्यदेव संस्कृत वेद विद्यालय का शुभारंभ

### महामंडलेश्वर स्वामी सत्यदेव की 22वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं षोड़सी भंडारा आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर, सिंहद्वार ज्वालापुर के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव ने अपने गुरु महामंडलेश्वर स्वामी सत्यदेव की 22वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी स्मृति में उनके नाम पर स्वामी सत्यदेव संस्कृत वेद विद्यालय का शुभारंभ कराया। इस विद्यालय में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 12वीं तक के संस्कृत के छात्रों को अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा। गुरुवार को स्वामी सत्यदेव की 22वीं पुण्यतिथि पर स्वामी सत्यदेव संस्कृत वेद विद्यालय का शुभारंभ मुख्य अतिथि मदन कौशिक ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि संस्कृत और वेद शिक्षा भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा ऐसे विद्यालय नई पीढ़ी को संस्कार और आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव ने कहा कि स्वामी सत्यदेव का जीवन सेवा, साधना और धर्म प्रचार को समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा दे रहे हैं। उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मंशा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, कुलपति रमाकांत पांडेय, आईएएस सचिन कुर्वे, आईएएस विनय शंकर पाण्डेय, आईआरएस अजय केसरी, आईपीएस, दिल्ली, राजकुमार सिंह, डीएम मयूर दीक्षित, मेलाधिकारी सोनिका, नगर आयुक्त नंदन कुमार, मेयर किरण जैसल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में साध्वी नेहा आनंद, बाबा बालक दास, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी शिवानंद, आचार्य विष्णु दत्त राकेश, स्वामी श्यामदास सहित अनेक संत-महात्मा एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक लक्ष्मी गायत्री होटल्स प्रा लि, लक्ष्मी गायत्री हास्पिटल प्रा.लि., शिवा रमा, राजू दांडू, वैकंटा, सत्या दांडू हैदराबाद सहित श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्यतिथि कार्यक्रम को श्रद्धामय वातावरण प्रदान किया।

## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः- 3259/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शट डाउन/ई0ई0/ दिनांक- 07.05.2026

### विद्युत बन्दी सूचना

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में सम्बन्धित उपसंस्थान के अन्तर्गत वी०सी०बी० पैनल बदलने एवं 11 के०वी० विद्युत केबल चार्ज करने का किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित उपसंस्थान से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से वाधित रहेगी।

| कम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 03 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, गुरूकुल | उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त पोषक। | 09.05.2026 /शनिवार<br>11.05.2026 /सोमवार<br>13.05.2026 /बुधवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | रमा विहार, दयाल एन्क्लेव, सोसयल एन्क्लेव, जमालपुर कलां, कस्तूरी एन्क्लेव, दुर्गा विहार, बहादरपुर जट्ट, गाडोवाली, तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

**अधिशासी अभियन्ता**

''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# तहफीजुल कुरआन जूनियर हाई स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

■ छात्रों ने वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट्स के जरिए अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** तहफीजुल कुरआन जूनियर हाई स्कूल, बुलाकीवाला में आज विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर अब्दुल कादिर हुसैन (डायरेक्टर, ब्राइट एंजेल्स स्कूल, जीवनगढ़) तथा विशिष्ट अतिथि मुहम्मद इमरान साहब (डायरेक्टर, द ग्लोबल स्कूल, जमनपुर सेलाकुई) रहे। इसके अलावा मुफ्ती अकमल, मदरसे के नाजिम कारी अब्दुर्रहमान, प्रधानाध्यापक मौलाना मुशर्रफ सहित अध्यापकगण मौलाना असरार, मुफ्ती खालिक, उसामा, मु. गुलफाम, शाबान, मास्टर खालिद, नाजिम, सलमान आदि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मेजर अब्दुल कादिर हुसैन ने छात्रों को समय की अहमियत समझाते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी समय का सही उपयोग करें और टेक्नोलॉजी को प्रैक्टिकल रूप में अपनाएं, तो वे एक सफल डॉक्टर, फौजी या साइंटिस्ट बनकर देश की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं मुहम्मद इमरान साहब कहा कि जीवन में सफलता के लिए सबसे जरूरी है कि आपका विजन स्पष्ट हो। जब लक्ष्य स्पष्ट होता है, तो उसे पाने के लिए की गई मेहनत निश्चित रूप से सफलता दिलाती है।

कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए विज्ञान प्रोजेक्ट्स को अतिथियों ने सराहा और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन दुआ और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# एडीएम ने किया फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी ने गुरूवार को जनपद टिहरी गढ़वाल के विकासखण्ड चम्बा के ग्राम पंचायत भण्डार गांव के हेवल नदी किनारे मण्डाई नाम तोक में लक्ष्मी देवी के खेत में फसल कटाई प्रयोग (क्रॉप कटिंग) कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फसल उत्पादन आंकड़ों के संकलन में पारदर्शिता एवं शुद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार फसल कटाई प्रयोग संपादित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि फसल कटाई प्रयोग कृषि उत्पादन के वास्तविक आंकलन का महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे किसानों से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं बीमा दावों के निर्धारण में सहायता मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी फसल कटाई प्रयोग समयबद्ध एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न किए जाएं तथा आंकड़ों का सही संकलन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही किसानों को भी इस प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सहयोग बनाए रखने की अपील की गई।



■ कृषि उत्पादन आंकलन हेतु एडीएम ने किया क्रॉप कटिंग निरीक्षण

## कांग्रेस की महासचिव शैलजा 11 को टिहरी में

**नई टिहरी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी सांसद कुमारी शैलजा आगामी 11 मई को गढ़वाल दौरे पर नई टिहरी पहुंचेंगी। यहां सांई चौक स्थित निकटवर्ती पार्किंग स्थल पर चार विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में संगठन की मजबूती के साथ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों पर मंथन होगा। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने गुरुवार को निजी होटल में प्रेस वार्ता में कहा कि कांग्रेस प्रभारी का उत्तराखंड भ्रमण शुरू हो चुका है। इसी क्रम में वह नई टिहरी में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेंगी। सम्मेलन में बीएलए, मास्टर ट्रेनर और संगठन के विभिन्न आयामों को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। विधायक नेगी ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और युवाओं को नौकरियों के नाम पर छलावा झेलना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार, मनमानी और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग की घटनाएं बढ़ी हैं। महिलाओं की सुरक्षा और संवेदनशीलता के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा जाएगा। उन्होंने कहा कि पहाड़ के ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू गैस संकट गहराता जा रहा है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार, प्रदेश सचिव विजय गुनसोला, मनीष पंत और मयंक सिलवाल समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चकराता ब्लॉक में 13,623 बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवा

■ एल्बेंडाजोल दवा बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने में सहायक: डा. विपिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत बुधवार को विकासखंड चकराता में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' अभियान का सफल आयोजन किया गया। अभियान के तहत ब्लॉक के विभिन्न सरकारी, अर्द्धसरकारी विद्यालयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में 6 माह से 19 वर्ष तक के कुल 13,623 बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवा एल्बेंडाजोल खिलाई गई।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन तोमर ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एल्बेंडाजोल दवा बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाने के साथ-साथ एनीमिया जैसी समस्याओं से भी सुरक्षा प्रदान करती है। इससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है।

ब्लॉक समन्वयक महावीर सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि जो बच्चे बीमारी, अनुपस्थिति या अन्य कारणों से बुधवार को दवा लेने से वंचित रह गए हैं, उन्हें आगामी 14 मई 2026 को आयोजित मॉप-अप दिवस पर दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि चकराता ब्लॉक का कोई भी बच्चा इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। अभियान की सफलता पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन तोमर ने सभी शिक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कर्मियों, एएनएम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

**एक नजर ....**

## हाइब्रिड उद्यमों के लिए भारत का पहला यूनिफाइड जीरो ट्रस्ट सुरक्षा समाधान

**देहरादून।** आज के एआई. संचालित दौर में साइबर हमले बड़े पैमाने पर, गति और जटिलता में इतनी तेजी से बढ़ रहे हैं कि वे अधिकांश सुरक्षा प्रणालियों को विफल कर देते हैं और हर संगठन को संभावित लक्ष्य बना देते हैं, इसका प्रमाण वर्ष 2025 में दर्ज हुई साइबर सुरक्षा की 20 लाख से अधिक घटनाएँ हैं। इस चुनौती का सामना करने के लिए, भारती एयरटेल ('एयरटेल') की बी2बी इकाई एयरटेल बिजनेस ने एयरटेल सिक्योर वर्कफोर्स लॉन्च किया है, जो देश का पहला, पूर्णतः प्रबंधित और एकीकृत जीरो ट्रस्ट आर्किटेक्चर (जेडटीए) सुरक्षा प्लेटफॉर्म है और यह उद्यमों के लिए एंड.टू.एंड, नियमों के अनुरूप सुरक्षा प्रणाली (कंप्लायंस.रेडी सिक्योरिटी स्टैक) उपलब्ध कराता है। भारत के डीपीडीपी अधिनियम का पालन करते हुए, एयरटेल सिक्योर वर्कफोर्स बेहतर निगरानी, प्रतिक्रिया और गवर्नेंस के लिए ऑडिट-ग्रेड लॉग, डेटा मूवमेंट कंट्रोल और व्यवस्थित इंसिडेंट वर्कफ्लो प्रदान करेगा। इसका एकीकृत डैशबोर्ड उद्यमों को नेटवर्क, एंडपॉइंट्स, उपयोगकर्ताओं और डेटा का एक ही जगह पर सिंगल व्यू प्रदान करेगा।

# मानसून को लेकर तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद स्तर पर जलभराव की समस्या के निदान एवं मानसून अवधि की तैयारियों को लेकर आज प्रभारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों एवं नगर निकायों द्वारा की जा रही तैयारियों एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नगर निकायों से वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों के भीतर अपने-अपने क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मानसून से पूर्व फॉगिंग अभियान प्रारंभ कराने, आमजन को जलभराव रोकने हेतु जागरूक करने तथा रैन बसेरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालियों की नियमित सफाई, झाड़ी कटान तथा जल निकासी व्यवस्थाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। साथ ही आपदा प्रबंधन से संबंधित उपकरणों का स्टॉक चेक करने तथा जिन उपकरणों के प्रतिस्थापन की आवश्यकता है, उन्हें तत्काल बदलने के निर्देश भी दिए।



प्रभारी जिलाधिकारी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, सड़कों के किनारे मलबा एकत्रित न होने देने तथा सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य 30 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनसामान्य को समय पर सूचना उपलब्ध कराने हेतु अनाउंसमेंट उपकरणों एवं वाहनों की समुचित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। चारधाम यात्रा मार्ग पर स्थापित मोबाइल टॉयलेट्स की नियमित साफ-सफाई एवं पानी की सुचारु व्यवस्था बनाए रखने को भी कहा गया।

बैठक में जनपद में वर्तमान जलभराव एवं निकासी से संबंधित प्रगतिरत योजनाओं की जानकारी देते हुए अनुराग रंजन द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से मौजूदा ड्रेनेज नेटवर्क की विस्तृत जानकारी दी गई। इस बैठक में नगर पालिका परिषद ने टिहरी के अध्यक्ष मोहन रावत, एडीएम शैलेंद्र नेगी, आईएएस (प्रशिक्षु) ज्योति, गणेश प्रसाद नौटियाल, सिंचाई विभाग से कोमल सिंह, दरमियान सिंह, नैना रावत, प्रीतम सिंह एवं संबंधित भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

## डॉ. यादव बने एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तकनीकी निदेशक

**श्रीनगर।** हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के शारी. रिक शिक्षा विभाग में कार्यरत वरिष्ठ शिक्षक डॉ. हीरा लाल यादव को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। फेडरेशन ने पंजाब के संगरूर में 9 मई को आयोजित होने वाली सीरीज-5 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए उन्हें तकनीकी निदेशक एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया है। डॉ. यादव एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के ब्रॉन्ज स्तर के अंत. रराष्ट्रीय निर्णायक हैं। उनके निर्देशन में आयोजित होने जा रही इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों एवं शहरों से 600 से अधिक महिला एवं पुरुष एथलीट प्रतिभाग करेंगे।

# गोकुल अध्यक्ष, संगीता को सचिव का जिम्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** श्यामपुर न्याय पंचायत क्षेत्र की 18 ग्रामसभाओं के प्रधानों की अहम गढ़ी मयचक स्थित बारात में आयोजित बैठक आयोजित हुई, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा प्रधान शामिल हुए।

उन्होंने गांवों के विकास को लेकर चर्चा की गई। न्याय पंचायत प्रधान संगठन का गठन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष छिद्दरवाला प्रधान गोकुल रमोला को चुना गया। जबकि, भट्टोवाला की प्रधान संगीता राणा को सचिव मनोनीत किया गया।

गुरूवार को आयोजित बैठक में असेना की प्रधान सुषमा बिष्ट को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। खैरीकलां की प्रधान शबनम देवी को सह सचिव बनाया गया। खदरी खड़कमाफ की प्रधान संगीता थपलियाल को कोषाध्यक्ष पद सौंपा गया।



■ श्यामपुर न्याय पंचायत क्षेत्र के प्रधानों की बैठक हुई आयोजित, प्रधान संगठन के गठन में अध्यक्ष समेत छह पदों हुआ मनोनयन

जबकि, प्रवक्ता का जिम्मा श्यामपुर की प्रधान विजय लक्ष्मी पंवार को दिया गया। मनोनयन के बाद प्रधानों ने प्रस्ताव पारित कर मानदेय की मांग उठाई। संगठन की पहली बैठक में जून में रविवार को छिद्दरवाला में आयोजित करने का फैसला भी लिया गया।

मौके पर ग्राम प्रधान सविता शर्मा, सागर गिरि, कविता देवी, शैलेंद्र रांगड़, मोहर सिंह असवाल, आशीष रांगड़, भावना गुरूंग, शकुंतला बिष्ट, राजेश जुगलान आदि मौजूद रहे।

# एनडीएस में अलंकरण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** श्यामपुर स्थित एनडीएस स्कूल में नवनिर्वाचित विद्यार्थी प्रतिनिधियों का अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय संस्थापक संत जोध सिंह महाराज विद्यार्थी प्रति. निधिनियों को आशीर्वाद देकर उनका हौसला बढ़ाया।

गुरुवार को आयोजित समारोह में श्रीहेमकुंड साहिब गुरूद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा भी शामिल हुए। प्रधानाचार्य ललिता कृष्णास्वामी ने विद्यालय आगमन पर उनका स्वागत किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मूल मंत्र, गायत्री मंत्र और शबद गायन के माध्यम से ईश्वर का आह्वान कर नकारात्मक शक्तियों के नाश व सात्विक ऊर्जा के प्रसार के लिए सामूहिक प्रार्थना की। समारोह में विद्यालय संस्थापक संत जोध सिंह महाराज ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर लगातार प्रयास जारी हैं।



■ नवनिर्वाचित विद्यार्थी प्रतिधिनियों ने समारोह में ली निष्ठा से जिम्मेदारियों के निर्वहन की शपथ चयनित छात्र-छात्राओं को विद्यालय संस्थापक संत जोध सिंह महाराज ने दिया आशीर्वाद

प्रधानाचार्या ने चयनित छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रति उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करने की शपथ दिलाई। पूर्ण आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, निष्ठा व समर्पण भाव से करने का संकल्प भी लिया। नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों में विद्यालय कप्तान अंशुमन रयाल, अक्षिता भट्ट, उप कप्तान प्रांजल रावत, शिव्यांजलि, खेल कप्तान तन्मय रयाल, प्रियांशी राणा, साहित्य कप्तान रुद्राक्ष त्रिपाठी, आकांक्षी पुंडीर के अलावा स्कूल के चार सदनों ध्रुव, एकलव्य, अभिमन्यु व नचिकेता के लिए चयनित सदन के पदाधिकारियों बैच के साथ ही सैशे प्रदान कर सम्मानित किया गया।

समारोह में डॉ. एसएन सूरी, रेणु सूरी, डॉ. सुनीता शर्मा, चंद्रभूषण पोखरियाल, निर्मल आश्रम के निद. शक सरदार गुरजिंदर सिंह, उपासना गुलाटी, अवतार कौर, मुकुल तायल, नीरू अरोड़ा, शम्मी पैन्यूली आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय नैनबाग का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनबाग।** राजकीय महाविद्यालय नैनबाग का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. चंद्रशेखर नौटियाल व कुंदन सिंह पंवार ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने वंदना, स्वागत गीत, भाषण, देशभक्ति गीत, जौनपुरी व जौनसारी लोक संस्कृति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों की प्रतिभा और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल व बौद्धिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में दौड़, कैरम, रस्सीकूद, बैडमिंटन, गोला फेंक, निबंध लेखन, भाषण व एकल गायन आदि शामिल रहे। वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मुकेश कुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में टटोर प्रधान मनीषा चौहान, प्रधानाचार्य विजय मोहन नौटियाल, अभिभावक संघ अध्यक्ष नरेश तोमर, कुंदन सिंह पंवार, चौकी प्रभारी राम नरेश शर्मा, डा॰ बृजेश कुमार, डा॰ संदीप कुमार, डा॰ दिनेश चंद्रा, डा॰ परमानंद चौहान, डा॰ मंजू कोगियाल, डा॰ दुर्गेश्वरी, डा॰ मधुबाला जुवांठा, राजमोहन रावत, दिनेश पंवार, मोहन चंद डिमरी आदि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**कार्यालयः- जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) रूद्रप्रयाग**
**कोटेश्वर मार्ग खुरड़ रुद्रप्रयाग**

आदेश संख्या / बेसिक स्था. /68 / स.अ. (वि.शि./ 2026-27 दिनांक 07.05.2026

**विज्ञप्ति/शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन**

इस कार्यालय के आदेश संख्या/507/ बेसिक सेवाये/स०अ० (वि०शि०) / 2025-26 दिनांक 29 दिसम्बर 2025 के द्वारा जनपद रुद्रप्रयाग के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (विशेष शिक्षा) वेतनमान 35400-112400 लेवल-06 के पदो पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी पात्र अभ्यर्थियों की अनन्तिम सूची विभागीय वेबसाइट पर schooleducation.uk.gov.in प्रदर्शित की जा रही है, प्रदर्शित सूची के अनुसार अभ्यर्थी दिनांक 14.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे आयोजित प्रमाण पत्र मिलान में समस्त मूल दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों एंव उसकी एक स्वप्रमाणित प्रतियों सहित कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा रूद्रप्रयाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उक्त दिवस को उपस्थित न होने पर भविष्य में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

पद विशेष हेतु उस वर्ग की श्रेष्ठता के क्रम में अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र की जांच हेतु आमंत्रित किया जायेगा, पुकार होने पर अनुपस्थित पाये गये अभ्यर्थी को किसी भी दशा में कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा एंव तत्काल अगले क्रमांक के अभ्यर्थी का अवसर प्रदान कर दिया जायेगा।

**(अजय कुमार चौधरी)**
**जिला शिक्षा अधिकारी**
**प्रारम्भिक शिक्षा रूद्रप्रयाग**

**अल्मोड़ा।** भारतीय जनता पार्टी लमगड़ा मंडल की बैठक गुरुवार को हनुमान मंदिर लमगड़ा में मंडल अध्यक्ष हरीश सिजवाली की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा की गई।

**बेदखली**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अरमान अली मेरे कहने सुनने में नही है। मैने अपने पुत्र अरमान अली को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उस के द्वारा किये गये किसी भी तरह के लेन देन व वाद विवाद और किसी भी प्रकार के व्यवहार का जिम्मेवार वोह स्वयं होगा।

**मौहम्मद अली पुत्र स्व० मजीद अली निवासी बंजारावाला आजाद विहार देहरादून।**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद पौड़ी**
**(स्वच्छता ही सेवा)**

संख्या 64 / न०पा० परि०पौडी / नामान्तरण / 2026-27/ पौड़ी दिनांक 10.04. 2026

**सार्वजनिक सूचना**

**विषयः- वार्ड नं० 09 में सम्पत्ति संख्या 244/1 में नाम परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वार्ड नं0 09 में सम्पत्ति संख्या 244/1 नगर पालिका परिषद पौडी के भवनकर अभिलेखों में श्री लक्ष्मीकान्त काला पुत्र स्व० सत्यप्रसाद काला के नाम पर अंकित / दर्ज है, तथा आवेदक श्री ओमप्रकाश काला पुत्र स्व. सत्यप्रसाद काला पौडी, पौडी गढ़वाल द्वारा संलग्न शपथ पत्र, आधार कार्ड, खाता खतौनी, आपसी सहमति पत्र, एवं राजस्व उप निरीक्षक की जांच आख्या की छाया प्रति संलग्न करते हुए आवेदन किया गया है कि उक्त भवन को नगर पालिका अभिलेखों में मेरे नाम पर अंकित/दर्ज किया जाए।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हों तो अपने विधिक अभिलेखों/दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति एक माह के अन्दर नगर पालिका परिषद पौडी के कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उक्त भवन को आवेदक श्री ओमप्रकाश काला पुत्र स्व. सत्यप्रसाद काला पौडी, पौडी गढ़वाल के नाम पर नगर पालिका परिषद पौडी के भवनकर अभिलेखों में दर्ज/नामान्तरण कर लिया जाएगा कृपया तद्नुसार सूचित हों।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पौडी**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (वि./यॉ.) ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**उत्तराखण्ड तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, देहरादून**

पत्रांक 137/ ग्रा.नि.वि./निविदा सूचना/ 2026-27 दिनांक : 06.05.2026

**निविदा सूचना संख्या- 10**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय की ओर से कालम-07 के अनुसार मूल निर्माता/अधिकृत विक्रेता/ ए श्रेणी विद्युतीकरण से निम्न कार्यो की, निविदायें दिनांक 20.05.2026 को अपरान्ह् 12.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20.05.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जिनका विक्रय दिनांक 19.05.2026 को अपराह्न 4:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता (वि./ यॉ.), ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय से किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं जी.एस. टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार हेतु श्रेणी | अनुरक्षण / रखरखाव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | कुम्भ मेला 2027 के अर्न्तगत जनपद हरिद्वार के रूडकी बस स्टैण्ड का नवीनीकरण सुदृढीकरण का कार्य। (विद्युतीकरण कार्य) | 51600.00 | 1500.00+ 18% GST | 12 माह | 45 दिन | ए श्रेणी विद्युतीकरण | एक वर्ष की अवधि |

**निविदा की शर्ते**

**नोटः**- 1. उक्त कार्य की जानकारी अधिशासी अभियन्ता (वि०/यॉं०) ग्रामीण निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में दिनांक 20.05.2026 से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता (वि./यॉ)**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून**

# प्रदेश भर में चला राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

■ 36 लाख से अधिक बच्चों को दवा- कुपोषण और एनीमिया पर प्रहार, कृमि मुक्ति अभियान बना जनआंदोलन



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड द्वारा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत आज देहरादून से पूरे प्रदेश में एक व्यापक जनस्वास्थ्य अभियान चलाया गया, जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों में 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों और किशोरों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण से बचाना, उनके पोषण स्तर को सुधारना और शारीरिक व मानसिक विकास को सुनिश्चित करना है। राज्यभर में स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और सामुदायिक स्तर पर इस कार्यक्रम को गंभीरता के साथ लागू किया गया, जिससे यह एक जनआंदोलन का रूप लेता नजर आया।

### राज्य स्तरीय शुभारंभ में दिखा उत्साह

अभियान का राज्य स्तरीय शुभारंभ देहरादून के काठबंगला में हुआ, जहां लगभग 200 बच्चों को दवा खिलाने के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में निदेशक छभ्ड डॉ रश्मि पंत द्वारा बच्चों को हाथ धोने की सही विधि भी सिखाई गई, जिससे संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़े। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद कर स्वच्छता के महत्व को समझाया।

उन्होंने अभिभावकों और आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया और अपील की कि वे भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएं। डॉ रश्मि पंत ने बताया कि इस तरह के नियमित अभियानों से बच्चों में बीमारियों की रोकथाम संभव है और एक स्वस्थ, सशक्त समाज की नींव रखी जा सकती है। छूटे बच्चों के लिए 14 मई को मॉप-अप दिवस अभियान के दौरान जो बच्चे किसी कारणवश दवा नहीं ले पाए, उनके लिए 14 मई को मॉप-अप दिवस आयोजित किया जाएगा।

### 36 लाख से अधिक बच्चों को किया गया लक्षित

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 में राज्य के 36,77,037 बच्चों को इस अभियान के तहत लक्षित किया गया है। इनमें 20,119 आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 5,92,624 बच्चे शामिल हैं। वहीं 16,626 सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों के 9,37,540 तथा 5,816 निजी विद्यालयों के 14,83,736 बच्चों को भी इस अभियान में शामिल किया गया। इसके अलावा 6,63,137 ऐसे बच्चों की पहचान की गई है, जो स्कूल नहीं जाते और उन्हें विशेष रणनीति के तहत कवर किया जा रहा है।

### गांव-गांव तक पहुंचा अभियान

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिलकर कार्य किया। आशा कार्यकर्ता, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षकों ने घर-घर जाकर और स्कूलों में बच्चों को दवा खिलाने का कार्य किया। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रह जाए।

# किसी भी बालिका के साथ होने वाला अपराध अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक : डॉ. गीता खन्ना

■ उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने चंपावत एवं विकासनगर प्रकरणों का लिया संज्ञान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने जनपद चंपावत में नाबालिग किशोरी के साथ कथित गैंगरेप एवं उससे जुड़े गंभीर प्रकरण का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने संबंधित अधिकारियों से तत्काल विस्तृत आख्या तलब की है।

आयोग ने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग को निर्देशित किया है कि मामले की निष्पक्ष, त्वरित एवं संवे. दनशीलता के साथ जांच सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित किशोरी की सुरक्षा, काउंसलिंग, चिकित्सीय सहायता एवं पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जाए।



इसके अतिरिक्त आयोग ने विक. ासनगर में सामने आए दुष्कर्म के एक अन्य गंभीर प्रकरण का भी संज्ञान लिया है। इस संबंध में आयोग द्वारा पुलिस महानिदेशक को पत्र प्रेषित कर मामले में उपयुक्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने कहा है कि बच्चों एवं किशोरियों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है।आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि किसी भी बालिका के साथ होने वाला अपराध अत्यंत गंभीर एवं चिंता. जनक है। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होना आवश्यक है ताकि समाज में स्पष्ट संदेश जाए कि बच्चों के अधिकारों एवं सुरक्षा के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि दोनों प्रकरणों में पॉक्सो अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा जांच प्रक्रिया के दौरान पीड़ितों एवं उनके परिवारों की पहचान गोपनीय रखी जाए। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और दोनों मामलों की सतत निगरानी करेगा।

## मोरी के 65 गांवों की बिजली समस्या पर लोकपाल सख्त

**उत्तरकाशी ।** उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के मोरी क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही बिजली की लो वोल्टेज समस्या को लेकर दायर अपील पर विद्युत लोकपाल ने कड़ी फटकार लगाई है। मामला उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव निवासी गंगा सिंह रावत द्वारा दायर से जुड़ा है, जिसमें मोरी क्षेत्र के लगभग 65 गांवों को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली आपूर्ति न मिलने का मुद्दा उठाया गया था। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि सांकरी क्षेत्र में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र का निर्माण तो पूरा कर लिया गया, लेकिन भूमि विवाद के कारण उसे अब तक चालू नहीं किया गया। परिणामस्वरूप मोरी क्षेत्र के ग्रामीणों को बार-बार बिजली कटौती, कम वोल्टेज और लंबे शटडाउन का सामना करना पड़ रहा है। इसका असर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और स्थानीय व्यवसायों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीण नियमित रूप से बिजली बिल जमा कर रहे हैं, इसके बावजूद उन्हें संतोषजनक आपूर्ति नहीं मिल पा रही। इस मामले में पहले उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, उत्तरकाशी ने सितंबर 2025 में यूपीसीएल को निर्देश दिया था कि या तो लंबित भूमि विवाद का शीघ्र निस्तारण कराया जाए अथवा छह महीने के भीतर वैकल्पिक व्यवस्था कर उपभोक्ताओं को विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। लोकपाल के समक्ष सुनवाई के दौरान यूपीसीएल ने जानकारी दी कि भूमि विवाद सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच फरवरी 2026 में आपसी समझौता हो चुका है। इसके बाद जिला न्यायाधीश, उत्तरकाशी ने मार्च 2026 में मामले का निस्तारण कर दिया।

# जनगणना कार्य की प्रगति को लेकर समीक्षा

■ नोडल जनगणना अधिकारी/अपर नगर आयुक्त नमामि बंसल की अध्यक्षता में जनगणना सम्बन्धी बैठक आयोजित



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर निगम देहरादून में गुरुवार को वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से नोडल जनगणना अधिकारी/अपर नगर आयुक्त नमामि बंसल की अध्यक्षता में जनगणना सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सभी चार्ज अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य की प्रगति से अवगत कराया गया।

बैठक में बताया गया कि नगर निगम के विभिन्न चार्जो में जनगणना कार्य तेजी से प्रगति पर है तथा अधिकांश ब्लाकों में कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। कुछ क्षेत्रों में प्रगणकों द्वारा कार्य में लापरवाही एवं क्षेत्रवासियों के असहयोग की स्थिति भी प्रकाश में आई है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

वाणी विहार मलिन बस्ती में कुछ व्यक्तियों द्वारा जनगणना कार्य में बाधा उत्पन्न करने की जानकारी भी बैठक में प्रस्तुत की गयी। इस पर नोडल अधिकारी नमामि बंसल द्वारा निर्देशित किया गया कि स्थानीय जन प्रतिनिधियों के सहयोग एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से जनगणना कार्य को सुचारू से सम्पन्न कराया जाए।

नोडल जनगणना अधिकारी द्वारा सभी चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे स्वयं क्षेत्रों का निरीक्षण कर प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों के कार्य की निगरानी सुनिश्चित करें एवं जनगणना कार्य को समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण करवाएं।

पोर्टल पर उपलब्ध प्रगति रिपोर्ट के आधार पर कुछ चार्जो की प्रगति असंतोशजनक पाई गयी, जिसके सम्बन्ध में 03 दिन बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। इस प्रकार बैठक में जनगणना कार्य को सुचारू से सम्पन्न करने को आवश्यक निर्देश दिये गये एवं सभी अधिकारियों को त्वरित गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

**एक नजर .......**

## महाविद्यालय कमांद के छात्रों को दी तनाव मुक्त प्रबंधन की जानकारी

**कण्डीसौड।** राजकीय महाविद्यालय कमांद में तनाव प्रबंधन, मनोवैज्ञानिक प्रबंधन, समय प्रबंधन व सकारात्मक दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ ही आसपास के इंटर कालेजों के प्रवक्ताओं व विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. गौरी सेवक के निर्देशन व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रो. गौरी सेवक ने कहा कि उत्तम शिक्षा प्राप्त करने के लिए तनावमुक्त स्वस्थ तन, मन और मस्तिष्क का होना आवश्यक है। शांतिकुंज हरिद्वार से आए विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। मुख्य वक्ता देव संस्कृति विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अशोक ढोके ने तनाव प्रबंधन व जीवन प्रबंधन के व्यावहारिक सूत्रों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संगीत के माध्यम से तनाव मुक्ति का प्रयोगात्मक प्रदर्शन रहा। शांतिकुंज के संगीत विशेषज्ञ गणेश पंवार व बलिराम ने म्यूजिक थेरेपी के जरिए तनाव व मानसिक विकारों से मुक्ति और एकाग्रता बढ़ाने के उपाय प्रस्तुत किए। प्राचार्य प्रो. गौरी सेवक ने टूल्स एंड टेक्नीक्स आफ स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। योग प्रशिक्षक देवेश चंद्र ने भ्रामरी, बाक्स ब्रीदिंग व अनुलोम-विलोम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शांतिकुंज टोली में सुमनजी दीनदयाल, पूर्व वन क्षेत्राधिकारी बी.पी. बधानी एवं पूर्व प्रवक्ता डाइट कृष्ण भूषण पेरुवाल शामिल रहे। इस अवसर पर डा. शेफाली शुक्ला, डा. राकेश मोहन नौटियाल, डा. दीपक राणा, डा. बीना रानी, डा. नीना शर्मा, केदारनाथ भट्ट, सोहन सिंह रावत, सत्येंद्र डोभाल, डा. पूजा रानी आदि मौजूद रहे।

## दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण के रापड़-गंगोड़ा-चमड़खान मोटर मार्ग पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर शव पुलिस के सुपुर्द किए हैं। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वाहन संख्या यूके 04 एफ 6683 में सवार चालक कैलाश चंद्र पुत्र बहादुर राम, निवासी डौड़ाखाल, आनंद राम निवासी रिची थापल रानीखेत और भुवन चंद्र पुत्र दीवान राम निवासी सेनरी रानीखेत भिकियासैंण के चमोली पुसैला गांव में जागर लगाने गए थे। गुरुवार तड़के जागर लगाने के बाद तीनों चमड़खान को लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े चार बजे रापड़-गंगोड़ा-चमड़खान मार्ग के भाटिया के पास वाहन अनियत्रित होकर हो गई और वाहन गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तीनों शवों का रेस्क्यू कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ अवनीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा झपकी आने से हो सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

# शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में निगम ने की कार्रवाई

■ विगत एक माह के दौरान नगर निगम क्षेत्रांतर्गत व्यापक स्तर पर की गई कार्रवाई, अनेक स्थानों पर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नगर निगम, देहरादून शहर में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में विगत एक माह के दौरान नगर निगम क्षेत्रांतर्गत व्यापक स्तर पर कार्रवाई करते हुए अनेक स्थानों पर सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। साथ ही अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर यह स्पष्ट संदेश दिया गया है कि सार्वजनिक संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।

अभियान के अंतर्गत मौजा नत्थनपुर स्थित खसरा संख्या-8 में अवैध रूप से निर्मित बाउंड्रीवाल को ध्वस्त करते हुए लगभग 860 वर्ग मीटर भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। पेरिस विहार (खसरा संख्या-102) में 4 अवैध मकानों को ध्वस्त कर निगम द्वारा भूमि पर





पुनः कब्जा स्थापित किया गया।

इसी प्रकार ब्राह्मणवाला खाला क्षेत्र में 300 वर्ग मीटर एवं 150 वर्ग मीटर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर निगम द्वारा स्वामित्व बोर्ड स्थापित किए गए। कंडोली क्षेत्र में भी लगभग 400 वर्ग मीटर भूमि को कब्जामुक्त कर निगम ने अपने स्वामित्व को चिन्हित किया।

मक्कावाला क्षेत्र में निगम भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से ध्वस्त किया गया। वहीं नवादा क्षेत्र में निगम द्वारा निर्मित मार्ग पर अवैध रूप से लगाए गए गेट एवं बाउंड्रीवाल को हटाकर सार्वजनिक आवागमन को पुनः सुचारू किया गया, जिससे स्थानीय निवासियों को मार्ग का लाभ मिल सका। चकतुंवाला क्षेत्र में नालों से अतिक्रमण हटाकर जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। इसके अतिरिक्त नेहरूग्राम, इंद्रपुर, बसंत विहार, सेमाद्वार, सालन गांव एवं शिवालिक नगर क्षेत्रों में भी निगम की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

नगर निगम, देहरादून द्वारा अतिक्रमण के विरुध कार्यवाही में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने के लिए "अनु-पोर्टल" विकसित किया गया है। भूमि अनुभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अथवा निर्माण पाए जाने पर बिना पूर्व सूचना के कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अतिक्रमण की पुनरावृत्ति होने पर पब्लिक न्यूसेन्स से संबंधित धाराओं के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें एवं शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित तथा अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

निगम का यह सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध "शून्य सहनशीलता" की नीति को पूर्ण सख्ती के साथ लागू किया जाएगा।

## घियाकोटी गांव में हवन यज्ञ के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**नई टिहरी।** पट्टी इडवालस्यूं के ग्राम घियाकोटी व बिनाऊ में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का गुरुवार को हवन यज्ञ व पूर्णाहुति के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से समापन हो गया। समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया। ग्राम घियाकोटी में आयोजित कथा के अंतिम दिन सुप्रसिद्ध कथावाचक शिव प्रसाद नौटियाल ने श्रीमद्भागवत कथा का सार प्रस्तुत करते हुए कहा कि संतों और भगवान की सेवा करने से जीवन धन्य हो जाता है। उन्होंने द्रौपदी प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण की अंगुली कट गई थी, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्लू फाड़कर उनकी अंगुली पर बांधा था। उसी उपकार का प्रतिफल भगवान ने द्रौपदी चीरहरण के समय उनकी लाज बचाकर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु के साथ चलने से अधिक महत्व गुरु सेवा का है। संत कृपा, मानव सेवा और माता-पिता की सेवा ही सच्चे अर्थों में नारायण सेवा है। कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालु भावुक हो उठे। कथावाचक ने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में निरंतर लीन रहने का संदेश दिया। वहीं ग्राम बिनाऊ में आयोजित कथा के समापन पर राष्ट्रीय संत लवदास महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा व सत्संग से मनुष्य का जीवन सफल होता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। इस दौरान छलेश्वर महाराज की पालकी व नाग देवता की पालकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस मौके पर नवीन बहुगुणा, स्वरूप थपलियाल, कुशलानंद, संदीप बधानी, सुमन लाल थपलियाल, रमेश थपलियाल, गुरु प्रसाद, गंभीर सिंह रावत, जगमोहन सिंह, रामकिशन रावत, कुशलानंद नौटियाल, केदार दत्त सहित बडी संख्या में श्रधालु मौजूद रहे।

# पलायन, परिसीमन व आरक्षण पर गरजी उत्तराखंड समानता पार्टी

■ पहाड़ को ओबीसी का दर्जा देने की उठाई मांग

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड समानता पार्टी ने पर्वतीय क्षेत्रों से लगातार बढ़ते पलायन, भविष्य में संभावित परिस. ीमन और जातीय आधार पर बढ़ते आरक्षण को लेकर सरकार और केंद्र की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन हुआ तो पहाड़ की राजनीतिक भागीदारी कमजोर हो जाएगी और विधानसभा सीटों में कटौती तय मानी जाए।

गुरूवार को रिंग रोड स्थित एक वेडिंग पॉइंट में आयोजित पार्टी की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वी के बहुगुणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन राष्ट्रीय महासचिव इं. एलपी रतूड़ी ने किया। बैठक में कहा गया कि राज्य गठन के बाद से पर्वतीय जिलों में लगातार पलायन बढ़ा है। इसके पीछे कागजी विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक को मुख्य वजह बताया गया। नेताओं ने कहा कि सरकार पहाड़ की मूल समस्याओं के समाधान में विफल रही है। उत्तराखंड समानता पार्टी ने पर्वतीय क्षेत्रों को ओबीसी का दर्जा देने की भी मांग उठाई।

बैठक में प्रमुख सलाहकार इं. वीपी नौटियाल, मीडिया प्रभारी वीके धस्माना, संगठन सचिव श्रीधर नैथानी, टीएस नेगी, सीएस नेगी, बीएस भंडारी, ऊषा डोभाल, मोहित डिमरी, प्रांजल नौटियाल व पंकज उनियाल आदि मौजूद रहे।



### कई लोगों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

इस दौरान न्यू बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त अधिकारी विवेकानंद थपलियाल, उत्तर प्रदेश पुलिस के सेवानिवृत्त अधिकारी अचला नंद चंदोला, मध्य प्रदेश पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त निरीक्षक गीताम्बर सिंह रमोला, पूर्व कर्मचारी नेता हरीश चंद्र डबराल, पूर्व अनुभाग अधिकारी विशाल मणि भट्ट व संजय सिंह बिष्ट ने पार्टी की सदस्यता ली।

## कैच स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो में जोड़े नए फ्लेवर्स

**देहरादून ।** प्रमुख एफएमसीजी समूह और मल्टी-बिजनेस कॉरपोरेशन, धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) के लोकप्रिय ब्राण्ड कैच साल्ट एंड स्पाइसेज ने नए दौर की सीजनिंग एवं रीजनल फ्लेवर्स के लॉन्च के साथ अपने स्प्रिंकलर पोर्टफोलियो मे वृद्धि की घोषणा की है। लम्बे समय से साल्ट एवं पैपर के लिए कैच स्प्रिंकलर रेंज देश में घर-घर का जाना-माना नाम बना हुआ है, इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए ब्राण्ड कई नए वेरिएन्ट्स लेकर आया है जिनमें पिज्जा पास्ता सीजनिंग, चिली फ्लेक्स, ओरीगेनो, मैजिक मसाला और मिक्स्ड हर्ब्स तथा अन्य रीजनल फ्लेवर्स जैसे जीरावन (पोहा मसाला) और पोड़ी मसाला शामिल है।

# पर्यटन विभाग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेंद्र नगर में पर्यटन अध्ययन विभाग की विभागीय परिषद के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विभागीय परिषद का गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष पद पर चतुर्थ सेमेस्टर के रोहित सिंह, सचिव पद पर चतुर्थ सेमेस्टर की आफिया को चुना गया।

विभागीय परिषद के मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व सैनिक सूबेदार हरपाल सिंह भंडारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यटन आधारित क्रियाकलाप छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास हेतु आवश्यक हैं। छात्र-छात्राओं को पर्यटन की बारीकियों को आत्मसात करते हुए स्वावलंबन की भावना को विक. सित करना आवश्यक है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि ब्लू हेवन कैंप शिवपुरी के संचालक रामपाल भंडारी ने कहा कि पर्यटन, पर्यावरण एवं साहसिक खेलों में सुदृढ़ सामंजस्य स्थापित कर पर्यटन उद्योग रोजगार सृजन का संबल बनेगा जिस हेतु युवा पीढ़ी में सृजनात्मक होना आवश्यक है।महाविद्यालय के पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० संजय महर ने कहा कि साहसिक पर्यटन में रोमांस, रहस्य के साथ ही रोजगार के अवसर उत्तराखंड में उपलब्ध हैं, जरूरत इस बात की है कि युवाओं में कौशल विकास के साथ ही क्षमता संवर्धन होना आवश्यक है। इस अवसर पर यात्रा सहायक शिशुपाल रावत ने कहा कि प्रतिवर्ष होने वाले इस तरह के फील्ड विजिट कार्यक्रम के माध्यम से पर्यटन की बारीकियों से छात्र-छात्राओं को रूबरू कराना आवश्यक है। मौके पर अजय पुंडीर, शुभम, मिताजंलि, अमन, रो. हित सहित कई छात्र-छात्राएं विभागीय परिषद के कार्यक्रम में मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महा बन्याथ में निकली दिव्य जल कलश यात्रा, उमड़ा सैलाब

■ 101 जल कलशों के साथ निकली जल कलश यात्रा, शिव-पार्वती नृत्य बना आकर्षण का केन्द्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** भगवती चंडिका की तपस्थली तल्लानागपुर चोपता फलासी में 25 वर्षों बाद आयोजित महा बन्याथ के आठवें दिन आस्था, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरुवार को आयोजित भव्य एवं दिव्य जल कलश यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर पुण्य अर्जित किया। जल कलशों के साथ निकली विशाल जल कलश यात्रा ने सम्पूर्ण क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। यात्रा के दौरान पारम्परिक वाद्य यंत्रों, धार्मिक जयघोषों तथा देवी-देवताओं के भजनों से सम्पूर्ण वातावरण गुंजायमान रहा।

सुबह वैदिक मंत्रोच्चार एवं विशेष पूजा-अर्चना के साथ जल कलश यात्रा का शुभारम्भ हुआ। पारम्परिक वेशभूषा में सजी कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। यात्रा फलासी गांव से विभिन्न मार्गों से होकर यज्ञ स्थल पहुंची, जहां विधिवत जलाभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराये गये। श्रद्धालुओं ने भगवती चण्डिका के जयकारों के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की। जल कलश यात्रा में शिव-पार्वती नृत्य मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। इस मौके पर मदमहेश्वर धाम के प्रधान पुजारी शिव शंकर लिंग, ओंक. ारेश्वर मन्दिर प्रधान पुजारी शिव लिंग, केदार घाटी के उद्योगपति कुशाल सिंह नेगी, मन्दिर समिति प्रबंधक कल्याण सिंह नेगी, उपाध्यक्ष दलवीर सिंह राणा, सचिव पूर्ण सिंह खत्री, सह सचिव मगन सिंह नेगी, कोषाध्यक्ष यशवन्त सिंह नेगी, पंडित जगदम्बा प्रसाद बेजवाल, जिला पंचायत सदस्य संपंन नेगी, पूर्व सदस्य बबीता सजवाण, अंकुर रौथाण, जयदीप बर्त्वाल, प्रधान फलासी हेमा नेगी, उर्खोली आजाद खत्री, तड़ाग अखिलेश नेगी आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ धाम में रुद्रप्रयाग पुलिस का मानवीय चेहरा

■ खोए पर्स लौटाकर श्रद्धालुओं के चेहरों पर लौटाई मुस्कान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा-2026 के दौरान रुद्रप्रयाग पुलिस जहां सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है, वहीं सेवा, संवेदनशीलता और ईमानदारी की मिसाल भी लगातार पेश कर रही है। बाबा केदार के दरबार में उमड़ रही भारी भीड़ के बीच पुलिस जवान श्रद्धालुओं के लिए "मित्र पुलिस" की भूमिका निभाते हुए उनके खोये सामान को सुरक्षित वापस दिलाकर भरोसा और राहत प्रदान कर रहे हैं।



इसी क्रम में बृहस्पतिवार को केदारनाथ धाम परिसर में दो अलग-अलग घटनाओं में श्रद्धालुओं के खोये हुए पर्स सुरक्षित बरामद कर पुलिस ने अपनी तत्परता और मानवता का परिचय दिया। पहली घटना में मुंबई से बाबा केदार के दर्शन हेतु आये एक श्रद्धालु परिवार का महत्वपूर्ण हैंडबैग मंदिर परिसर की भीड़ में कहीं गिर गया था। पर्स में नकदी, मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज मौजूद थे, जिसके खोने से परिवार काफी परेशान हो गया। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात आरक्षी मनोज मठपाल ने तुरंत मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन खोजबीन शुरू की। सीसीटीवी कैमरों और सतर्क निगरानी की मदद से अल्प समय में पर्स बरामद कर लिया गया।

सत्यापन के बाद पर्स श्रद्धालु परिवार को सुरक्षित सौंप दिया गया। अपना सामान वापस पाकर परिवार ने रुद्रप्रयाग पुलिस की ईमानदारी और तत्परता की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं दूसरी घटना में केदारनाथ दर्शन हेतु आयी एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु का पर्स मंदिर परिसर में कहीं गिर गया था। पर्स में नकदी, मोबाइल फोन सहित अन्य आवश्यक सामान मौजूद था। परेशान महिला द्वारा पुलिस सहायता केंद्र पर सूचना देने के बाद ड्यूटी पर तैनात आरक्षी दीपक भारती एवं महिला होमगार्ड जवान कविता ने तत्काल आसपास के क्षेत्रों में खोज अभियान चलाया। लगातार प्रयासों के बाद पर्स सुरक्षित बरामद कर लिया गया तथा उचित पहचान के बाद महिला श्रद्धालु को उनके परिजनों की उपस्थिति में सौंप दिया गया। अपना पर्स वापस पाकर बुजुर्ग महिला भावुक हो उठीं



बेंगलुरु के ऑलराउंडर कुणाल पांड्या लखनऊ के कुलकर्णी को आउट करने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ खुशी मनाते।



LSG के मिचेल मार्श बेंगलुरु के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान वनडे के लिए आईपीएल नहीं छोड़ेंगे

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा है कि उसके खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ होने वाली एकदिवसीय के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को नहीं छोड़ेंगे। सीए के प्रवक्ता ने क्रिकबज को आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अभी भी आईपीएल में रहेंगे और अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेंगे। अभी करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह स्पष्टीकरण गुरुवार को सीए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा मिलकर घोषित की गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद आया है। ए मैच 30 मई, 2 जून और 4 जून को होने हैं, और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेंगे। आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा। अभी आईपीएल में शामिल 12 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के नियमित एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस और चोट के कारण बाहर रहने के दौरान कमिंस की जगह खेलने वाले मिचेल मार्श शामिल हैं। अभी इंडिया में मौजूद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं ट्रैविस हेड, टिम डेविड, जॉश हेज़लवुड, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, मार्कस स्टोइनिस, जॉश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और मैथ्यू शॉर्ट। उल्लेखनीय है कि आईपीएल का लीग चरण 24 मई को खत्म होगा, तब तक कई खिलाड़ी अपनी आईपीएल की जिम्मेदारी से फ्री हो जाएंगे क्योंकि 10 में से छह टीमें बाहर हो चुकी होंगी।

खेल विशेष

### मैं फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं: लुइस सुआरेज

**मियामी, वार्ता।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितम्बर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा कि मैंने कुछ ऐसा कह दिया था जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

### गीजा में भारतीय खिलाड़ियों को मिला मुश्किल ड्रॉ

**गीजा, वार्ता।** चार सदस्यों वाली भारतीय टीम - अभय सिंह, वीर चोत्रानी, रामित टंडन और वेलवन सेंथिलकुमार - वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में एक मुश्किल ड्रॉ का सामना करने की कोशिश करेगी। यह चैंपियनशिप शुक्रवार को ग्रि के गीजा में शुरू होने वाली है। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 16 मई तक पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में होनी है, भारत में लाइव स्ट्रीमिंग पर देखने के लिए उपलब्ध होगी। प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पुरुषों के विश्व नंबर 1 मुस्तफा असल और उनकी महिला समकक्ष, ग्रि की हनिया एल हम्मामी शामिल हैं। एशियाई खेलों के पदक विज. ता अभय सिंह, जो भारत के पुरुषों के सिंगल्स में सबसे अच्छी रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

### टी-20 मुंबई लीग व पहली महिला लीग 1 से 13 जून तक होगी

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज घोषणा की कि टी-20 मुंबई लीग का चौथा सीजन और टी-20 मुंबई महिला लीग का पहला सीजन 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इसके साथ ही शहर में क्रिकेट के एक बड़े उत्सव की शुरुआत होगी। यह एमसीए के उस लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत वह हर वर्ग के क्रिकेट टैलेंट को एक बड़ा मंच देना चाहता है। पुरुषों की लीग में दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे और शहर के सबसे होनहार उभरते खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे। इनमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिंक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, तुषार देशपांडे, आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

## विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल के लिए अयोग्य: WFI

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगाट को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोषित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए बुधवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया। फेडरेशन के अनुसार, सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसम्बर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।

विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिंग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसम्बर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोषणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की।



## प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद के लिए उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में शुक्रवार को कोल. काता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ होगा।

10 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ मेजबान डीसी प्ले ऑफ की दौड़ में बहुत पीछे छूट गई है और यह मुकाबला उसके लिए प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद है। हालांकि प्लेऑफ के लिए उसे अपने सभी बचे चारों मैच जीतने होंगे। वहीं केकेआर को भी नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है, लेकिन ए तीनों जीत पिछले तीन मैचों में आई है और वे अच्छे फॉर्म व बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ इस मैच में प्रवेश करेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मैच हुए हैं, जिसमें केकेआर को 19 और डीसी को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं दिल्ली में दोनों के बीच हुए अब तक 11 मुकाबलों में भी डीसी को पांच जबकि केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली है। 2024 से अभी तक डीसी, केकेआर को एक भी मैच में नहीं हरा पाई है, तो क्या डीसी इस सिलसिले को तोड़ पाएगी? केएल राहुल पर बहुत ज्यादा निर्भर है डीसी की बल्लेबाजी केएल राहुल आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में हैं और 10 पारियों में 49-4 की औसत और 181 के स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतक और एक शतक के साथ 445 रन बना चुके हैं। लेकिन डीसी के लिए मुश्किल बात यह है कि उनके अन्य बल्लेबाज फॉर्म या निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। राहुल ने डीसी के अकेले 26 फीसदी रन बनाए हैं और इस दौरान बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट बहुत शानदार रहा है। सात से 16 ओवरों के बीच राहुल ने 211 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए हैं और हर तीसरी गेंद पर बाउंड्री लगा रहे हैं। बीच के ओव. रों में उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ रजत पाटीदार (217) से कम है।



## पंजाब ने कैच टपकाकर मैच गंवाया

**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में अब लगातार तीन मैच गंवा दिए हैं, जबकि ग्रुप चरण के पहले हिस्से में टीम अजेय रही थी। उनके इस प्रदर्शन में कैच छोड़ना, इसकी बड़ी वजहों में से एक रहा है। यह समस्या पूरे सीजन बनी हुई है और प्रमुख कोच रिकी पॉन्टिंग भी इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। लेकिन जैसा कि केटी मार्टिन ने कहा कि अब यह एक संक्रमण बन चुका है।

शशांक सिंह बार-बार गलतियां कर रहे हैं, लेकिन बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ लॉकी फर्ग्यूसन और कूपर कॉनॉली भी शशांक के साथ आसान कैच छोड़ने वालों में शामिल हो गए। इन मौकों ने एसआरएच को 235 रन तक पहुंचने और 33 रन से जीत दर्ज करने में मदद की। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने ड्रॉप कैच को इस मैच सबसे बड़ा झटका बताया। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अगर कैच पकड़ गए होते, तो पंजाब शायद 30-40 रन कम का लक्ष्य पीछा कर रही होती। पंजाब के स्पिन गेंदबाज कोच साईराज बहुतुले ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे लिए अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना बहुत जरूरी था और हमने ऐसा किया भी। दुर्भाग्य से कैच छूट गए और मुझे लगता है कि इससे हमें नुकसान हुआ। उन कैचों को पकड़ना बहुत जरूरी था क्योंकि वे ऐसे खिलाड़ी हैं (ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन) कि अगर आप उन्हें मौका देते हैं तो वे रन बनाएंगे और तेजी से बनाएंगे। मुझे लगता है कि कैच पकड़ लिए जाते तो मैच का मोमेंटम बदल सकता था। नए बल्लेबाज क्रीज पर आते और हम अपनी योजनाओं को ज्यादा असरदार ढंग से लागू कर सकते थे। शायद हम 50 से ज्यादा रन कम देते।

पहला मौका आठवें ओवर में छूटा जब किशन ने फर्ग्यूसन की गेंद पर डीप स्क्वेयर-लेग की ओर शॉट खेला। कॉनॉली गेंद के नीचे अच्छी तरह पहुंचे लेकिन गेंद उनके हाथों से निकल गई। अगला मौका नौवें ओवर में शशांक ने छोड़ा। यह युजवेंद्र चहल की गेंद पर क्लासेन का आसान कैच था। तीसरा मौका 11वें ओवर में फिर चहल की गेंद पर आया, जब फर्ग्यूसन घड़न लेग पर कैच का सही अंदाजा नहीं लगा सके और गेंद निकल गई। उसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने एक मुश्किल स्टंपिंग का मौका भी गंवाया।



## शमास व फिरोजा ने शतक जड़े

**कराची, वार्ता।** सदाफ शमास और गुल फिरोजा ने शतक जड़े, जिससे पाकिस्तान महिला टीम ने वनडे में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर - 343/4 - खड़ा किया। कराची में खेले गए दूसरे वनडे में, एक रिकॉर्ड-तोड़ ओप. निंग साझेदारी की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे महिला टीम पर 206 रनों की बड़ी और सीरीज-जिताने वाली जीत दर्ज की। यह महिला वनडे में रनों के लिहाज से पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, पाकिस्तान को शमास और फिरोजा के रूप में तुरंत ही मैच पर पकड़ बनाने का मौका मिला। दोनों ने मिलकर 189 रनों की विशाल ओपनिंग साझेदारी की, जिसने जिम्बाब्वे की उस शुरुआती लय को पूरी तरह तोड़ दिया, जिसकी उम्मीद वे सीरीज में बराबरी करने के लिए कर रहे थे। दोनों ने मिलकर कुल 23 चौके और एक छक्का लगाया, जिससे मेहमान टीम का मनोबल टूट गया। 31वें ओवर में यह साझेदारी टूटने के बाद भी, रन बनाने की रफ्तार में ज्यादा गिरावट नहीं आई। सिदरा अमीन ने सहजता से बल्लेबाजी की, पारी के बीच के हिस्से को संभाला और अपनी नाबाद 59 रनों की पारी से टीम को सही राह पर बनाए रखा। आखिरी ओवरों में रनों की रफ्तार में जबरदस्त तेजी आई: फातिमा सना और आलिया रियाज ने शुरू से ही आक्रामक बल्लेबाजी की, और एक मजबूत नींव को एक विशाल स्कोर में बदल दिया।

**NOTICE**

I, Sonu W/o Ganesh Kumar R/o Vill - Sendhi P.O Sandhikhal Pauri Garhwal Uttarakhand changed my name to Sonu Devi for all future purpose?

## नेमार ने टीनेजर रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने हद पार कर दी और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिंग सेशन के दौरान उस टीनेजर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिंग सेंटर में हुई यह घटना पूरी तरह सुलझ गई है।

नेमार ने कहा कि अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही, नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टिट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया। रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं। नेमार ने कहा कि हां, मैंने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, उसमें मैंने थोड़ी ज्यादा ही प्रतिक्रिया दे दी। यह अलग तरह से हो सकता था, लेकिन आखिर में मैंने अपना आपा खो दिया। हर कोई गलतियां करता है। यह मेरी गलती थी, उसकी गलती थी, मैंने थोड़ी बड़ी गलती की। वह एक ऐसा लड़का है जिसे मैं बहुत पसंद करता हूं, जिसके लिए मेरे मन में खास लगाव है। फुटबॉल में ऐसा होता रहता है, आप अपने दोस्त, अपने भाई से बहस कर लेते हैं। यही फुटबॉल है, यह खेल का ही एक हिस्सा है। रोबिन्हो जूनियर ने कहा कि नेमार को तुरंत एहसास हो गया था कि वह बहुत आगे निकल गए हैं और उन्होंने इस कहा-सुनी के लिए कई बार माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी स्थिति थी जिसने मुझे परेशान कर दिया, क्योंकि बचपन से ही वह मेरे आदर्श रहे हैं। हमारे आस-पास के लोग बहुत सी ऐसी बातें कहते हैं जो सच नहीं होतीं, और यह देखकर दुख होता है कि बात इस हद तक बढ़ गई।

### लगातार दूसरे साल भारत का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलिया ए टीम

**मेलबर्न, वार्ता।** अगले जनवरी में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के संभावित खिलाड़ियों में से कुछ को 12 महीनों में दूसरी बार भारत दौरे का मौका मिलेगा, जब ऑस्ट्रेलिया ए सितम्बर और अक्टूबर में पुडुचेरी में भारत ए के खिलाफ दो चार-दिवसीय मैच और तीन 50-ओवर मुकाबले खेलेगी। बुधवार को बीसीसीआई द्वारा घोषित पुरुष टीम के कार्यक्रम के अलावा यह भी पुष्टि हुई कि ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम इसी दौरान राजकोट और अहमदाबाद में तीन टी-20, तीन 50-ओवर मैच और एक चार-दिवसीय मैच खेलेगी, जबकि पुरुष अंडर-19 टीम सितम्बर में मोहाली और धर्मशाला में दो 50-ओवर और दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। पुरुष ऑस्ट्रेलिया ए दौरा सबसे ज्यादा अहम माना जा रहा है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज भारत में खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया ए ने पिछले साल सितम्बर-अक्टूबर में भारत दौरा किया था और इससे टेस्ट टीम के संभावित खिलाड़ियों सैम कॉन्स्टास, नेथन मैकस्वीनी, टॉड मर्फी और कूपर कॉनॉली को लखनऊ में दो चार-दिवसीय मैच खेलने का मौका मिला था।

**AXIS BANK LTD.**

**गिरवी रखी गई सोने के आभूषणों की ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

उधारकर्ताओं को, विशेष रूप से और आम जनता को, यह सूचित किया जाता है कि नीचे दिए गए खातों में गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी एक्सिस बैंक द्वारा नीचे उल्लिखित शाखा में आयोजित की जाएगी।

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं ने बैंक के पक्ष में सोने के आभूषण गिरवी रखकर (''स्वर्ण ऋण सुविधा'') **एक्सिस बैंक** लिमिटेड से ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। ऋण लेने वालों/गारंटरों को मांग नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उनसे लिए गए स्वर्ण ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। चूंकि ऋण लेने वाले/गारंटर बकाया ऋण राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए बैंक को गिरवी का उपयोग करने के लिए विवश होना पड़ा है और उसने गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दी गई संपत्ति की अनुसूची में दिया गया है। यह नीलामी **08.06.2026** को सुबह **11:00 बजे तक ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है, जो है'', ''जो कुछ भी है'' और ''कोई सहारा नहीं''** के आधार पर होगी।

**उधारकर्ताओं का विवरण और बकाया राशि**

| ग्राहक का नाम | लोन खाता नंबर | बकाया राशि (रु. में) | रिकॉल नोटिस की तिथि | सकल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|
| बी.ओ.:- देहरादून (यूटी) | | | | | |
| गुरूमीत सिंह | XXXXXXXXXXX4584 | ₹3,100,828.80 | 02-04-2026 | 326.200 | 315.000 |
| बी.ओ.:- पंडरी (यूटी) | | | | | |
| जगपाल सिंह | XXXXXXXXXXX3882 | ₹1,221,992.02 | 09-02-2026 | 152.900 | 148.900 |
| मनोज कुमार संदलिया | XXXXXXXXXXX0064 | ₹295,278.00 | 02-04-2026 | 31.400 | 30.300 |
| नगमा | XXXXXXXXXXX1173 | ₹411,009.95 | 02-04-2026 | 57.600 | 56.800 |
| इम्तियाह अहमद | XXXXXXXXXXX1484 | ₹405,559.98 | 13-04-2026 | 51.400 | 50.200 |
| राजेश कुमार साहनी | XXXXXXXXXXX2700 | ₹121,154.00 | 18-04-2026 | 12.200 | 11.300 |
| तबस्सुम बेगम | XXXXXXXXXXX9957 | ₹102,905.00 | 02-04-2026 | 14.900 | 13.600 |

**निविदा की शर्तें एवं नियम**

नीलामी के दिन/तारीख को निविदाकर्ताओं को आधार/आरक्षित मूल्य बताया जाएगा, जिस पर नीलामी की बोलियों पर विचार किया जाएगा। केवल बैंक द्वारा प्रदान किए गए निर्धारित निविदा प्रपत्र में दी गई बोलियों/प्रस्तावों पर ही विचार किया जाएगा।

अधूरे निविदा प्रपत्र/निविदाएँ अमान्य मानी जसएँगी और अस्वीकृत की जा सकती हैं।

निविदा दस्तावेज और शर्तें उपरोक्त शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। विधिवत भरा हुआ निविदा दस्तावेज **08-06-2026** को कार्य समय के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी को सौंप दिया जाना चाहिए। नियत तिथि के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

उक्त संपत्ति **''जैसी है जहाँ है'', ''जैसी है वैसी'', ''जो कुछ भी है'' और ''कोई सहारा नहीं''** के आधार पर बिक्री के लिए प्रस्तुत की जाती है। बैंक उक्त संपत्ति के संबंध में मानक, शुद्धता और/या किसी अन्य देय राशि, कर, यदि कोई हो, के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है।

बैंक द्वारा नीलामी की तिथि पर निविदाएं निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी। निविदाकर्ता उपर्युक्त तिथि और समय पर उपस्थित रहना चुन सकते हैं, ताकि वे अपनी-अपनी पेशकशें प्रस्तुत/संशोधित कर सकें।

**ऊपर उल्लिखित शाखाओं के नाम, नीलामी तिथि: 08-06-2026.**

एक बार प्रस्तुत की गई पेशकश/निविदा वापस नहीं ली जा सकती है और यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक ही बोली/निविदा है, तो बोलीकर्ता को बोली राशि जमा करनी होगी।

यदि किसी विशेष वस्तु/संपत्ति/आभूषण के लिए एक से अधिक बोलियां हैं, तो बोलीकर्ताओं के बीच पारस्परिक बोली लगाई जाएगी और उच्चतम बोली लगाने वाले को सफल बोलीकर्ता घोषित किया जाएगा।

बोलीकर्ता को सभी केवाईसी दस्तावेज, जैसे पैन नंबर, पैन कार्ड, आधार कार्ड और पता प्रमाण आदि प्रस्तुत करने होंगे। बोलीकर्ता को वैध ईमेल आईडी और संपर्क नंबर भी प्रस्तुत करना होगा।

बैंक अपने विवेकाधिकार पर पेशकश को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

उक्त संपत्ति की बिक्री/बिक्री के लिए प्रस्तावित संपत्ति से उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/मतभेद का निपटारा केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/न्यायाधीशों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

**स्थान: उत्तराखंड, दिनांक: 08.05.2026** **हस्ताक्षर/-, अधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड**

## ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज में भौतिक प्रयोगशाला का भव्य उद्घाटन

# क्षेत्र के लोगों को घर के पास ही मिलेगी बेहतर शिक्षा : ममतेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा के प्रसार हेतु आज दिनांक 7 मई 2026 को शिवपुरम पनियाला रोड रुड़की स्थित ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय की नवनिर्मित अत्याधुनिक भौतिक विज्ञान प्रयोगशाला का भी रिबन काटकर उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ममतेश कुमार शर्मा (अध्यक्ष बीएसएम शिक्षण संस्थान एवं अध्यक्ष प्रबंधक एसोसिएशन उत्तराखंड) एवं रजनीश कुमार शर्मा (सचिव बीएसएम शिक्षण संस्थान,रुड़की) ने संयुक्त रूप से विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने प्रयोगशाला में मौजूद



उपकरणों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों को प्रयोगात्मक शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर अन्य अतिथियों में अजय कौशिक प्रधानाचार्य बीएसएम इंटर कॉलेज, भानु प्रताप गौतम एडवोकेट, देवेश गौतम, विकास धीमान रहे। मुख्य अतिथि बीएसएम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ममतेश कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ज्ञानदीप पब्लिक इंटर कॉलेज क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रजनीश कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। विद्यालय के प्रबंधक वासुदेव पंत ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान के विजन पर प्रकाश डाला और कहा कि हमारा लक्ष्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चों को कम शुल्क में विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ



अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर विशेष बल दिया जाएगा।

# नारसन ब्लॉक की तीन ग्राम पंचायतों में घोटाले का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** हरिद्वार जनपद के नारसन विकासखंड में सरकारी धन के दुरुपयोग का बड़ा मामला सामने आया है। खंड विकास अधिकारी नारसन ने तीन ग्राम पंचायतों गाधारोणा, बुक्कनपुर और जैनपुर झंझेड़ी में वित्तीय अनियमितताओं की जांच के आदेश जारी किए हैं। एक साथ तीन पंचायतों में जांच के आदेश से पूरे ब्लॉक में हड़कंप मचा हुआ है।

ग्राम पंचायत गाधारोणा, बुक्कनपुर और जैनपुर झंझेड़ी के ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी हरिद्वार को अलग-अलग शिकायत पत्र सौंपे थे। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में राज्य वित्त आयोग, 15 वें वित्त आयोग, मनरेगा एवं अन्य मदों से ग्राम पंचायतों को मिली करोड़ों की धनराशि में भारी अनियमितता और घोटाला हुआ है। ग्रामीणों ने सरकारी धन के दुरुपयोग की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी नारसन ने तीनों ग्राम पंचायतों के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच अधिकारियों को एक सप्ताह के अंदर भौतिक, तकनीकी और वित्तीय निरीक्षण करके विस्तृत रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी, हरिद्वार को भेजी गई है। खंड विकास अधिकारी पवन सिंह सैनी ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायतों पर जांच कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही तीनों ग्राम पंचायतों के ग्राम विकास अधिकारियों को तत्काल समस्त अभिलेख जांच समिति को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है। अब सभी की निगाहें एक सप्ताह में आने वाली जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। क्या इस रिपोर्ट के आधार पर ग्राम प्रधानों के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। या फिर अन्य शिकायतों की तरह ग्रामीणों की यह शिकायतें भी दफ्तर की फाइलों में दबकर रह जाएगी।

# जमीनी विवाद में दो पक्ष आमने-सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ग्रीन पार्क कॉलोनी में प्रॉपर्टी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने पर क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए दोनों पक्षों के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंची और दोनों पक्षों का शांतिभंग करने माहौल खराब करने के आरोप में चालान कर दिया।।

जानकारी के अनुसार रामपुर गांव निवासी दो पक्षों के बीच ग्रीन पार्क स्थित एक प्रॉपर्टी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। बताया गया है कि शुक्रवार को एक पक्ष द्वारा उक्त प्रॉपर्टी पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। इसकी जानकारी मिलने पर दूसरा पक्ष भी मौके पर पहुंच गया और निर्माण कार्य का विरोध करने लगा। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते तीखी बहस में बदल गई। विवाद बढ़ता देख किसी स्थानीय व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और इकरार पुत्र असगर निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार, इस्तखार पुत्र असगर निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार, सलमान पुत्र अखलाक निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर, इसरार पुत्र दिलशाद निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर, शहनवाज पुत्र दिलशाद निवासी सुलतानपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार हैं। कुछ लोगों को पूछताछ के लिए अपने साथ कोतवाली ले गई। बाद में पुलिस दोबारा मौके पर पहुंची और प्रॉपर्टी में रखा सामान भी कब्जे में ले लिया। घटना के दौरान क्षेत्र में फायरिंग की अफवाह भी फैल गई थी, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, गंगनहर कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि मौके पर किसी प्रकार की फायरिंग नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि यह केवल अफवाह थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

# पब्लिक प्लेस पर हुड़दंग मचा रहे 8 युवकों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर-पुरकाजी हाईवे पर सार्वजनिक स्थान को हुक्का बार बनाकर अराजकता फैलाने वाले युवकों पर खानपुर पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है पुलिस ने मौके से हुड़दंग मचा रहे युवकों को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई अमल में लाई हैचेकिंग के दौरान मिली सूचनाखानपुर थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि बुधवार शाम को पुलिस टीम हाईवे पर रूटीन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान किसी ग्रामीण ने सूचना दी कि कस्बे के पास सार्वजनिक स्थान पर कुछ युवक एकत्रित होकर हुक्का पी रहे हैं और जोर-जोर से हुड़दंग मचाते हुए राहगीरों को परेशान कर रहे हैंसूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस बल को तत्काल मौके पर भेजा पुलिस की गाड़ी देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए हुड़दंगियों को दबोच लिया पुलिस सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने आई, जहाँ उनके विरुद्ध शांति भंग व अन्य संबंधित धाराओं में चालान किया गया जयदीप ग्राम नैटवाला सैदाबाद, लक्सर विकास (निवासी: निगाड़ा कला, हरियाणा)हिमांशु (निवासी: जग्गवाड़ा, हासी, हरियाणा विक्की निवासी: कस्बा घरनी, हरियाणा मोहित हासी हरियाणातथा अन्य दो साथी सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी और हुड़दंग कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस निरंतर गश्त कर रही है। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई है प्रभारी निरीक्षण गोविंद कुमार।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पर 31 लोगों के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन प्रहार" अभियान के तहत हरिद्वार पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर कोतवाली रुड़की पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने एवं संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान चलाया।

अभियान के दौरान पुलिस ने 31 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया। इस कार्रवाई में कुल घ15,500 का संयोजन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई के बाद सभी को सार्वजनिक स्थानों पर शराब न पीने की सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया गया। कोतवाली रुड़की पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में एसएसआई निरीक्षक धर्मेंद्र राठी,उप निरीक्षक भजराम चौहान,उप निरीक्षक नवीन चौहान, सुभाष जखमोला,पुष्पेंद्र सिंह,हेड कांस्टेबल दिनेश गुप्ता,संदीप सेमवाल,रजत चौधरी,अनिल शर्मा, रणवीर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बाइक सहित एक वाहन चोर को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** ऑपरेशन प्रहार के तहत हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी है। इसी के तहत पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान एक मोटर साईकिल चोर को पकडा है। उससे बाईक भी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा ऑपरेशन प्रहार के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थ तस्करों/वाहन चोरी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत अलग -अलग टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान खेलपुर रोड से एक संदिग्ध को पकड़ा। पकड़े गये आरोपी के कब्जे से कोतवाली भगवानपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 189/26 से सम्बन्धित चोरी की मो0सा0 स्पलेण्डर रंग काला बरामद की गई। पूछताछ मे आरोपी द्वारा एक मो0सा0 थाना गंगनहर से भी चोरी करना बताया गया, जिसको आरोपी की निशादेही पर खेलपुर



आम के बाग से बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता आरोपी-इजरार पुत्र इनाम निवासी ग्राम खेलपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार है।

# लक्ष्य पब्लिक स्कूल में ऑडियो वीडियो लर्निंग की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** शिक्षा के आधुनिक स्वरूप को अपनाते हुए कस्बे के लक्ष्य पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए ऑडियो-वीडियो लर्निंग प्रशिक्षण का शानदार आगाज किया गया। इस विशेष पहल के माध्यम से बच्चों को डिजिटल तकनीक के जरिए रोचक तरीके से शिक्षा दी जा रही है। मानसिक विकास के लिए खेल-खेल में शिक्षा जरूरी कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा छोटे बच्चों पर किताबों का जरूरत से ज्यादा बोझ लादना उनके मानसिक विकास में बाधक बन सकता है इसके बजाय, यदि हम उन्हें खेल-खेल में और दृश्य-श्रव्य ।नकपव-टपेनंस माध्यमों से सिखाएं, तो वे बहुत जल्दी और गहराई से बातों को समझते हैं। उन्होंने बच्चों को समझाया कि ये वे रंग हैं जिन्हें किसी अन्य रंग को मिलाकर तैयार नहीं किया जा सकताइसके बाद प्रिया और ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अलग-अलग रंगों की पहचान करने का अभ्यास कराया। इस रचनात्मक सत्र में विद्यालय केनन्हे-मुन्नेछात्र-छात्राओंनेबढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप सेवंश वर्मा, हुदा अंसारी, आर्या, यशी ठाकुर, अभिनव, आयांश गोयल, बरीराह खान, आर्य, सीरत, वेदांत, काव्या और शिवांश सिंघल शामिल रहे।

# दबंगों ने किसान की फसल जोती, विरोध करने पर धारदार हथियारों से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली क्षेत्र के ढाढेकी गांव में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ कुछ लोगों ने एक ग्रामीण के खेत में खड़ी गेहूं की फसल को न केवल ट्रैक्टर से जोतकर नष्ट कर दिया, बल्कि विरोध करनेपरपरिवार के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने इस मामले में 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अरुण कुमार पुत्र ईश्वर चंद्र शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने खेत में गेहूं की फसल बोई हुई थी। 12 अप्रैल को जब उनका परिवार फसल की कटाई के लिए खेत पर पहुँचा, तो गाँव के ही कुछ लोग वहां आ धमके। आरोपियों ने जबरन ट्रैक्टर चलाकर खड़ी फसल को जोतना शुरू कर दियाहथियारों से लैस थे हमलावरपीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने फसल बर्बाद करने का विरोध किया तो आरोपियों ने जान से मारने की नियत से लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से उन पर हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने खेत में लगे पॉपुलर के पेड़ों को भी पूरी तरह नष्ट कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर जमा होने लगे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गएइन लोगों पर दर्ज हुआ मुकदमा कोतवाली के एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने ढाढेकी निवासी 10 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में शामिल हैंबृजेश कुमार, राजकुमार, बबलू, पवन सिंह, धर्म सिंह कुलदीप, संदीप, आजाद, आकाश और मनोज तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसआई नितिन चौहान ने बताया मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# राष्ट्रीय कृमी मुक्ति दिवस पर छात्रों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय कुर्मी मुक्ति दिवस पर विद्यालय के छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और बी एस एम शिक्षण संस्थान के सचिव श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने अपने हाथ से छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई प्रबंधक महोदय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय कमी मुक्ति दिवस पर सभी छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खानी चाहिए इस गोली से पेट में जो कीड़े हो जाते हैं वह मर जाते हैं अगर आपका पेट सही है तो आपका स्वास्थ्य सही रहेगा क्योंकि मनुष्य के शरीर में जितने भी बीमारी होती है वह पेट से ही शुरू होती है इसलिए हमें अपने खाने-पीने का ध्यान रखना चाहिए और शुद्ध और पौष्टिक आहार लेना चाहिए प्रबंधक पहुंचे ने छात्रों को अपना शुभ आशीर्वाद दिया सचिव महोदय ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास हो सकता है इसलिए हमें अपने खाने-पीने का विशेष ध्यान रखना चाहिए और साल भर में दो बार एल्बेंडाजोल की गोली खानी चाहिए प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने पेट को ध्यान में रखकर भोजन करना चाहिए जंक फूड का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए और समय-समय पर सरकार द्वारा चलाए गए स्वास्थ्य कार्यक्रमों का फायदा उठाना चाहिए इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अमित कपिल डॉ अभय प्रमोद शर्मा विशेष विकास गौतम कमल मिश्रा विशाल शर्मा मोहित आदि उपस्थित रहे।

# अवैध शराब के साथ एक नशा तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर पुलिस ने ऑंपरेशन प्रहार मे नशे का एक सौदागर को धर दबोचा है। उसके पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया है। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्यवाही कर सख्ती से कार्यवाही किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। आदेश के अनुपालन मे प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मंगलौर द्वारा अलग-अलग टीमो का गठन किया गया था एक टीम को नशे के सौदागर के विरुद्ध कार्यालय करते हुऐ उनकी गिरफ्तारी पर लगाया गया। जिसके फलस्वरुप मंगलौर पुलिस ने एक आरोपित को पकडा जिसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। नाम पता आरोपी-नरेन्द्र कुमार पुत्र बकतावर निवासी अकबरपुर है।

## कलियर नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में 27 करोड़ का वार्षिक बजट पास

# करोड़ों के विकास कार्यो से कस्बे का होगा विकासः चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** नगर पंचायत पिरान कलियर की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए करीब 27 करोड़ रुपये का वार्षिक बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष समीना की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें विधायक हाजी फुरकान अहमद, ईओ कुलदीप सिंह चौहान सहित सभी सभासद मौजूद रहें।

बृहस्पतिवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित बैठक के दौरान "एक साल बेमिसाल" कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीते एक वर्ष में कराए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष और सभासदों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बैठक में नगर क्षेत्र के विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। मुख्य प्रस्तावों में नगर



क्षेत्र में हाईटेक शौचालयों का निर्माण, सीवर लाइन और एसटीपी स्थापना, 300 सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने, 1000 एलईडी स्ट्रीट लाइट खरीदने और सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल रहे। इसके अलावा दरगाह बाजार, तालाब बाजार और वीआईपी रोड के सौंदर्यीकरण, स्वागत द्वार निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, फुटपाथ और सड़कों के निर्माण, नालों के निर्माण तथा नगर क्षेत्र के विद्युतिकरण से जुड़े प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक में पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते

> ❖ **नगर क्षेत्र में हाईटेक शौचालयों का निर्माण, सीवर लाइन, 300 सोलर स्ट्रीट लाइटें, 1000 एलईडी स्ट्रीट लाइट व सौंदर्यीकरण के काम शामिल**

हुए आधुनिक कॉरिडोर निर्माण और रहमतपुर रोड से रुड़की रोड तक बाईपास निर्माण पर भी सहमति बनी। वहीं शैतान चौक का नाम बदलकर "साबरी चौक" और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास वाली सड़क का नाम "दरगाह मेन गेट रोड" रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।नगर पंचायत ने अव्यवस्थित बाजारों को व्यवस्थित करने के लिए सब्जी, फल, चाट और खिलौना बाजारों के लिए अलग स्थान चिन्हित करने का प्रस्ताव भी पारित किया। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में चार नए हाईटेक शौचालय, फव्वारे और मिनी बाजार स्थापित करने की योजना को भी हरी झंडी दी गई। ईओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि नगर पंचायत ने अगले 60 दिनों में क्षेत्र को शौचमुक्त बनाने का संकल्प लिया है। सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए दो छोटे सफाई वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में पारित योजनाओं को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा और नगर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था व यातायात सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। अध्यक्ष समीना ने कहा कि नगर पंचायत पिरान कलियर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श नगर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठक में पारित किए गए सभी प्रस्ताव नगर के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे। विधायक हाजी फुरकान अहमद ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और नगर को पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित किया जाएगा। इस दौरान विधायक सभासदों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को जल्द धनराशि जारी करने की मांग भी उठाई। बैठक में सभासद नाजिम त्यागी, अमजद मलिक, दिलबाग, मोहम्मद राशिद, रेशमा प्रवीण, मेहरुबा जावेद, जाबिर, दानिश सिद्दीकी और जीनत खातून के अलावा चेयरमैन प्रतिनिधि सलीम अहमद, सत्तार अली, अमीर आजम, जावेद साबरी, डॉ. शहजाद अली, रहीस अहमद, गुलफाम साबरी, राशिद अली, अहसान कुरैशी, गौरव और रजिया समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहें।

# अराजक स्थिति

4 मई को हुई मतगणना के बाद से ही शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पांच लोगों की अब तक जान जा चुकी है। जिसमें भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की बुधवार देर रात 10:30 बजे हत्या भी शामिल है। सुवेन्दु अधिकारी ने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। अब यह राजनीतिक हत्या है या कोई अन्य कारण यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन गुरुवार को सुवेन्दु अधिकारी ने कहा है कि उनके पीए की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया। चंद्रनाथ रथ की मां ने भी इसी तरह का बयान दिया है और कहा है कि हार का बदला मेरी बेटे की हत्या कर लिया गया है। उनके अनुसार कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बच नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि चंद्रनाथ रथ को चार गोलियां लगी हैं। अब तक इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच एक नोटिफिकेशन जारी कर राज्यपाल आरएन रवी ने पश्चिम बंगाल की विधानसभा को भंग कर दिया। लोकभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर ही यह फैसला लिया गया है। इस बीच कोलकाता में आज भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। पीए पर जिस तरह हमलावरों ने गोली चलाई, जिसमें बताया जा रहा है कि उन्होंने दस राउंड गोलियां चलाई। इसमें चार गोलियां चंद्रनाथ को लगी, उनके ड्राइवर बुद्धदेव को भी गोली लगने की बात सामने आई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि हमलावर 7 किमी से उनकी कार का पीछा कर रहे थे। जिस तरह हमलावर घटनास्थल से आराम से फरार हुए और अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, जिससे साफ है कि बंगाल की हिंसा एक नए दौर की तरफ जा रही है, क्योंकि एक दो नहीं दर्जनों स्थानों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। बसीरहाट, बरानगर और हावड़ा जैसे क्षेत्रों से भी हिंसा के समाचार सामने आ रहे हैं। 24 परगना के पानीहाट में तो भाजपाइयों पर बम फेंकने की बात सामने आई है। यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है।

# सियासत की अपनी अलग इक जुबां है





निर्मल रानी

जनता को सब्ज बाग दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिए तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ बागों में बहार है, जनता खुशहाल है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है,देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है,देश में विकास की गंगोत्री बह रही है। और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुए उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों?


आप चीखते चिल्लाते रहिए कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त,चुनाव आयोग,एस आई आर,इनकम टैक्स, सी बी आई,ई डी,बी एस एफ,सी आर पी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है। परन्तु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है ? याद कीजिए 2013 में, जब डॉलर के मुकाबले रूपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आला. चना करते हुए कहा था कि रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। तब मोदी ने रूपए की कमजोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। कमजोर रुपया=कमजोर सरकार का कथन प्रचारित किया गया था । मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रूपए के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा। परन्तु आज तो मोदी शासन काल में डॉलर के मुकाबले वही रूपया 95.18 तक पहुंच चुका है। परन्तु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमजोर सरकार का लक्षण है न ही रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। बजाए इसके अक्टूबर 2022 में जब रूपया 1 डॉलर के मुकाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क जरूर दिया था कि श्भारतीय रूपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमे. रिकी डॉलर तेजी से मजबूत हो रहा हैश। क्या यह तर्क 2014 से पहले यू पी ए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था? परन्तु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के श्कुतर्क रूपी तर्कश देने की सलाहियत थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रुपये के आंकड़े को छूने के करीब होने बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है?

इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की कीमतें 61रूपये से लेकर 70 रूपये प्रति लीटर के करीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की कीमत 414 के करीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे। परन्तु आज पेट्रोल व डीजल कहीं 100 रुपये के करीब तो कहीं 100 रुपये पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के करीब हो गया है। परन्तु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी खबरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल तो वैसे भी ईरान इस्राईल युद्ध के चलते देश में अनेक जगहों पर गैस सिलिंडर लेने के लिए लोग लंबी लंबी कतारों में खड़े हुए हैं। गैस की धड़ल्ले से ब्लैक मेलिंग हो रही है। परन्तु जनता के हितों से मुख्य रूप से जुड़े ऐसे सवालों पर तो कोई चर्चा नहीं हां इस विषय पर सरकार का यह स्टैंड मीडिया जरूर प्रचारित कर देता है कि सब कुछ ठीक ठाक है ।

इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में एक नया वोट बैंक तैयार किया है लाभार्थी वोट बैंक। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों अर्थात देश की लगभग 57 प्रतिशत आबादी को मुफ्त राशन दिया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को हर महीने प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आलोचक इस योजना को सरकार की नाकामी बता रहे हैं। इनका कहना है कि इस योजना का मतलब है कि देश की 57 प्रतिशत आबादी इतने पैसे भी नहीं कमा पा रही कि वह अपने व परिवार के लिए 5 किलो राशन तक खरीद सके। जबकि कुछ आलोचक कहते हैं कि ऐसी योजनाएं लोगों को निठल्ला बनाती हैं। कोई कुछ भी कहता रहे परन्तु सरकार ऐसी योजनाओं को चलाकर अपनी पीठ थपथपाती है और इसके बदले इन्हीं लाभार्थियों से वोट की उम्मीद लगाए रहती है। और धन्य है देश की वह जनता भी जो आत्मनिर्भर होने या सरकार से रोजगार के अवसर मांगने के बजाए इसी 5 किलो मुफ्त राशन को ही अपना भाग्य समझकर फूले नहीं समाती। यह सफल अन्दाज-ए-सियासत की ही एक बानगी कही जाएगी कि आज जी एस टी व नोटबंदी से परेशान लोग व व्यवसाई इस विषय पर चर्चा बंद कर चुके हैं। लॉक डाउन के दौर में हजारों किलोमीटर पैदल चलने वाले लोग अपना दु:ख भूलने को मजबूर हो चुके हैं। मंहगाई, बेरा. जगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा व नारी स्मिता तो जैसे कोई मुद्दा ही नहीं। वास्तव में देश की राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां जनता के मुद्दे क्या हैं और क्या होंगे यह भी अब जनता नहीं बल्कि राजनैतिक दलों के नेता तय करते हैं। इसलिए जनता की आधारभूत जरूरतें और लो. कहितकारी बातें छोड़िए और पाकिस्तान,हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद, घुसपैठिया, लव जिहाद,जाति धर्म,धर्म विशेष की कथित रूप से बढ़ती जनसंख्या जैसे सत्ता द्वारा निर्धारित विषयों को ही वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरुरत स्वीकार कीजिए।

## श्रीमुख से...

### तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता



ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है, पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था, उनका कहना था कि उसके बाद श्री ट्रम्प ने विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया, में बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई।

-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड
मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003

Dainikshahtimes@gmail.com

# वीडियो बनाने की बजाए जान बचाना जरूरी






कहकशां

**कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, यह पट्टी लेकर खड़ा मिलता है । बिना वर्दी और भी बिना हथियार के । बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का । आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा । इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है । गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी ।**

आज 8 मई है यानी कि विश्व रेडक्रॉस दिवस। नाम सुनते ही दिमाग में क्या आता है? खून की बोतलें, पट्टियां और सफेद झंडे वाली गाड़ी। है न? लेकिन रेड क्रॉस इससे कहीं ज्यादा चटपटा है। यह वो तड़का है जो इंसानियत की दाल में स्वाद भर देता है। आज 8 मई हेनरी डडूनांट का जन्मदिन है। स्विट्जरलैंड का यह बंदा बीते सन 1859 में इटली देश में सोलफेरिनो की लड़ाई देखने पहुंच गया था। चारों तरफ लाशें, घायल कराह रहे थे। न डॉक्टर, न दवा। डडूनांट ने गांववालों को इकठा किया और बोला भाई ए अपना है या पराया इस बात को तुरंत छोड़ो। पहले पट्टी बांधो। बस वहीं से रेड क्रॉस का बीज पड़ गया। सोचो एक टूरिस्ट ने कैसे दुनिया बदल दी और हम हैं कि देहरादून या दिल्ली जाकर सेल्फी लेकर लौट आते हैं। रेड क्रॉस का सबसे चटपटा उसूल है निष्पक्षता। युद्ध में ए दुश्मन के घायल सिपाही को भी पानी पिलाते हैं। बाढ़ आए तो ए नहीं पूछते कि आधार कार्ड दिखाओ। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, ए पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी। अरे बई सुई का डर है तो जरा उन माताओं से पूछो जिनके बच्चे थैलेसीमिया से हर 15 दिन में खून चढ़वाते हैं। छह वर्ष पहले भी अपने यहां रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलंटियर कोरोना में राशन बांटते दिखे थे। पिछले वर्ष जब ओले पड़े थे तो सबसे पहले इन्हीं लड़कों ने कंबल बांटे थे। न फोटो की भूख थी और ना ही किसी नेता के साथ सेल्फी का चक्कर था। काम खत्म तो घर की राह। खून दो साल में 2 बार। शरीर फिट पुण्य हिट। वॉलंटियर बनो फर्स्ट एड सीख लो। अगला एक्सीडेंट देखकर वीडियो बनाने से बेहतर है आप किसी की जान बचाओ। अफवाह नहीं मदद फैलाओ रेड क्रॉस का निशान देखो तो तुरंत रास्ता दे दो, एम्बुलेंस को साइड दे दो। रेड क्रॉस वालों का कोई धर्म नहीं होता। इनका धर्म है दर्द। जहां दर्द दिखा ए मरहम बन गए। हेनरी डडूनांट को इसके लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। पर असली पुरस्कार तो वो दुआएं हैं जो किसी मां ने अपने बच्चे की जान बचने पर दी होंगी। तो अब आप इस 08 मई को एक वादा करो। खून देने से डर लगे तो कम से कम किसी का दिल तो नही दुखाओगे क्योंकि रेड क्रॉस कहता है कि इंसानियत जिंदाबाद बाकी सब बाद। हैप्पी वर्ल्ड रेड क्रॉस डे।

# बंगाल की जीत के शिल्पकार : सुनील बंसल का रणनीति मॉडल





मितेंद्र कुमार गुप्ता

भारतीय राजनीति में चुनावी जीत केवल जनसभाओं, नारों और चेहरे के आकर्षण से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे एक मजबूत संगठन, सूक्ष्म रणनीति और जमीनी स्तर पर निरंतर काम करने वाले कुशल प्रबंधकों की बड़ी भूमिका होती है। पश्चिम बंगाल जैसे जटिल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती ताकत के पीछे जिस नाम की चर्चा लगातार होती रही है, वह है सुनील बंसल। भले ही चुनावी मैदान में चेहरा नरेंद्र मोदी का रहा हो, लेकिन संगठन की जड़ों को मजबूत करने और जीत की नींव तैयार करने का श्रेय काफी हद तक बंसल के रणनीतिक कौशल को दिया जाता है।

**संगठन का सूक्ष्म विज्ञान:** सुनील बंसल की कार्यशैली पारंपरिक राजनीति से अलग और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से प्रभावित मानी जाती है। उनका मानना है कि चुनाव केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि डेटा, नेटवर्क और निरंतर फीडबैक सिस्टम से जीते जाते हैं। वे संगठन को तीन स्तरों पर मजबूत करते हैं-

बूथ स्तर पर पकड़
कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण
डेटा आधारित निर्णय

पश्चिम बंगाल में उन्होंने सबसे पहले बूथ स्तर पर संगठन को पुनर्गठित किया। हर बूथ को एक मिनी चुनाव इकाई के रूप में विकसित किया गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

**उत्तर प्रदेश मॉडल:** सुनील बंसल का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रयोग उत्तर प्रदेश में देखा गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को इस तरह से खड़ा किया कि भारतीय जनता पार्टी को 73 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली। यहां उन्होंने जो मॉडल अपनाया, वही बाद में अन्य राज्यों में लागू किया गया।

हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता
माइक्रो मैनेजमेंट
जातीय और सामाजिक समीकरणों का संतुलन

**चुनावी डेटा का विश्लेषण:** यही मॉडल पश्चिम बंगाल में भी लागू किया गया, हालांकि वहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल में राजनीति लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों और वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में रही है। यहां संगठन खड़ा करना आसान नहीं था।

**बंसल ने इस चुनौती को अवसर में बदला-**

1. स्थानीय नेतृत्व का निर्माण

उन्होंने बाहर से नेतृत्व थोपने के बजाय स्थानीय चेहरों को आगे बढ़ाया।

2. सांस्कृतिक और सामाजिक समझ

बंगाल की संस्कृति, भाषा और स्थानीय मुद्दों को समझते हुए रणनीति बनाई गई।

3. विस्तृत संपर्क अभियान

घर-घर संपर्क, छोटे समूहों की बैठकें और निरंतर संवाद उनकी रणनीति का हिस्सा रहे।

**संगठन महामंत्री से राष्ट्रीय महामंत्री तक:** 2022 में जब सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया, तो यह उनकी संगठनात्मक क्षमता की मान्यता थी। इसके साथ ही उन्हें तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों का प्रभार भी दिया गया। इससे साफ है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें एक टास्क स्पेशलिस्ट के रूप में देखता है, जो कठिन राज्यों में संगठन खड़ा करने में माहिर हैं।

**विद्यार्थी परिषद से राजनीति तक का सफर:** सुनील बंसल की राजनीतिक यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुई। यहां उन्होंने संगठन की बारीकियां सीखी। ABVP में रहते हुए उन्होंने छात्र राजनीति में नेटवर्किंग सीखी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना सीखा। संघर्ष और अनुशासन का अभ्यास किया यही अनुभव बाद में उनकी रणनीतियों की नींव बना। सुनील बंसल की रणनीति को कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समझा जा सकता है-

1. डेटा इज पावर
2. कार्यकर्ता ही असली ताकत
3. निरंतर फीडबैक
4. स्थानीय मुद्दों पर फोकस

**पश्चिम बंगाल में रणनीति के प्रमुख आयाम**

1. बूथ मैनेजमेंट
2. पन्ना प्रमुख मॉडल
3. डिजिटल और सोशल मीडिया
4. सामाजिक समीकरण

**नेतृत्व के साथ तालमेल:** सुनील बंसल की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे शीर्ष नेतृत्व के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करना जानते हैं। नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के संदेश को उन्होंने कार्यकर्ताओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया।

**सरल व्यक्तित्व, मजबूत रणनीतिकार:** व्यक्तिगत जीवन में सुनील बंसल बेहद सरल और सहज माने जाते हैं। वे प्रचार से दूर रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं।

कम बोलना, ज्यादा काम करना
टीम पर भरोसा
अनुशासन और समय प्रबंधन
निरंतर सीखने की प्रवृत्ति
आलोचना और चुनौतियां

जहां एक ओर उनकी रणनीतियों की सराहना होती है, वहीं कुछ आलोचनाएं भी सामने आती हैं।

# अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है ईरान

## अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा तेहरान

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव अभी 'समीक्षाधीन' है और ईरान अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है। ट्रम्प ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना है।

■ पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने युद्ध 'जल्द' खत्म होने का जताया अनुमान

मुझे लगता है कि हम जीत गए। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो वह अस्थाई होगा। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके। ट्रम्प ने पीबीएस न्यूज से कहा कि किसी भी समझौते के तहत ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी। दूसरी ओर, ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को 'अमेरिका की इच्छाओं की सूची' बताया, जबकि एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका आवश्यक रियायतें नहीं देता है तो ईरान 'कठोर जवाब' देगा जिससे अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका। उन्होंने कहा कि ईरान पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो बमबारी फिर शुरू होगी और पहले से कहीं अधिक तीव्र होगी। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है, लेकिन मध्यस्थ होने के नाते वह बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं करेगा। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान युद्धविराम को स्थाई शांति में बदलने के प्रयास कर रहा है और यदि अगले दौर की वार्ता इस्लामाबाद में होती है तो यह उसके लिए सम्मान की बात होगी।

## नॉर्वे 'पैक्स सिलिका पहल' में हुआ शामिल

**वाशिंगटन।** महत्वपूर्ण खिनजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने और वैश्विक कृत्रिम बुद्धमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से विकसित अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में नॉर्वे आधिकारिक तौर पर शामिल हो गया है। पैक्स सिलिका के सदस्य के रूप में नॉर्वे विविध महत्वपूर्ण खिनज आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। अमेरिका में नॉर्वे की राजदूत अन्निकेन हुइटफेल्ट ने वाशिंगटन डीसी में 'पैक्स सिलिका का घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही नॉर्वे इस पहल में शामिल होने वाला 15वां देश बन गया है। इस गठबंधन में ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, भारत, इजराइल, जापान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देश पहले से शामिल हैं।



कोलकाता। बारिश के दौरान छाता लेकर चलते लोग।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की सराहना की। उप राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि आज जब हम ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहे हैं, हम वर्दीधारी उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिनके अटूट संकल्प और असाधारण साहस ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले दुश्मन को करारा जवाब दिया था। सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संकल्प के साथ उकेरी गई एक ऐसी घोषणा है, जो यह बताती है कि हमारे बहादुर सशस्त्र बल किसी भी कीमत पर देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप राज्यपाल सिन्हा ने कहा कि यह भारत के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है और हम आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान में पोलियो वायरस के पांच नए मामले आए सामने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो वायरस एक बार फिर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कराची के सीवेज और अन्य स्थानों से लिए गए पांच नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। सिंध में आयोजित एक परामर्श बैठक के दौरान शहरयार मेमन ने बताया कि कराची में वायरस की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि संक्रमण अब भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कम संक्रमण वाले मौसम में भी वायरस का सक्रिय रहना बेहद चिंताजनक है और इसके लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह बैठक सिंध इंस्टीटड्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड नियोनेटोलाजी में आयोजित की गई थी, जिसमें यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पाकिस्तान पीडियाट्रिक एसोसिएशन और पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन सहित कई संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

## ट्रम्प को झटका, होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा भारी नुकसान

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रम्प का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला।

सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा। हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक



■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला

बयान सामने आया है। ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इन्कार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है। इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, ष्यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं।

## ट्रम्प-रुबियो के विरोधाभासी बयानों से ईरान युद्ध पर बढ़ी अनिश्चितता

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर अमेरिका के भीतर अलग-अलग संकेत सामने आए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को सफल बताते हुए वार्ता का संकेत दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौता न होने पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को लेकर अमेरिकी प्रशासन के भीतर ही अलग-अलग संकेत सामने आने लगे हैं। एक तरफ विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि अभियान अपने लक्ष्य हासिल करने के बाद समाप्त हो चुका है और अब वाशिंगटन वार्ता के जरिए समाधान चाहता है। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान प्रस्तावित समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो सैन्य हमले फिर शुरू हो सकते हैं और उनकी तीव्रता पहले से अधिक होगी। इसी बीच होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया अमेरिकी मिशन प्रोजेक्ट फ्रीडम भी फिलहाल रोक दिया गया है।

## चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से

■ भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंगहे और ली शांगफू दोषी करार, पूरी प्रापर्टी भी जब्त


नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी। सैन्य अनुशासन जांच एजेंसी ने पाया कि ली ने गंभीर रूप से पार्टी अनुशासन और कानून का उल्लंघन' किया। उन पर बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने, दूसरों को रिश्वत देने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ली की गतिविधियों से सेना के हथियार डेवलपमेंट और मिलिट्री इक्विपमेंट की इमेज को भारी नुकसान पहुंचा। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है।

# बांग्लादेश की तीसता परियोजना में चीन की एंट्री

## ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है।

बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर काम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड



■ रिश्तों पर असर डाल सकता है बांग्लादेश का कदम

रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए। तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था। चीन लंबे समय से तीस्ता परियोजना में रुचि दिखाता रहा है। यह परियोजना भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के पास स्थित है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी, ताकि सीमा पार नदी प्रबंधन को लेकर ढाका के साथ सहयोग मजबूत किया जा सके।

# कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी।

आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में

■ मांग तेज हुई, अक्टूबर में वोटिंग संभव, अलगाववादियों ने तीन लाख हस्ताक्षर जुटाए

गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है। अल जजीरा के मुताबिक, अगर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो जाती हैं, तो प्रांत में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित बड़े जनमत संग्रह के साथ अलगाव पर भी वोटिंग कराई जा सकती है। उसी दिन संविधान और इमिग्रेशन जैसे दूसरे मुद्दों पर भी मतदान की योजना है। अगर यह प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचता है, तो लोगों से सीधा सवाल पूछा जाएगा कि क्या अल्बर्टा कनाडा से अलग होकर एक स्वतंत्र देश बनना चाहिए। लेकिन सर्वे बताते हैं कि अभी सिर्फ करीब 30 प्रतिशत लोग ही इसके समर्थन में हैं, यानी जनमत संग्रह पास होना भी आसान नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

# अमेरिकी अदालत से भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले को बड़ी राहत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ चल रहे जासूसी कानून से जुड़े मामले में अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्जीनिया की एक संघीय अदालत ने तकनीकी कानूनी आधार पर यह मामला खारिज कर दिया। अदालती आदेश में कहा गया कि याचिका स्वीकार की गई और मामला बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज किया गया।

अमेरिका के वर्जीनिया स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल एस. नाचमैनाफ ने 16 अप्रैल को टेलिस की याचिका स्वीकार करते हुए केस को खारिज करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी प्रावधान के तहत आरोप लगाए थे। टेलिस अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज

■ जे. टेलिस के खिलाफ चल रहा जासूसी कानून का मामला खारिज किया

अपने निजी घर में रखे थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक टेलिस ने अमेरिकी विदेश विभाग और रक्षा तंत्र से जुड़े वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए कई संवेदनशील दस्तावेज अपने पास रखे। सरकार की ओर से दायर आरोप पत्र में कहा गया था कि टेलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी 11 गोपनीय फाइलें अपने निजी निवास पर हार्ड कापी और डिजिटल फार्म में रखीं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी उच्चस्तरीय पहुंच का फायदा उठाकर सुरक्षित सरकारी कार्यस्थलों से राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी बाहर निकाली और उसे निजी तौर पर संग्रहीत किया। हालांकि टेलिस की कानूनी टीम ने अदालत में दलील दी कि सरकार ने जासूसी अधिनियम की गलत धारा के तहत मामला दर्ज किया।

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0) सीटें 100
मो. 9368119199, 7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ0प्र0)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुए (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)